* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

17 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 29

जी-20 मीटिंग में बजा भारत का डंका : समिट की मेजबानी मिली



SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST | BASIC | B.SC. BASIC | B.SC. | M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS | DMLT | ECG X-RAY | OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

## सियासत : झारखंड की सर्द हवाओं के बीच राजनीतिक तपिश बढ़ी, बैठकों का दौर जारी

# हेमंत सोरेन आज जायेंगे इडी कार्यालय

- सीएम ने कहा: अगर मैं टिका तो किसी बाहरी को राजनीति करने नहीं दूंगा
- यूपीए विधायक दल की हुई बैठक, आगे की रणनीति बनी
- मोरहाबादी मैदान में झामुमो के कार्यकर्ता जुटने लगे
- इडी कार्यालय समेत रांची के अन्य स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ायी गयी



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समर्थन में मोरहाबादी मैदान में जुटे जेएमएम समर्थक।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पिछले तीन दिनों से सर्द हवाओं के थपेड़े चल रहे हैं, लेकिन इसका असर सूबे के राजनीतिक तापमान पर नहीं दिख रहा है। राज्य का राजनीतिक तापमान बढ़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी ने गुरुवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। वह सुबह 11.30 बजे इडी कार्यालय जायेंगे। इससे पहले सत्ताधारी दलों की बैठकों का दौर जारी है। मंगलवार को झामुमो विधायक दल की बैठक हुई थी। इसके बाद बुधवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। बाद में मुख्यमंत्री आवास पर यीपीए (झामुमो, कांग्रेस और राजद) के विधायकों की बैठक हुई। इसमें आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। उधर, हमेंत सोरेन की इडी के सामने पेशी को लेकर झामुमो कार्यकर्ताओं का रांची में जुटान शुरू हो गया है। इस बीच पार्टी के एक मिलन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाजपा का बगैर नाम लिये एक बार फिर गरजे। उन्होंने कहा कि अगर मैं टिका तो किसी बाहरी को राजनीति करने नहीं दूंगा। विपक्ष का भी लगातार हमला जारी है। भाजपा विधाक दल नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कानून से बचने के लिए हेमंत सोरेन परिवार को सांसद-विधायक का पद चाहिए।

**किस मामले में इडी करेगी पूछताछ :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पहले इडी ने 3 नवंबर को बुलाया था। मुख्यमंत्री ने अपनी व्यस्तता बताते हुए तीन सप्ताह का समय मांगा था। इसके बाद इडी ने 17 नवंबर का समय पूछताछ के लिए दिया। हेमंत सोरेन को इडी ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के उल्लंघन और साहेबगंज जिले में एक अवैध खनन मामले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के लिए जांच के लिए बुलाया है।

**सीएम से पूछताछ की है विशेष तैयारी :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इडी की पूछताछ के दौरान दिल्ली मुख्यालय से एक जॉइंट डायरेक्टर स्तर के अधिकारी मौजूद रहेंगे। यह अधिकारी इस पूरी पूछताछ की देख रेख करेंगे। इडी ने झारखंड के पुलिस महानिदेशक को खत लिखकर इडी दफ्तर के बाहर उचित सुरक्षा व्यवस्था और कानून व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है।

**बैठकों का दौर जारी :** झारखंड स्थापना दिवस कार्यक्रम में मंगलवार को राज्यपाल रमेश बैस के शामिल नहीं होने के बाद से राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। शाम को झामुमो विधायक दल की बैठक हुई। इसके दूसरे दिन यानी बुधवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। इसके बाद मुख्यमंत्री आवास पर यूपीए विधायक दल की बैठक हुई। यूपीए के सभी विधायकों को रांची में ही रहने का निर्देश दिया गया है।

**झामुमो कार्यकर्ताओं का जुटान शुरू :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को इडी के बुलावे पर झामुमो शक्ति प्रदर्शन करना चाहती है। इसे लेकर रांची के मोरहाबादी मैदान में झामुमो कार्यकर्ताओं का जुटान शुरू हो गया है। हालांकि शहर में जो पोस्टर लगाये गये हैं, उसमें झामुमो कार्यकर्ताओं के रांची पहुंचने का कारण 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी वर्ग का आरक्षण बढ़ाये जाने पर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करने के लिए यह महाजुटान हो रहा है।

## कुछ षड्यंत्रकारी पनडुब्बी से बाहर निकलने का काम कर रहे, हम खत्म करने की कर रहे तैयारी: हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड में आज कई षड्यंत्रकारी लोग पनडुब्बी से बाहर निकलने वाले हैं। हम उन्हें खत्म करने की तैयारी कर रहे हैं। बस आप लोगों का साथ मिलता रहेगा, तो हम इन सभी को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। उन्हें पता है कि हेमंत सोरेन पांच साल का कार्यकाल पूरा कर लेते हैं, तो वह सभी को राज्य से बाहर धकेल देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि झारखंड के अनुसूचित जाति, जनजाति, दलित, अल्पसंख्यक सभी लोगों को एकजुट होना होगा। भाजपा का नाम लिये बिना हेमंत सोरेन ने कहा कि जिन लोगों ने 20 साल सत्ता का सुख भोगा, उन्होंने राज्य निर्माण के बाद झारखंड को और पीछे धकेल दिया। 20 साल का कार्यकाल काफी दर्दनाक रहा है। हमारी सरकार किसान, युवा, दलित के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री बुधवार को अपने आवास पर पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा के पार्टी में शामिल होने के मौके पर बोल रहे थे। गांडेय से भाजपा के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा सहित कई राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में झामुमो का दामन थाम लिया। सीएम आवास में उनको पार्टी की सदस्यता दिलायी गयी। झामुमो की सदस्यता लेने के बाद जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड की शान हैं। उन्होंने कहा कि आज हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड का विकास हो रहा है।

## घूस लेकर कानून से बचने के लिए सोरेन परिवार को चाहिए सांसद-विधायक का पद: बाबूलाल मरांडी



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर सोरेन परिवार पर हमला बोला है। बाबूलाल ने ट्विट कर कहा कि सोरेन परिवार के हर आदमी को सांसद-विधायक पद इसलिए चाहिए कि वे घूस लेकर लोकतंत्र के मंदिर (विधानसभा और संसद) में गलत काम करें और उन्हें कानून से सुरक्षा मिल जाये। नरसिंह राव सरकार में घूस लेकर वोट देनेवाले शिबू सोरेन ने कोर्ट में संसद का नाम लेकर अपना बचाव किया। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 25 साल बाद एक बार फिर अब उनकी पुत्रवधु (सीता सोरेन) यह कह कर सुप्रीम कोर्ट से राहत मांग रही हैं कि उन्होंने राज्यसभा चुनाव में वोट देने कि लिये जो रिश्वत ली, उसका भी बचाव वह संसद का नाम लेकर कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे 108 दौलत बनाने वाले इस सोरेन परिवार से झारखंड के गरीब-आदिवासियों, मूलवासियों की भलाई की उम्मीद कैसे की जा सकती है, जिसका एक मात्र काम लूट, बेईमानी और रिश्वत लेकर सिर्फ अपने परिवार के लिए बेशुमार जमीन-जायदाद, खान-खदान खरीदना है।

RAMCHANDRA CHANDRAVANSI UNIVERSITY
Nawadih Kala, Bishrampur, Palamu (Jharkhand)
Campus : Bishrampur, Palamu - 822114 (Jh.)
100% PLACEMENT ASSISTANCE
UGC Recognised
Call for Admission :
ADMISSION OPEN



7209822782, 6283423537, 8669988990
E-mail : admission@edu.in, info@rcu.edu.in, Website : www.rcu.edu.in
COURSES OFFERED
M.B.B.S. | B.TECH | DIPLOMA M.B.A. Ph.D
B. PHARM | D. PHARM | GNM | ANM | B. Sc. (Nursing)
M.Sc. (Nursing) | B.P.Ed. | B.Ed. | M.Ed. | D.EL.Ed. | PGDCA
MRD | BBA | BCA | YOGA | DIPLOMA CERTIFICATE

Placement at a Glance

| COMPANY NAME | Student's Placed |
|---|---|
| Caparo Engineering India Ltd. | 08 |
| UTL Power Ltd. Noida | 78 |
| Merelli Motherson A.L. Pvt. Ltd. | 31 |
| Byju's | 03 |
| Hero E-Cycles Ludhiyana | 08 |
| Wabco India Ltd. Jamshedpur | 07 |
| SNL Bearing Ltd. Ranchi | 18 |
| QH Talbros Ltd. Gurgaon | 20 |












आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 50,100 रु./10 ग्राम
चांदी 66,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 17 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



## दुनिया मंदी की चपेट में : फेसबुक-ट्विटर और अमेजॉन जैसी कंपनियों में छंटनी से मिल रहे संकेत

# भयानक आर्थिक मंदी की ओर तेजी से बढ़ रही दुनिया

**अमेरिका समेत दुनिया भर में मंदी को लेकर बहस छिड़ी हुई है। मंदी पर बहस से इतर ऐसे अर्थशास्त्रियों की सूची लंबी है, जो मान रहे हैं कि दुनिया मंदी की चपेट में आ चुकी है। कुछ लोग मानते हैं कि दुनिया बड़ी तेजी से भयानक मंदी की ओर बढ़ रही है। बीते कुछ समय भारत समेत वैश्विक स्तर पर टेक कंपनियों में छंटनी और नयी नियुक्तियों पर रोक की वजह से यह डर गहरा होता जा रहा है। मंदी की वजह से स्टार्टअप के सामने भी कई तरह की चुनौतियां आयी हैं। वैश्विक स्तर पर अमेजॉन, गूगल, फेसबुक, ट्विटर और एप्पल जैसी कंपनियों ने या तो छंटनी का एलान किया है या फिर नयी भर्तियों पर रोक लगा दी है। वहीं भारत में भी आइटी कंपनियां ना सिर्फ छंटनी पर जोर दे रही हैं, बल्कि नयी भर्तियों पर भी रोक लगा रखी है। इसके अलावा अनएकेडमी, बायजू जैसे स्टार्टअप भी कर्मचारियों की संख्या कम करने में जुटे हैं। मंदी के इस आसन्न माहौल में सबसे ज्यादा आइटी सेक्टर में छंटनी या नयी भर्तियों पर रोक देखी जा रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह टेक कंपनियों के निराशाजनक नतीजे हैं। इसके अलावा टेक कंपनियों की स्टॉक की गिरती कीमतों और विज्ञापन से होनेवाली आय ने संकट को और बढ़ा दिया है। वहीं अमेरिका और यूरोप में आइटी बजट गिरने की चिंता में कंपनियों के कर्मचारियों के बोनस को रोकने या काटने की भी खबरें आयी हैं। पिछले हफ्ते की ही बात है, जब बैंक ऑफ इंग्लैंड ने ब्रिटेन में सबसे खराब आर्थिक मंदी की आशंका जाहिर की है। अगर आशंका सच हो जाती है, तो यह भारतीय फर्मों और कर्मचारियों के लिए दोहरी परेशानी का कारण बनेगा, क्योंकि ब्रिटेन में भारतीय आइटी कंपनियों के कई बड़े ग्राहक हैं। दुनिया के सामने आसन्न इस भयानक संकट के कारणों का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह




**दुनिया की दिग्गज कंपनियां अभी से ही छटपटाने लगी हैं**

स्त्रदुनिया भर में आर्थिक अनिश्चितता और मंदी की आशंका के बीच दुनिया की दिग्गज टेक कंपनियों ने एक तरफ जहां नयी नियुक्तियों पर रोक लगा दी है, तो वहीं दूसरी तरफ वे बड़े पैमाने पर छंटनी भी कर रही हैं। जानकारों के अनुसार, अकेले अक्टूबर के अंत तक 2022 में अब तक अमेरिकी टेक सेक्टर में 45 हजार से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की गयी है। इसके अलावा भी नवंबर में माइक्रोब्लॉगिंग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ?ट्विटर ने अपने कर्मचारियों की संख्या आधी कर दी है, तो फेसबुक-इंस्टाग्राम की संचालक कंपनी मेटा? ने 13 फीसदी यानी 11 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। इन नामों में बड़ी और छोटी दोनों तरह की टेक कंपनियां शामिल हैं। सूची में कई ऐसे हैं, जिन्होंने ऑनलाइन खर्च में उछाल के कारण महामारी के दौरान अभूतपूर्व वृद्धि देखी। इन कंपनियों के सीइओ ने अगले कुछ महीनों में मंदी की आशंका जतायी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि उन्होंने आवश्यकता से अधिक नियुक्तियां कर ली थीं। मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने कर्मचारियों को लिखे पत्र में कहा कि कमाई में गिरावट और प्रौद्योगिकी उद्योग में जारी संकट के चलते छंटनी का फैसला करना पड़ा। उन्होंने कहा, ऑनलाइन कॉमर्स के पिछले रुझान वापस आ गये हैं, लेकिन इसके साथ ही व्यापक आर्थिक मंदी, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और विज्ञापन घटने के संकेत के चलते हमारी आय अपेक्षा से बहुत घट गयी है। छंटनी की घोषणा से पहले मेटा के कुल कर्मचारियों की संख्या 87 हजार थी। इसी तरह ट्विटर, सीगेट, माइक्रोसॉफ्ट, कॉइनबेस, नेटफ्लिक्स, स्ट्राइप, शॉपीफाइ, स्नैप इंक, टेस्ला, लिफ्ट, ओपेनडोर, इंटेल, चाइम और रॉबिनहुड जैसी दिग्गज बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने बड़े पैमाने पर छंटनी का अभियान चला रखा है। इन कंपनियों के बाद दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी अमेजॉन भी लगभग 10 हजार लोगों को नौकरी से निकालने जा रही है।

इस तरह देखा जा सकता है कि दुनिया भर में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र की नौकरियों पर लगातार संकट मंडरा रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक रिपोर्ट में दावा किया है कि इस हफ्ते अमेजॉन में कॉरपोरेट और टेक्नोलॉजी से जुड़ी करीब 10 हजार नौकरियां खत्म होनेवाली हैं। अ?गर यह संख्या 10 हजार तक रहती है, तो उनमें अमेजॉन के तीन फीसदी कॉरपोरेट कर्मचारी और एक फीसदी टेक कर्मचारी शामिल होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक अमेजॉन में होनेवाली इस छंटनी का सबसे ज्यादा असर एलेक्सा के साथ ही खुदरा प्रक्षेत्र और मानव संसाधन टीम पर भी होगा।

### नौकरियां जाने की वजह क्या है

अमेजॉन में नौकरियां जाने की रिपोर्ट कंपनी के संस्थापक जेफ बेजोस के उस इंटरव्यू के बाद आयी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह अपनी 124 अरब डॉलर की संपत्ति को जीते जी धीरे-धीरे दान करेंगे। अमेजॉन में नौकरियों पर संकट के बादल कई महीने पहले से मंडरा रहे हैं। अप्रैल से सितंबर के बीच इस दिग्गज टेक कंपनी में करीब 80 हजार लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं और कंपनी लगातार अपने यहां प्रति घंटा काम करनेवाले कर्मचारियों की संख्या में कटौती कर रही है। अमेजॉन ने सितंबर महीने में कई छोटी टीमों में लोगों को नौकरी देना बंद कर दिया था। अक्टूबर महीने में अमेजॉन ने अपने मुख्य रीटेल बिजनेस में करीब 10 हजार खाली पदों को भरने पर रोक लगा दी थी। दो हफ्ते पहले कंपनी ने अगले कुछ महीनों के लिए अपने क्लाउड कंप्यूटिंग डिवीजन में कॉरपोरेट भर्तियों पर रोक लगा दी। त्योहारों के मौसम में अमेजॉन की जॉब सिक्योरिटी को लेकर तारीफ होती रही है, लेकिन नौकरियों में कटौती के इस एलान ने कहीं न कहीं यह दर्शाया है कि मंद होती वैश्विक अर्थव्यवस्था ने कंपनी पर कारोबार छोटा करने का दबाव बनाया है।

### कोरोना महामारी का असर

कोरोना महामारी के दौरान अमेजॉन के मुनाफे के साथ-साथ ऑनलाइन ग्राहकों की संख्या में भी जबरदस्त उछाल देखा गया था, लेकिन कोरोना का असर कम होते ही कंपनी की वृद्धि दो दशक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गयी। कोरोना महामारी के दौरान काम अचानक बढ़ गया था, क्योंकि ग्राहक तेजी से ऑनलाइन शॉपिंग की ओर बढ़े और कंपनियों ने अमेजॉन की क्लाउड कंप्यूटिंग सर्विस को चुना। ऐसे में इस दिग्गज टेक कंपनी ने दो सालों में अपने यहां काम करनेवालों की संख्या लगभग दोगुनी कर ली और साथ ही इस कामयाबी को विस्तार देने और नये प्रयोग करने की दिशा में आगे बढ़ने लगी। हालांकि कोरोना का असर कम होने की वजह से लोगों ने बाजारों में जाकर शॉपिंग शुरू की। इससे अमेजॉन को भारी नुकसान हुआ, क्योंकि कंपनी ने काफी ज्यादा निवेश करने के साथ ही अपना आकार भी बड़ा कर लिया था। लोगों की खरीदारी की आदत बदली और साथ में बढ़ती हुई महंगाई से कंपनी को काफी नुकसान हुआ। अमेजॉन का कहना है कि उसने अपनी विस्तार योजनाओं को कुछ समय के लिए विराम दे दिया है और अपने निवेशकों को बताया है कि फिलहाल ग्राहकों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी के फाइनेंस चीफ ब्रायन ओल्सावस्की ने बीते महीने निवेशकों से कहा कि हम असलियत जानते हैं कि ग्राहकों की जेब पर कई तरह से असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कंपनी इस बात को लेकर अनिश्चित थी कि खर्च कहां जा रहा है, लेकिन हम इससे होनेवाले कई तरह के परिणामों के लिए तैयार हैं।

### भारतीयों पर कितना असर

जानकारों के अनुसार सिंगापुर और दुनिया के अलग-अलग कोनों पर स्थित टेक्नोलॉजी कंपनियों ने या तो अपने यहां खाली पदों को भरना बंद कर दिया है या फिर टीमों को छोटा कर रही हैं। सिंगापुर के मानव संसाधन मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार यहां 1.77 लाख रोजगार कार्ड धारकों में से 45 हजार भारतीय हैं। इनमें से अधिकतर की नौकरी पर न सिर्फ मेटा के फैसले का असर पड़ा है, बल्कि दूसरी कंपनियां भी नौकरियों में कटौती कर रही हैं। वाल्ट डिज्नी ने भी नयी नौकरियों पर रोक लगाने के साथ कुछ नौकरियों में कटौती की घोषणा कर दी है। इसके पीछे भी आर्थिक अनिश्चितता की संभावनाओं को वजह बताया जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कॉग्निजेंट इंडिया में जुलाई से सितंबर के बीच करीब छह फीसदी लोगों ने खुद ही नौकरी छोड़ दी। कंपनी के प्रमुख राजेश नांबियार के एक बयान के मुताबिक अधिकतर कर्मचारियों ने खुद ही नौकरी छोड़ दी, क्योंकि बहुत से लोगों ने फर्जी दस्तावेज लगा कर नौकरी ली थी। बीते कुछ महीनों में मूनलाइटिंग के मामले भी खूब सामने आये हैं। दूसरी ओर वर्क फ्रॉम होम मोड के बाद ऑफिस खुले और कंपनियों ने कर्मचारियों के बैकग्राउंड चेक शुरू किये, जिसमें बहुत से लोगों के दस्तावेज फर्जी पाये जा रहे हैं। एसेंचर इंडिया ने भी बड़े स्तर पर लोगों को नौकरी से निकाला है। कंपनी ने अपने एक बयान में कहा, हमने यह सुनिश्चित करते हुए एक्शन लिया है कि हमारे क्लाइंट को मिलनेवाली सेवाओं की हमारी क्षमता पर असर न पड़े। ग्लोबल मार्केट के हालात को देखते हुए कई महीने पहले ही भारतीय कंपनियों ने नयी नौकरियां देने पर रोक लगा दी थी। विशेषज्ञ मानते हैं कि आनेवाले समय में भारतीय टेक्नोलॉजी कंपनियों पर भी नौकरियां जाने का खतरा है।

---

# पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट के आग्रह पर सुनवाई 21 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मनरेगा घोटाले से अवैध कमाई कर मनी लांड्रिंग करने के मामले में निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की याचिका पर बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट में प्रार्थी अभिषेक झा की ओर से समय की मांग की गयी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 21 नवंबर निर्धारित की है। याचिका में अभिषेक झा ने इडी कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का आग्रह किया है। इडी कोर्ट ने मामले में अभिषेक झा को समन जारी कर अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का आदेश दिया था। इडी कोर्ट ने पूर्व में अभिषेक झा की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट के आग्रह को खारिज कर दिया था। इसके बाद अभिषेक झा की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है। साथ ही हाइकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका भी दाखिल की गयी है। पूर्व में 5 नवंबर को इडी की विशेष अदालत ने अभिषेक झा की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। उल्लेखनीय है कि मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में निलंबित आइएएस पूजा सिंघल, उनके पति अभिषेक झा और सीए सुमन कुमार सिंह समेत सात लोगों को आरोपी बनाया गया है। साथ ही इनके खिलाफ इडी ने चार्जशीट भी दाखिल कर दी है। अभिषेक झा पर मनरेगा घोटाले के पैसे की मनी लांड्रिंग करने का आरोप है। इस चार्जशीट पर इडी कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए अभिषेक झा समेत सभी आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया है।

---

सिपाही से एएसआइ में प्रोन्नति मामला

# 2086 पुलिसकर्मियों में 299 हुए फेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिपाही से एएसआइ प्रोन्नति मामला में 2086 में से 299 पुलिसकर्मियों फेल हो गये हैं। झारखंड पुलिस के तीन प्रशिक्षण संस्थान में कुल 2086 पुलिस कर्मियों का प्रशिक्षण हुआ था, जिनमें जेएपीटीसी पदमा में 1128, जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट में 796 और सीटीसी मुसाबनी में 162 पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण कराया गया था।

**प्रशिक्षण में 1787 हुए पास, 299 हुए फेल**

तीनों प्रशिक्षण संस्थान के 1787 पुलिसकर्मी पास हुए और 299 पुलिसकर्मी फेल हुए। जेएपीटीसी पदमा में 927 पास और 201 फेल, जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट में 703 पास और 93 फेल हुए और सीटीसी मुसाबनी में 157 पास हुए और 05 पुलिसकर्मी फेल हुए हैं।

एक मई 2006 और 14 फरवरी 2009 तक नियुक्त सभी श्रेणी के आरक्षी को एएसआइ में प्रोन्नति मिली। राज्य के अलग-अलग प्रशिक्षण केद्रों में 31 अगस्त से प्रशिक्षण शुरू हुआ था।

---

# अपने खिलाफ लगे आरोपों पर आरटीआइ के तहत विभाग से सरयू ने मांगी फाइलों की कॉपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के विधायक सरयू राय ने सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत झारखंड सरकार के खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव से कई सूचनाएं मांगी हैं। इनमें विभाग द्वारा प्रकाशित आहार पत्रिका के प्रकाशन के निर्णय और मुद्रक की नियुक्ति के निर्णय से संबंधित संचिका के टिप्पणी भाग एवं पत्राचार भाग के सभी पृष्ठों की छाया प्रति, विभाग द्वारा आउट बाउंडिंग डायलिंग के लिए एजेंसी चयन का निर्णय करने की संचिका के टिप्पणी पक्ष एवं पत्राचार पक्ष के सभी पृष्ठों की छाया प्रति एवं अवकाश प्राप्त मार्केटिंग अफसर सुनील शंकर की पुनर्नियुक्ति संबंधी संचिका के टिप्पणी भाग एवं पत्राचार भाग के सभी पृष्ठों की छाया प्रतियां उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने विभाग के निदेशक से भी आहार पत्रिका के मुद्रकों को किये गये कुल भुगतान, भुगतान के लिए जिलों से प्राप्त प्राप्ति स्वीकृत रसीदों की छाया प्रतियां तथा भुगतान की प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है।

राय ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के नजदीकी और टेल्को, जमशेदपुर निवासी ने इस बारे में जांच कराने के लिए एसीबी में परिवाद दर्ज कराया है। एसीबी ने निगरानी विभाग को लिखा है कि चूंकि परिवाद के साथ विभागीय संचिकाओं और पत्राचारों की छाया प्रतियां परिवादी ने संलग्न की है। इन छाया प्रतियों का मिलान विभाग की मूल संचिकाओं से कराने के लिये प्रारंभिक अनुसंधान (पीइ) दर्ज करना होगा।

अतः इस मामले में पीइ दर्ज करने की अनुमति दी जाये। राय ने कहा है कि वे चाहते हैं कि निगरानी विभाग से एसीबी को पीई दर्ज करने की अनुमति जल्द मिल जाये। यदि एसीबी परिवाद के साथ संलग्न छाया प्रतियों का मिलान मूल संचिका के साथ करना चाहता है, तो एसीबी की सहायता करने के लिए मैंने विभाग और निदेशालय से मूल संचिकाओं की अभिप्रमाणित प्रतियां मांगी हैं। मिलते ही वह इन्हें एसीबी को दे देंगे, ताकि एसीबी इनका मिलान कर ले और विधिसम्मत कारवाई करे।

---

# डीसी राहुल सिन्हा और पूर्व जिला आपूर्ति अधिकारी के खिलाफ गिरिडीह में कांग्रेसी उपेंद्र सिंह ने शुरू किया आमरण अनशन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची डीसी राहुल सिन्हा और पूर्व जिला आपूर्ति अधिकारी सह गिरिडीह के एनडीसी सुदेश कुमार के खिलाफ बुधवार से गिरिडीह में कांग्रेस नेता उपेंद्र सिंह ने अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू कर दिया है। झंडा मैदान में आमरण अनशन शुरू करने से पहले कांग्रेस नेता उपेंद्र सिंह ने अपने समर्थकों के साथ शहर में जुलूस भी निकाला। हेमंत सरकार से रांची डीसी राहुल सिन्हा के खिलाफ सीबीआइ जांच और गिरिडीह के एनडीसी सुदेश कुमार के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की। राहुल सिन्हा रांची से पूर्व गिरिडीह में डीसी थे। उपेंद्र सिंह का कहना है कि जब राहुल सिन्हा गिरिडीह में डीसी थे, तब यहां करोड़ों की जमीन की बंदरबांट हुई है। इस दौरान गिरिडीह जिला मुख्यालय में करोड़ों की जमीन को भूमाफियाओं के हवाले कर दिया गया। जमीन मामले में रांची जाने से पहले गिरिडीह में रहते हुए राहुल सिन्हा ने शहर की कई सरकारी जमीनों को भूमाफिया के हाथों लुटा दिया। यह भी कहा कि सीएम हेमंत सरकार से जांच की मांग भी कर चुके हैं, लेकिन अनसुना कर दिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि दोनों के खिलाफ जब तक कार्रवाई नहीं होती, तब तक अनशन जारी रहेगा।

---

# झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के सीएमडी को हाइकोर्ट ने तलब किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** दुमका के रानी सती राइस मिल के बकाया भुगतान से संबंधित मामले की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड( जेबीवीएनएल) के सीएमडी को 23 नवंबर को सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। यह मामला रानी सती राइस मिल के बकाया भुगतान से जुड़ा है। रानी सती राइस मिल पर बिजली चोरी का आरोप लगा कर 30 लाख की वसूली की गयी थी। इस मामले में सक्षम न्यायालय ने रानी सती मंदिर के पक्ष में फैसला सुनाया था। फैसले के बाद जेबीवीएनएल को वसूली के 30 लाख लौटाने थे। पैसा वापसी नहीं होने पर यह मामला हाइकोर्ट में पहुंचा है।

---

## हाइकोर्ट ने होम गार्ड जवानों की सेवा मुक्ति का आदेश किया रद्द

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने रवि मुखर्जी और अन्य होमगार्ड जवानों को वर्ष 2017 में होमगार्ड मुख्यालय के द्वारा सेवा मुक्त किये जाने के आदेश को रद्द कर दिया गया है। सेवामुक्ति के आदेश के खिलाफ रवि मुखर्जी, अखिलेश सिन्हा और अन्य होमगार्ड जवानों ने हाइकोर्ट में वाद दायर की थी। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने सेवामुक्ति संबंधित सभी आदेश को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने आठ सप्ताह के अंदर होमगार्ड मुख्यालय को कार्रवाई करने को कहा है। इस मामले की सुनवाई जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट में हुई।

---

# हाइकोर्ट के समक्ष हाजिर हुए देवघर डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** देवघर जिले के रामपुर इलाके में गोचर लैंड से जुड़े मामले में देवघर डीसी मंजू नाथ भजंत्री बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रविरंजन एवं जस्टिस एसएन प्रसाद की खंडपीठ के समक्ष उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान अदालत ने देवघर डीसी को नये सिरे से हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। यह मामला बिना वैकल्पिक व्यवस्था किये गोचर लैंड पर प्रधानमंत्री आवास बनाये जाने का है। इसको लेकर देवघर जिले में काफी हंगामा हुआ था। जिसके बाद देवघर जिले के बाड़ा इलाके में वैकल्पिक व्यवस्था की गयी है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता रत्नेश कुमार ने पक्ष रखा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.3 °c | 13.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.03 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.03 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 17 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



### जमीन रजिस्ट्री करने की इजाजत देनेवाले अधिकारी पर सवाल

# आदिवासियों की जमीन पर बना है ओरमांझी के मनातू का वाटर पार्क!

**क्या सीएनटी एक्ट का इसी तरह होता रहेगा उल्लंघन**

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में और खास कर रांची में अधिकारी अगर चाह लें, तो कोई भी नियम टूट सकता है और वे किसी भी नियम को तोड़ सकते हैं। इतना ही नहीं, नियम तोड़ने के बाद उसके पक्ष में दलील भी दे सकते हैं। रांची के बाहरी इलाके में हाल ही में खुला वाटर पार्क इसका ताजा उदाहरण है।



## क्या है मामला

ओरमांझी अंचल में मनातू गांव है। यहां हाल ही में एक वाटर पार्क खुला है। जानकारी के मुताबिक यह वाटर पार्क जिस जमीन पर बना है, उसमें से अधिकांश जमीन आदिवासियों की है। इसका हस्तांतरण गलत तरीके से किया गया है। एक बड़े अधिकारी ने जमीन की रजिस्ट्री की अनुमति (परमिशन) दी थी। इसके बाद जमीन की रजिस्ट्री कर दी गयी। जमीन का म्यूटेशन भी हो गया। वाटर पार्क में पैसा किसका लगा है, यह अलग जांच का विषय है। जमीन की रजिस्ट्री किन अधिकारियों की मिलीभगत से की गयी है, यह जांच का दूसरा विषय है। जानकारी के अनुसार 10 एकड़ से अधिक जमीन की खरीद-फरोख्त की गयी है। इन सभी पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

उपलब्ध दस्तावेज के अनुसार, वाटर पार्क के लिए मनातू गांव के खाता संख्या नौ की जमीन (कुल रकबा एक एकड़ 38 डिसमिल, जो झुकी मुंडा, सहदेव मुंडा और निर्मल मुंडा के नाम से है), खाता संख्या 18 की जमीन (कुल रकबा एक एकड़ 86 डिसमिल, जो मोनू लोहरा और गुड्डू लोहरा के नाम से है), खाता संख्या तीन की जमीन (कुल रकबा एक एकड़ 75 डिसमिल, जो गुड्डू लोहरा के नाम से है) और खाता संख्या 20 की जमीन (जो गूगल गंझू के नाम से है) की खरीद की गयी है।

## ग्रीन वैली सीज एंड रिसॉर्ट

जमीन की खरीद कंपनी बनाकर की गयी है। कंपनी का नाम ग्रीन वैली सीज एंड रिसॉर्ट है। कंपनी के चेयरमैन का नाम संजय कुमार चौधरी और नवीन कुमार दर्ज है। इनके पिता का नाम क्रमशः महेंद्र चौधरी और जगत किशोर है। जानकारी के मुताबिक जमीन से संबंधित फाइल अंचल कार्यालय से एलआरडीसी के यहां भेजी गयी थी। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की गयी है। अभी वह फाइल कहां है, इसकी जानकारी अधिकारियों को नहीं है।

## ओरमांझी सीओ ने कहा

इस पूरे मामले पर जब ओरमांझी के अंचालाधिकारी विजय केरकेट्टा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इस मामले में उनका कोई लेना-देना नहीं है। सब कुछ सीनियर अधिकारियों के यहां से हुआ है। सीएनटी की धारा 49 के तहत परमिशन कैसे मिला वही लोग बता सकते हैं।

---

### हेमंत सोरेन की रिट याचिका में क्या-क्या है

# इसीआइ के पत्र पर राज्यपाल की चुप्पी पर गंभीर सवाल उठाया गया है

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड हाइकोर्ट में जो रिट याचिका दाखिल की है, उसमें राज्यपाल रमेश बैस की चुप्पी को असंवैधानिक बताया गया है। मुख्यमंत्री ने उनकी सदस्यता के बारे में भारत नर्वाचन आयोग (इसीआइ) की कथित राय पर सत्तारूढ़ विधायकों के बड़े पैमाने पर खरीद-फरोख्त को समर्थन और प्रोत्साहित करने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी याचिका में अदालत से अनुरोध किया है कि राज्यपाल को इसीआइ के एक पत्र के आधार पर इस मामले में कोई कार्रवाई करने से रोका जाये, जिसे अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है।

142 पन्नों की रिट में उन्होंने कहा कि उनकी सदस्यता से संबंधित राय के बारे में जान-बूझकर खुलासा नहीं कर राज्यपाल और इसीआइ झारखंड में राजनीतिक अनिश्चितता और अस्थिरता पैदा कर रहे हैं। गौरतलब है कि बीजेपी ने हेमंत सोरेन के नाम पर स्टोन माइनिंग लीज लेने की शिकायत दर्ज करायी थी और उन्हें अयोग्य ठहराने की मांग की थी। इसीआइ ने सुनवाई पूरी की और राज्यपाल को अपनी राय भेजी है। लेकिन रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की गयी है।

याचिका में कहा गया है कि यह सर्वविदित है कि चुनाव आयोग की कथित सिफारिश के बाद राज्यपाल के कार्यालय की चुप्पी झारखंड मुक्ति मोर्चा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सत्तारूढ़ गठबंधन को अस्थिर करने के लिए प्रोत्साहन दे रही है। उन्होंने राज्यपाल पर सरकारिया आयोग और न्यायमूर्ति एमएम पुंछी आयोग की रिपोर्ट की टिप्पणियों और सिफारिशों के खिलाफ कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या राज्यपाल ने अपने कृत्यों और चूक से भारत के संविधान में राज्यपाल के संवैधानिक महत्व और स्थिति को कम करके आंका है? उन्होंने अदालत से यह भी अनुरोध किया कि वह भारत निर्वाचन आयोग को निर्देश जारी करें कि राज्यपाल के अनुरोध पर दूसरी राय के लिए कार्रवाई करते हुए उन्हें सुनवाई का अवसर दिया जाये और राज्यपाल द्वारा इसीआइ के मंतव्य का खुलासा किया जाये।

हेमंत सोरेन ने अपनी निजी हैसियत से याचिका दायर की है और अपने खिलाफ कार्यवाही को दुर्भावना और राजनीतिक विचारों से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ इसीआइ की पूरी कार्रवाई प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ थी, क्योंकि इसीआइ ने भारतीय जनता पार्टी बनाम हेमंत शीर्षक 2022 के संदर्भ केस नंबर 3 (जी) में दी गयी राय की प्रति का खुलासा नहीं किया।

---

# पिछड़ों की हकमारी के खिलाफ आज आजसू का राज्यव्यापी आंदोलन, राज्यपाल को सौंपेंगे ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिछड़ों की हकमारी के खिलाफ आजसू पार्टी गुरुवार को राज्यव्यापी आंदोलन करेगी। निकाय चुनावों में ओबीसी के हितों को लेकर सरकार से अविलंब हक और अधिकार सुनिश्चित कराने की मांग के साथ आज सभी जिला मुख्यालयों में पार्टी के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक आंदोलन करेंगे तथा राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे।



### ओबीसी के हक और अधिकार की आवाज उठायेगी आजसू

आजसू के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि इसी वर्ष मई महीने में बिना ओबीसी आरक्षण के झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुआ। ऐसा झारखंड के इतिहास में पहली बार हुआ। आजसू पार्टी का मानना है कि यह स्थिति पैदा करने के लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार जिम्मेदार है। इन चुनावों में ओबीसी को उनका हक और अधिकार मिले। इसके लिए सरकार कभी गंभीर और संवेदनशील नहीं रही। लगातार आवाज उठाये जाने के बावजूद ओबीसी के साथ भेदभाव करते हुए जिलों में निकाय चुनाव को लेकर सभी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

### सभी जिला मुख्यालयों पर होगा विरोध प्रदर्शन

डॉ देवशरण भगत ने कहा कि पंचायत और नगर निकाय में प्रतिनिधित्व करने का जो भी मौका था, उसे छीना जा रहा है। इस हकमारी के खिलाफ पिछड़ों में सरकार के खिलाफ रोष है। पिछड़े वर्ग के इस रोष से और प्रतिनिधित्व तथा भागीदारी के सवाल पर आजसू पार्टी लगातार आवाज उठाती रही है। इसी अभियान के तहत आज सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा, जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे। इसी क्रम में कल आजसू पार्टी की रांची जिला इकाई के सभी नेता, केंद्रीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता मांग पत्र लेकर मोराबादी स्थित बापू वाटिका से राजभवन कूच करेंगे।

---

## ढुल्लू महतो के खिलाफ रेप का प्रयास का आरोप लगाने वाली महिला के पति को हाइकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

**रांची** ब्लैकमेल करके अदालत में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ गवाही देने को मजबूर करने से संबंधित मामले में आरोपी कमला कुमारी के पति राजीव कुमार की अग्रिम जमानत झारखंड हाइकोर्ट ने मंजूर कर ली है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने राजीव कुमार की अग्रिम जमानत पर सुनवाई की। यासमीन ने कमला और उसके पति राजीव कुमार पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। यासमीन ने कहा था कि कमला और उसके पति ने उसका नहाते हुए वीडियो बना लिया था और राजीव कुमार ने उसके साथ दुष्कर्म भी किया था। यासमीन ने कतरास थाने में इसे लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। कमला वही महिला है, जिसने बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। कमला कुमारी ने इस केस में यासमीन खातून को गवाह के तौर पर पेश किया था, लेकिन बाद में यासमीन ने कमला और उसके पति पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था।

---

### अडाणी पावर से गोड्डा को मिले 10 फीसदी बिजली

# महगामा विधायक ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**अडाणी पावर प्लांट में 75 प्रतिशत रोजगार स्थानीय युवाओं को देने की मांग की**

**रांची।** महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपा है। इसमें उन्होंने अडाणी पावर के नये प्लांट से उत्पादित बिजली से 10 प्रतिशत गोड्डा को देने और प्लांट में 75 प्रतिशत रोजगार स्थानीय युवाओं को देने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने ईस्टर्न कोल फील्ड (ईसीएल) में होनेवाली नियुक्तियों में स्थानीय युवाओं को 75 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग है।

---

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | नौकरी-व्यापार की स्थिति में कुछ उलझनों का सामना होगा, आवश्यक कार्य में सफलता। |
| वृष | प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा। |
| मिथुन | कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी |
| कर्क | नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने का संयोग बन सकता है, गृह-भूमि का सुख मिलेगा। |
| सिंह | रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। |
| कन्या | महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। |
| तुला | परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा. स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| वृश्चिक | जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। |
| धनु | शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय। |
| मकर | आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा। |
| कुंभ | इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा। |
| मीन | सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी। |

---



# गौ सेवा में लगे विधायक इरफान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में सियासी तूफान के बीच जामताड़ा के निलंबित कांग्रेसी विधायक डॉ. इरफान अंसारी अपने जामताड़ा आवास में गौ सेवा करते नजर आये। इस तस्वीर के साथ विधायक ने कमेंट किया है कि लंबे समय से गौसेवा छूट गयी थी। ज्ञात हो कि कैश कांड में फंसने के बाद तीन महीने तक उनको कोलकाता नहीं छोड़ने का कानूनी आदेश था।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

---

# पंकज मिश्रा जमानत याचिका बेल पर 22 को होगी सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**अवैध खनन और टेंडर मैनेज करने के आरोप में जेल में हैं बंद**



**रांची।** साहिबगंज में अवैध खनन और टेंडर मैनेज करने के आरोप में जेल में बंद सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इडी की विशेष कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान पंकज मिश्रा के वकील ने अदालत के समक्ष कुछ दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए समय देने का आग्रह किया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 22 नवंबर की तिथि निर्धारित की है। इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार और पंकज मिश्रा की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने पक्ष रखा। पंकज मिश्रा के अधिवक्ता ने उनके स्वास्थ्य का हवाला देते हुए जमानत दिये जाने की गुहार लगायी है।

### इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 4 जून को केस दर्ज किया था

उल्लेखनीय है कि इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा पर 4 जून को केस दर्ज किया था। उनके खिलाफ साहिबगंज जिला के बरहरवा थाना में वर्ष 2020 में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इसके तहत उन्हें अभियुक्त बनाया गया है। इस मामले में इडी ने शंभु नंद कुमार का बयान भी दर्ज किया था। शंभु ने इडी को दिये अपने बयान में राज्य के कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम का नाम लिया था। साहिबगंज के बरहरवा में जून 2020 के टेंडर विवाद में एक केस दर्ज किया गया था, जिसे इडी ने टेकओवर किया है।

---

### कार्यक्रम : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का उद्घाटन

# किसी भी व्यक्ति की सफलता में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान: राज्यपाल

**कहा-शिक्षकों के बिना सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती**

आजाद सिपाही संवाददाता






**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की सफलता में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षा ही तरक्की का द्वार है।

शिक्षा वह नहीं है, जो सिर्फ आपके सिलेबस को पूरा करे, नोट्स उपलब्ध करा दें, सूचनाएं प्रदान करे और अच्छे अंक से डिग्री हासिल करा दे। उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी इस विश्वविद्यालय को शिक्षा का एक प्रतिष्ठित संस्थान बनाने के लिए अथक प्रयास करेंगे। बैस बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन, शैक्षिक भवन एवं परीक्षा भवन के उद्घाटन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का युग ज्ञान आधारित युग है और शिक्षण संस्थान हमारे ज्ञान के केंद्र हैं। हमें राज्य में शिक्षा का ऐसा उच्च कोटि का वातावरण तैयार करना होगा कि यहां से सिर्फ विद्यार्थियों का पलायन ही न बंद हो बल्कि अन्य राज्यों से भी विद्यार्थी यहां शिक्षा ग्रहण करने के लिए उत्सुक हों। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में मानव संसाधन का शिक्षित एवं ज्ञानवान होना बहुत जरूरी है। मानव संसाधन को शिक्षित एवं ज्ञानवान बनाने की अहम जिम्मेदारी हमारे शिक्षकों पर ही है। शिक्षकों के बिना किसी भी सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। समाज में सदा उनका उच्च स्थान रहा है और उन्हें बहुत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। समाज को सही दिशा प्रदान करने की एक बड़ी जिम्मेदारी उन पर ही है। सही मायने में, शिक्षक समाज के पथ-प्रदर्शक हैं। हमें गर्व है कि हम जिस माटी से आते हैं, वह बुद्धि व ज्ञान की भूमि रही है। कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के तीन नवनिर्मित भवन प्रशासनिक भवन, शैक्षिक भवन तथा परीक्षा भवन का लोकार्पण करते हुए मुझे असीम आनंद और खुशी हो रही है। मेरा हमेशा यह मानना है कि विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा सुलभ कराने की दिशा में शिक्षण संस्थानों में बेहतर वातावरण के साथ-साथ आधारभूत संरचनाओं का होना बहुत जरूरी है।

किसी भी संस्थान की मौलिक संरचना का विकास एक उल्लेखनीय घटना होती है, क्योंकि यह साध्य की प्राप्ति का महत्वपूर्ण साधन होता है। इसके लिये मैं संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देता हू। ज्ञान का यह मंदिर नित-नयी ऊंचाइयों को प्राप्त करे, यही मेरी कामना है। किसी भी व्यक्ति की सफलता में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षा ही तरक्की का द्वार है। शिक्षा वह नहीं है, जो सिर्फ आपके सिलेबस को पूरा करे, नोट्स उपलब्ध करा दें, सूचनाएं प्रदान करें और अच्छे अंक से डिग्री हासिल करा दे।

कार्यक्रम में जनजातीय नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने उपस्थित अतिथियों, रांची विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ टीएन साहू, पूर्व कुलपति डॉ सत्यनारायण मुंडा, डॉ यूसी मेहता और सभी शिक्षकों , कर्मियों और विद्यार्थियों के प्रति आभार प्रकट किया जिन्होंने इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्शायी। मंच संचालन डॉ शुचि संतोष बरवार ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 17 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## महामंडलेश्वर सुखदेव दास महाराज बने विश्व हिंदू परिषद के हितचिंतक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** विश्व हिन्दू परिषद के तहत चल रहे देशव्यापी हितचिंतक अभियान के दौरान मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद जी, क्षेत्र बजरंग दल संयोजक जन्मेजय जी, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार और प्रांत विशेष सम्पर्क प्रमुख अरविंद सिंह अपने प्रवास के दौरान धवाजाधारी आश्रम पहुंचे और महामंडलेश्वर सुखदेव दास महाराज के साथ साथ कोडरमा बाजार और झुमरी तिलैया में सैकड़ों हितचिंतक बनाए। अभियान के दौरान क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद जी ने कहा कि इस अभियान में झारखंड में 5 लाख हितचिंतक बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जो लगभग 2 लाख के आसपास पहुंच गया है, अतः हम सभी हिन्दू परिवार से आग्रह करते हैं कि इस अभियान में बढ़चढ़ कर सहयोग करें। इस अभियान में विभाग मंत्री मनोज चंद्रवंशी, विभाग गौ रक्षा प्रमुख अजय कुमार वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख अभिनव पाठक, प्रांत मातृ शक्ति सह संयोजिका सुषमा सुमन, जिला मंत्री पंकज दुबे, जिला संयोजक सह जिला अभियान प्रमुख राजू यादव, सह मंत्री संजय तरवे आदि उपस्थित थे।

## दुष्कर्म और हत्या के आरोपियों को पकड़ने की मांग, एसपी को ज्ञापन सौंपा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डोमचांच कांड संख्या 137/2022 में नाबालिग के साथ दुष्कर्म एवं हत्या के मामले में आरोपियों की अविलंब गिरफ्तार करने को लेकर भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने अपने समर्थकों के साथ मंगलवार को कोडरमा पुलिस अधीक्षक गौरव कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने मांग किया है कि इस कांड में एसआईटी टीम गठित कर जांच कर दोषी व्यक्तियों की तत्काल गिरफ्तार किया जाए एवं चार्जशीट 15 दिनों के अंदर न्यायालय में जमा किया जाय। ताकि फास्ट ट्रेक कोर्ट में यह केस चल चले और पीड़ित परिवार को जल्द न्याय मिल सके। नाबालिग बच्ची के साथ इस तरह की घटना को अंजाम देना कोडरमा जिला के लिए शर्मनाक है। असामाजिक व्यक्तियों ने विधवा महिला की बच्ची होने का फायदा उठाया है। श्री रजक ने आरोप लगाया कि सूत्रों से पता चल रहा है कि मामला को रफा-दफा करने के लिए पैसा का बोली लगाया जा रहा है। पीड़िता की मां सौदा करने से इंकार कर रही है, जिसके कारण पीड़िता की मां को कुछ असामाजिक व्यक्तियों के द्वारा बराबर धमकियां मिल रही है। इसलिए कोडरमा पुलिस गौरव कुमार से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मांग की है कि इस कांड में संलिप्त व्यक्तियों को अविलंब गिरफ्तार करें। यदि 15 दिनों के अंदर गिरफ्तार नहीं होती है तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोडरमा के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन करने का फैसला लेगी। ज्ञापन सौंपने में कोडरमा अंचल मंत्री रामेश्वर यादव उर्फ भीखन यादव, मोहम्मद मेराज, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद असलम, मोहम्मद रोशन अली, नूरैसा खातून शामिल थे।

## कनीय अभियंता ने गर्री उच्च विद्यालय में बने जर्जर छात्रावास का जायजा लिया




**केरेडारी(आजाद सिपाही) ।** प्रखंड के गर्री कला पंचायत के गर्री स्थित हाई स्कूल के प्रांगण में बना हुआ पिछड़ी जाति का छात्रावास जो जर्जर स्थिति में है इसे लेकर बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद जी के पहल पर कल्याण विभाग के द्वारा छात्रावास का जीर्णोद्धार हेतु भवन प्रमंडल को डीपीआर तैयार कर निविदा निकालने का आदेश दिया गया है हजारीबाग उपायुक्त के द्वारा इसी आलोक में केरेडारी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह बिस सूत्री उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार गुप्ता के नेतृत्व में भवन निर्माण के कनीय अभियंता जवाहर सिंह एवं प्रकाश सिंह ने उक्त छात्रावास का निरीक्षण कर पुरा नापी लिया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव एवं स्थानीय पंचायत के मुखिया हित नारायण साहू व विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षक गण एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे ।

## बड़कागांव में विकास सेवा समिति का मनाया गया स्थापना दिवस



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव- टंडवा रोड स्थित कृषक चौक के पास विकास सेवा बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का 16 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर समिति के अध्यक्ष दशरथ कुमार, सचिव बुद्धिनाथ महतो, पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार, पूर्व सचिव धनुषधारी महतो एवं ज्ञानोदय विकास विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार एवं सिकंदर कुमार सोनी, निर्देशक बोर्ड के ज्ञानी कुमार, राजू कुमार ,विशुन रजक ,सब्या भवानी ,राधा देवी ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दशरथ कुमार संचालन संयुक्त रूप से सचिव बुद्धि नाथ महतो, सीकेन्द्र सोनी, ने किया। मौके पर अध्यक्ष के भाषण में दशरथ कुमार ने कहा कि विकास सेवा समिति के सदस्यों के उत्कृष्ट सेवा एवं कार्य के बलबूते आज सफलता की ओर है।हमें उम्मीद है कि आप और मेहनत करेंगे तो आसमान को छू लेंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाले को पुरस्कृत किया गया।जिनमें से प्रथम पुरस्कार उमेश प्रसाद , द्वितीय पुरस्कार सिकंदर कुमार, तृतीय पुरस्कार, लखन महतो, चतुर्थ सुरेंद्र कुमार, शंभू ठाकुर, दशरथ कुमार, शशि कुमार मेहता, विदेशी कुमार दांगी, जय हिंद महतो, विष्णु दयाल, ज्ञानी कुमार, कालेश्वर कुमार, योगेंद्र कुमार, बालमुकुंद प्रसाद , अरविंद कुमार, अभिनव कुमार, रंजीत कुमार, अमलेश कुमार, परमेश्वर कुमार, जितेंद्र कुमार , अभिनव कुमार को किया गया. मौके पर लालमणि महतो, गणेश प्रसाद, प्रवीण कुमार, अशोक कुमार ,धनुधार्री महतो, किशोरी महतो, विनोद प्रसाद, जागेश्वर महतो, संतोष कुमार, आनंद प्रसाद कुशवाहा, बिंदेश्वर महतो, रोहित महतो , महिला सदस्यों में पुष्पा कुमारी, राधा देवी, सपना कुमारी, मौजूद थे।

## आर्यकर्ण फाउंडेशन फुटबॉल कप पर उरेज टीम ने जमाया कब्जा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** गोंदलपुरा पंचायत के गाली गांव में आर्यकर्ण फाउंडेशन फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच उरेज एवं गाली फुटबॉल टीम के बीच खेली गई। फाइनल मैच का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में उरेज की टीम ने गाली फुटबॉल टीम एक गोल से हराकर जीत लिया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय भोक्ता समाज के पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कोलेश्वर गंझू, अरे कर्ण निधि लिमिटेड के सीएमडी रंजीत कुमार,विशिष्ट अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइया, आर्यकर्ण फाउंडेशन के अध्यक्ष सरोज सोनी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा विजेता टीम को 10,000 एवं उपविजेता टीम को 5,000 तथा शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। वही बालिका टीम में गाली की टीम ने 1- 0 से जमुवारी फुटबॉल टीम को हराकर प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया। मौके पर सचिव विनोद सिन्हा, पवन कुमार, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, सिकंदर कुमार, बालकृष्ण कुमार, प्रताप कुमार, मुखिया बासदेव यादव, प्रभु राम, विकास महतो, बलदेव गंझू, गिरजा भुइंया, फालेंद्र गंझू, अनूप गंझू, नवीन गंझू, प्रमोद गंझू, सनोज कुमार, इंद्रदेव राम ,बादल गंझू, सुनील भोक्ता, कपिल गंझू, बबलू कुमार, के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## सीएसी का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को कोडरमा जिला में सीएसी का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बिरसा सांस्कृतिक भवन में संपन्न हुआ। इसमे लगभग कोडरमा जिला के 200 सीएससी संचालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सीएससी संचालकों को सीएससी स्टेट टीम से सीएससी डीजीएम एस.एम आलम, सीएससी यूआईडीएआई स्टेट मैनेजर अजीत, सीएससी स्टेट मैनेजर वसीम, सीएससी स्टेट एजुकेशन टीम विक्रम, सीएससी मैनेजर मो. महबूब आलम और प्रफुल्ल कुमार चौधरी एवं टाटा मोटर, एसडीएफसी की टीम उपस्थित होकर विभिन्न सर्विस की प्रशिक्षण दिया गया।

# इचाक में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आगाज

**सदर विधायक, जिप अध्यक्ष और समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया उद्घाटन**



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज बुधवार के इचाक प्रखंड के छावनी अखाड़ा स्टेडियम में तिरंगा क्लब छावनी बनाम नेशनल स्पोर्टिंग क्लब तिलरा के बीच शानदार प्रदर्शन मैच से हुआ। टूनार्मेंट का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि हजारीबाग के जिप अध्यक्ष उमेश मेहता, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, भाजपा के वरिष्ठ नेता आरके मेहता, डीआरडीएस के सचिव सुनिल कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल में किक मारकर किया। उद्घाटन से पूर्व क्षेत्र की दर्जनों टीमों के हजारों खिलाड़ियों के मार्च पास्ट से गुलजार हुआ। सभी खिलाड़ी विधायक मनीष जायसवाल द्वारा भेंट दिए गए आकर्षक नमो जर्सी से लैस थे। इस टूनार्मेंट में अबतक इचाक क्षेत्र की कुल 28 टीमों ने अबतक पंजीकरण कराया और पंजीकरण का शिलशिला फिलहाल जारी है। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की क्षेत्र में खेल खिलाड़ियों के उत्थान और विकास के लिए नमो फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरूआत हुई। इचाक में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन स्थानीय भाजपा मंडलों से जुड़े कार्यकर्ताओं के सहयोग से हुआ। नमो का उद्देश्य है क्षेत्र के युवाओं को खेल से जोड़ना ताकि उनके अंदर संकल्प की दृढ़ता, अनुशासनप्रियता, सजगता, सहनशीलता, सहयोग, साहस आदि गुणों का संचार हो और युवा एक बेहतर नागरिक के साथ राष्ट्रभक्ति की ओर अग्रसर हो। खेल बढ़ेगा तभी खिलाड़ी और युवा बढ़ेंगे। हजारीबाग जिप अध्यक्ष उमेश मेहता ने विधायक मनीष जायसवाल के प्रयास की सराहना की। इचाक की धरती पर नमो फुटबॉल टूनार्मेंट के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के इतिहास की बारीकी से लोगों को जानकारी दी और कहा कि इचाक क्षेत्र पुराने जमाने से फुटबॉल के प्रति जागरूक रहा है। भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने विधायक मनीष जयसवाल के सोच को सलाम किया और युवाओं के लिए इस टूनार्मेंट को आने वाले वक्त का संजीवनी बताया। मौके पर पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, सांसद प्रतिनिधि भागवत मेहता, भाजपा इचाक पश्चिमी मंडल अध्यक्ष सुभाष सोनी, पुर्वी मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, सांसद प्रतिनिधि हरिहर मेहता, रजनी शर्मा, मुखिया किरण देवी, संगीता मेहता, नंदकिशोर मेहता, मुखलाल मेहता, ओमप्रकाश मेहता, शंकर सिंह, रमेश हेंब्रम, सुनील तलवार, पूर्व मुखिया सुनील मेहता, मुनेंद्र मेहता, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

## कैफेटेरिया का जिसे मिला है ठेका उसने नहीं किया अबतक कोई भुगतान

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबग के कैफेटेरिया के संचालान का ठेका जिस कंपनी को मिला है उसने आतक कोई पैसे का भुगतान नगर निगम को नहीं किया हैं । हजारीाग नगर निगम ने विवेका इंटरपराइजेज को शहर स्थित कैफेटेरिया शालाना लीज पर दिया है। जिसमे उक्त एजेंसी को वार्षिक किराया निगम को देना है परन्तु एजेंसी द्वारा निगम को किराया नहीं दिया जाता है। बाकी सारी एजेंसी को दरकिनार करते हुए निगम ने विवेका इंटरपराइजेज को शहर में यूनिपोल एवं प्रचार प्रसार लगाने के लिए भी आदेश दिया है, जिसमे एजेंसी को होर्डिंग टैक्स देना था। एजेंसी का आ कार्य अवधि समाप्त होने जा रहा है और अभी तक किराया एवं टैक्स निगम को अप्राप्त है। यह की आवंटित की गयी कैफेटेरिया का वार्षिक किराया 8700000/- रु० एवं होर्डिंग टैक्स 5500000/- रु० कुल 14200000/- रु० एजेंसी को निगम को भुगतान करना है, एजेंसी ने तय समय सिमा के अंदर राशि का भुगतान नहीं किया है और निगम ने अभी तक किसी भी प्रकार का उचित कार्रवाई नहीं की गयी है। निगम कार्रवाई करने की जगह एजेंसी को मदद पहुचाने की कोशिश में हैं । जो बकाया है उसे माफ करने की जुगत भीड़ाई जा रही हैं ।

## अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डोमचांच थाना में दर्ज एक मामले के प्राथमिकी अभियुक्त आंनद मेहता, पिता विजय मेहता, कालीमंडा, डोमचांच निवासी को डोमचांच पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि पिछले 9 नवंबर को पुलिस ने बेहराडीह स्थित गोरिया आहार के समीप से अवैध ढिबरा लोड शक्तिमान वाहन को जब्त किया था। इसे लेकर डोमचांच थाना में ड्राइवर, मालिक समेत अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इसी मामले में उक्त गिरफ्तारी की गयी है।

## विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू का किया गया जोरदार स्वागत



**बरही (आजाद सिपाही)।** रसोइया धमना पंचायत अंतर्गत छोटकी बरही महावीर स्थान में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया गोविंद प्रसाद साहू व संचालन समाजसेवी राजदेव साहू ने किया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरही प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू उपस्थित हुए, जिनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने बुके व माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान पंचायत के उप मुखिया वीरेंद्र साहू ने कहा कि पहली बार साहू समाज से बरही प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है, जो काफी गर्व की बात है। वहीं चौपारण के बीरबल साहू ने कहा कि बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव को मैं धन्यवाद दिया। जिन्होंने साहू समाज को ध्यान में रखते हुए अपना प्रतिनिधि बनाया इसके लिए पूरे साहू समाज उनके ऋणी रहेंगे। वही पंचायत के मुखिया गोविंद साहू ने कहा कि काफी गर्व की बात है कि हमारे समाज का बेटा विधायक प्रतिनिधि बना है, समाज का विकास और तीव्र गति से होगा। वही सुनील साहू ने बरही विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वाहन करूंगा। समाज के लोगों को इस सम्मान समारोह के लिए साधुवाद दिया। मौके पर मुखिया गोविंद प्रसाद, उप मुखिया वीरेंद्र साहू, अनुमंडलीय साहू समाज के पूर्व युवा अध्यक्ष बीरबल साहू, युवा अनुमंडलीय अध्यक्ष राजेश साहू, सचिव विकास गुप्ता, सिकंदर साहू, इंद्रदेव प्रसाद गुप्ता, शिक्षक वीरेंद्र साहू, नितेश कुमार, पूरनदेव साव,युवा नेता मनोज साहू, बीरबल उर्फ सोनू कुमार, सिकंदर कुमार, रोहित साहू, देवराज कुमार, कृष्णा कुमार, चौरंगी कुमार, नौरंगी कुमार, दीपक कुमार, सत्येंद्र कुमार, रामानंद कुमार, मंटू कुमार, राजकुमार, सूरज कुमार आदि भारी संख्या में युवा साथी मौजूद थे।

## पायोनियर कंपनी ने फसल प्रदर्शनी आयोजित किया



**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बेलतू गांव में पायोनियर बीज कंपनी के द्वारा फसल प्रदर्शनी का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें पायोनियर हाइब्रिड धान 27पी37 के विशेषता के बारे में किसानों को बताया गया। मौके पर मौजूद हजारीबाग के मैनेजर समित कुमार एवं एमडीआर सुनील कुमार एवम शंकर कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पायोनियर 27पी37 अत्यधिक पैदावार देने वाला हाइब्रिड धान है जिसकी बाली अन्य धान के मुकाबले लंबी और गुच्छेदार एवं वजनदार होती है तथा ये हर मौसम में किसी दूसरे धान से जायदा उपज देती है। जिससे किसानों को अत्यधिक पैदावार मिलता है और किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त होता है। इसका चावल खाने में काफी अच्छा होता है। साथ ही किसानों को धान एवं सब्जी के फसल में लगने वाले बीमारियों और किट संबंधित जानकारी भी दिया गयोअच्छी उपज लेने वाले किसानों को शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर समानित किया गया।

## विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल को सेंटर बनाया गया

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड टेक्निकल विश्वविद्यालय द्वारा 16 नवंबर से राज्य भर में परीक्षाएं आयोजित की जायेगी। आयोजित होने वाली द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा के लिए कोडरमा में विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल को सेंटर बनाया गया है। विद्यालय के निदेशक व सेंटर सुप्रिटेंडेंट अनिल कुमार ने बताया कि यह परीक्षा 16 नवंबर से शुरू हुई जो 28 नवंबर तक चलेगी। परीक्षा दोपहर एक बजे से शाम 4 बजे तक एक पाली में संपन्न होगी। परीक्षा में माइनिंग कॉलेज कोडरमा, रामगोविंद पोलिटेक्निक कॉलेज एवम रामगोविंद इंजीनीरिंग कॉलेज के लगभग 500 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

# नगर निकाय चुनाव में ओबीसी की हकमारी बर्दाश्त नहीं, राज्यव्यापी आंदोलन आज



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी की जिला समिति, हजारीबाग के द्वारा उपायुक्त कार्यालय के समक्ष (पुराना समाहरणालय के समक्ष) नगर निकाय चुनाव में ओबीसी के आरक्षण को खत्म कर चुनाव कराने के विरोध में आजसू पार्टी के राज्यव्यापी आन्दोलन के तहत कल दिनाँक 17 नवम्बर 2022 को पुराना जिला समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। धरना के कार्यक्रम में हजारीबाग जिला के सभी केन्द्रीय समिति के पदाधिकारी एवं केन्द्रीय समिति सदस्य, सभी विधानसभा प्रभारी, जिला समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य, सभी प्रखण्ड अध्यक्ष एवं प्रखण्ड सचिव तथा पार्टी के सभी अनुसंगी इकाई के पदाधिकारी एवं सदस्. उपस्थित होंगे। केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो जी के निदेर्शानुसार दिनाँक 17 नवम्बर 2022 को प्रातः 11:00 बजे से आजसू पार्टी के राज्यव्यापी आंदोलन के तहत हजारीबाग जिला मुख्यालय उपायुक्त कार्यालय के समक्ष झारखण्ड में होने वाले नगर निकाय चुनाव में ओबीसी के आरक्षण खत्म कर नगर निकाय चुनाव कराये जाने के विरोध में एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया है । इस धरना में बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय महासचिव सह बड़कागॉव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि माण्डू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो शामिल होंगे। उनके साथ-साथ बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी प्रदीप कुमार मेहता, बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान, केन्द्रीय सचिव परमेश्वर महतो, केन्द्रीय सचिव गुड्डू यादव, केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा, केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह, जिला प्रधान सचिव कपिलदेव महतो, महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव संगीता बरला, केन्द्रीय सदस्य लालचन्द महतो, केन्द्रीय सदस्य पंकज साहा, केन्द्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, जिला परिषद् सदस्य सरजू पटेल, केन्द्रीय सदस्य सुरेन्द्र महतो, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुहानी एक्का शामिल होंगे। आप सभी आग्रह है कि धरना स्थल पर समय पर उपस्थित होकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना के कार्यक्रम को सफल बनाएँ ।

## इचाक में कांग्रेस को सशक्त बनाने के लिए पूर्वी और पश्चिमी मंडल का हुआ गठन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इचाक मोड़ स्थित मेहता हॉस्पिटल में कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लालमोहन रविदास ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पीसीसी डेल्लीगेट डॉ निजामुद्दीन उपस्थिति हुए। मौके पर हजारीबाग विधानसभा के भारत जोड़ो प्रभारी एवं कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डॉ आरसी मेहता ने कहा के हजारीबाग लोकसभा एवं कोडरमा लोकसभा में सशक्त कांग्रेस कमेटी का निर्माण किया जा रहा है। कांग्रेस कमेटी में प्रखंड, मंडल, पंचायत एवं बूथ स्तर तक 21-21 सदस्यों द्वारा कमेटी का गठन किया जा रहा है। इचाक पश्चिम मंडल से पूर्व उप प्रमुख चंद्र देव प्रसाद मेहता को मंडल अध्यक्ष बनाया गया। पूर्वी मंडल से गिरधारी कुशवाहा को मंडल अध्यक्ष चुना गया। पूर्व प्रमुख कौशल मेहता, प्रयाग मेहता, पूर्व मुखिया संतोष कुमार मेहता, पूर्व मुखिया अनीता देवी, उमेश मेहता, सदन मेहता, पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि मुकेश कुमार को मुख्य मंडल सलाहकार चयनित किए गए हैं। मंडल उपाध्यक्ष मौलाना मुख्तार, सीताराम मेहता, उमेश मेहता, मुरली मेहता, राधा देवी, सुरेश मेहता, रवि कुमार, रंजीत कुमार, चयनित हुए। महासचिव में कुशल चंद मेहता अशोक कुमार, ब्रजकिशोर मेहता, रामटहल मेहता, राजेश कुमार, नरेश प्रसाद, मनीषा पासवान, सुरेंद्र रविदास, मुबारक हुसैन, सीताराम महतो, मोहन कुशवाहा, जमुना प्रसाद, अनिल यादव, लीलो मेहता, अनिल मेहता, मथुरा मेहता, संदीप गुप्ता, मुबारक हुसैन मीडिया प्रभारी एवं सचिव रंजीत मेहता चयनित हुए। कोषाध्यक्ष राजेंद्र महतो, जलेश्वर यादव, सचिव सह मीडिया प्रभारी श्यामदेव मेहता, सतेंद्र मेहता, कंचन मेहता, जान मोहम्मद, भगवान पांडे, संजय कुमार, मनीषा पासवान, सुरेंद्र रविदास, अजय साहू, राजन भगत, कृष्णा सिंह आमंत्रित सदस्य एवं सलाहकार किशोर मेहता, राजेश मांझी, रामचंद्र मेहता, रंजीत मेहता, मोहम्मद असगर मोहम्मद रहमान जलाल राम अर्जुन उपाध्याय उपेंद्र कुमार को चयनित किया गया, उपेंद्र कुमार पिंटू कुमार के अलाव कई लोग उपस्थित थे।

## नगर निगम की बोर्ड बैठक संपन्न



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** महापौर रोशनी तिर्की की अध्यक्षता में नगर निगम हजारीबाग की बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, पार्षद ,कार्यपालक अभियंता रमेश सिंह, नगर प्रबंधक, अभियंतागण, प्रधान सहायक, लेखापाल उपस्थित थे। बैठक में योजनाओ के अतिरिक्त झील रोड़ स्थित भवन की बंदोबस्ती का प्रस्ताव पास हुआ। नगर निगम क्षेत्रांतर्गत आठ जगहों पर मार्केट का निर्माण किया जाएगा। ये स्थल है डेली मार्केट, सरदार रोड़, पिपरिया स्कूल, रवींद्र पथ, निर्मल महतो पार्क के सामने, काली बारी, डंपिंग ग्राउंड तथा पालिका मार्केट को बहुमंजिला करने का प्रस्ताव पास हुआ। सभी वार्डो में दो-दो हाई मस्ट लाईट लगाया जाएगा तथा सड़को के किनारे एलईडी रोप लाईट लगाया जाएगा।

## मार्खम कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ संध्या प्रेम के निर्देशन में स्थानीय मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के हिंदी विभाग के सभाकक्ष में एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता का विषय भगवान बिरसा मुंडा था। इस निबंध प्रतियोगिता में कुल 26 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता की शब्द सीमा 500 व समय 30 मिनट निर्धारित थी। निबंध प्रतियोगिता के आयोजन में शिक्षकों में मुख्य रूप से हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ एडी सिंह, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ बीडी त्रिवेदी, डॉ जीएस पांडेय, डॉ कनक रागिनी, संतोष रविदास, अंतरा गुप्ता, अनुभा तिर्की, डॉ एस तिवारी, डॉ लाडली डॉ सिद्धू डॉ रूपम कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर कार्यशाला का आयोजन




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका विषय पर हजारीबाग के सिद्धू कान्हू चौक स्थित विवाह भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कई वरिष्ठ पत्रकारों ने मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। कहा की मीडियाकर्मी आज असुरक्षित हैं। खुद जान जोखिम में डाल खबर कवर करते हैं मगर कभी कभी उन्हीं की जान पर बन आता है। इस दौरान प्रशासन भी न सुरक्षा देता है और न ही मदद। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त नैंसी सहाय और विशिष्ट अतिथि के रूप के उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित उपस्थित हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा की मीडिया समाज का आईना होने के साथ ही लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ भी है। इसलिए इसकी विश्वशनीयता बनी रहे यह हम सबों को निश्चित करना है। समाचार पत्रों में छपी खबर और इलेक्ट्रोनिक मीडिया में चली खबर पर लोगों की विश्वशनीयता रहती है। उपायुक्त ने अपने संबोधन में मीडिया वालों से कहा की अगर आप किसी समस्या को उठाते है तो उसे अंजाम तक जरूर पहुंचाएं। साथ ही कहा की मीडिया के द्वारा समाज की अच्छी बातों को सामने लाया जाता है और समाज में फैले गलत कार्यों को भी सामने लाया जाता है। आप सभी निडर होकर गलत कार्यों को सामने लाए। उप विकास आयुक्त प्रेरणा दिक्षित ने कहा की पूर्व में समाचार पत्रों से ही सभी ज्ञान मिलते थे। आज भी छोटे बड़े सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थी समाचार पत्र का इस्तेमाल करते है क्योंकि इससे हम सबों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। साथ ही कहा की कभी कभी ऐसे न्यूज और उनके कंटेंट होते है जिससे लोग भी असमंजस में पड़ जाते है। उप विकास आयुक्त ने अनुरोध पूर्वक कहा की आपका खबर प्रशासनिक दृष्टिकोण से मिस लीडिंग न हो। मौके पर डीपीआरओ पंचानन उरांव, एपीआरओ समेत जिले व प्रखंड के पत्रकार उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास का गृहप्रवेश कराया गया



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखंड के करगालो पंचायत में मुखिया मोतीलाल महतो ने प्रधानमंत्री आवास का उद्घाटन फीता काटकर किया।तथा गृहप्रवेश कराया गया।मौके पर लोगो को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जरूरतमंद ग्रामीणों ने आवास की समस्या से हमे अवगत कराया था।जिसे हमने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हमने पूरा करने का काम किया। आज गृहप्रवेश करा दिया गया।जरुतमन्दों कि समस्याओं को दूर करने के लिए हम दिन रात लगे रहते है। मौके पर पंचायत सचिव रामानंद प्रसाद, आरती देवी,कमली देवी,मिनवा देवी,पसस युगल पटेल ,वार्ड सदस्य सहदेव दास, अख्तर अंसारी,लालकिशुन साव आदि उपस्थित थे।

## उप मुखिया ने किया कंबल का वितरण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव पूर्वी पंचायत के उप मुखिया कुमारी प्रीति व प्रतिनिधि संतोष कुमार सोनी के नेतृत्व में पोषक क्षेत्र में वृद्ध, गरीब मजदूर महिला पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया । इस अवसर पर सोनी ने कहा कि अब धीरे-धीरे ठंड का प्रकोप बढ़ती जा रही है। इसलिए इससे बचना अति आवश्यक है। इसी उद्देश्य से वृद्ध लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। उप मुखिया प्रतिनिधि द्वारा पोषक क्षेत्र के भगवान बागी निवासी मुनैजा खातून, मजीबुन खातून, एतवरिया देवी, टीकन प्रजापति, मोहम्मद हनिया, मोहम्मद हबीब, सुकर मियां, प्रेमनगर निवासी इंदर राम, चमेली देवी, शारदा देवी, मो जमुनिया देवी को कंबल दिया गया।

## जदयू ने किया शोक सभा का आयोजन

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के द्वारा एक शोक सभा आहूत की गई। जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के जिला सचिव भुवनेश्वर ठाकुर की पत्नी अनु देवी का निधन 14 नवंबर को हो गया था वह कुशल ग्रहणी के साथ-साथ पार्टी के भी प्रति समर्पित थी। दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस शोक सभा में जिला अध्यक्ष अर्जुन कुमार मेहता, चंद्र मोहन पटेल, प्रभु दयाल कुशवाहा, राकेश ठाकुर, राजू खंडेलवाल, रीना देवी, खुशबू कुमारी, पिंकी देवी, सुजाता सिंह, भीम मेहता, प्रेम कुमार, प्रहलाद ठाकुर, सुरेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 17 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com
05

**चारकोल प्रकरण : आजाद सिपाही में छपी खबर के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

# अवैध चारकोल लदा दो ट्रक जब्त कारोबारियों पर मामला दर्ज

**कारोबारियों पर कोल साइडिंग में चारकोल खपाने का है आरोप**

बीरू कुमार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आजाद सिपाही अखबार में लगातार चारकोल के अवैध कारोबार के विरुद्ध छप रही खबर के बाद रामगढ़ एसपी एक्सन में दिखे। उनके निर्देश पर मंगलवार की रात रामगढ़ पुलिस ने चारकोल के अवैध कारोबार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। मामले में पुलिस ने अवैध चारकोल लदा दो ट्रकों को जब्त कर थाना लायी है, जिसके बाद ट्रक चालक, मालिक और कारोबार में संलिप्त कारोबारियों पर मामला दर्ज किया है। मामला दर्ज होने के बाद चारकोल कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। उन पर आरोप है कि वे गलत तरीके से चारकोल को कोल साइडिंगों में खपा रहे हैं।

## क्या है मामला

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय के द्वारा रामगढ़ पुलिस को निर्देशित किया गया कि बरकाकाना की ओर से चारकोल लदा ट्रक संख्या जेएच 02एडब्लू 5009 और यूपी 63एटी 2663 रामगढ़ की ओर आ रही है। निर्देशानुसार पुलिस ने सुभाष चौक के पास चेकिंग अभियान चलाया। इसी बीच 9 .45 बजे दो चारकोल लदा ट्रक गुजर रहा था। दोनों वाहनों के चालक व अन्य दो व्यक्ति ट्रक को खड़ा कर भागने लगे। जब पुलिस ने चालक और अन्य दो व्यक्ति को पकड़ने के लिए खदेड़ा तो अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले। भागने के क्रम में पुलिस ने दो लोगों की शिनाख्त की, जिसमें ओरला कुजू निवासी महेंद्र साव एवं सांडी निवासी संजीव सिंह शामिल है। पुलिस के अनुसार पकड़े गये ट्रकों की जब जांच की गई तो ट्रक में किसी भी प्रकार के कागजात नही मिले। इससे स्पष्ट होता है कि वाहनों पर लोड चारकोल चोरी का है। इधर, रामगढ़ थाना पुलिस ने कारोबारी महेंद्र साव, संजू सिंह के अलावा दोनों ट्रक के मालिक और चालक पर कांड संख्या 288/22 धारा 414/120(बी)/34 भादवि एवं 54(वी) झारखंड माइंस मिनरल कंसेशन रूल्स 2017 सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर ली है। दर्ज मामले में यह भी कहा गया है कि इन लोगों के द्वारा सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र के तहत अवैध तरीके से चोरी का चारकोल कोल साइडिंग में खपाया जाता है। पुलिस का दावा है कि चारकोल को रेलवे साइडिंग में ढुलाई होने वाले अच्छे किस्म के कोयले में मिलावट की जाती है। इनके द्वारा किया गया कार्य संगीन अपराध की श्रेणी में आता है। इस मामले में रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर रोशन कुमार ने मामला दर्ज कराया है।

## मदरसा गुलशन-ए-रजा भुरकुंडा में अंजुमन और मदरसा कमेटी की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मदरसा गुलशन-ए-रजा भुरकुंडा में अंजुमन और मदरसा कमेटी की बैठक हुई। बैठक में 25 नवंबर की रात्रि 8 बजे से जामा मस्जिद प्रांगण में जलसा-ए-दस्तारबंदी करने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि जलसा में मौलाना मुफ्ती शहरयार खान, शायर-ए-इस्लाम दिलबर शाही, जमजम फतेहपुरी, कबीर नूरी, मनौव्वर सैफी समेत कई उलेमा शिरकत करेंगे। जलसा में हाफिज बनने वाले छह हाफिज मो. दिलखुश रजा, गुलाम मुस्तफा, शाकिब जमाली, फैयाज आलम, मकसूद आलम, मो साहिल कुरैशी की दस्तारबंदी की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मो. रुस्तम अली ने की। मौके पर अंजुमन अध्यक्ष मो. हलीम, सचिव सफदर अली, मौलाना अनवर हुसैन कादरी, मुबारक हुसैन, आजाद अंसारी, मो मुस्तकीम, गुलाम रसूल, मो अनवर, शमशुल अंसारी, कारी सरफुद्दीन, मुफ्ती मकसूद आलम आदि मौजूद थें।

## आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापित संघ ने जीएम को सौंपा 11 सूत्री मांग-पत्र



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापित संघ ने बुधवार को बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह को 11 सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। इसमें कहा है कि बलकुदरा खदान से कोयला का उत्पादन कर कई लाख टन कोयला का वितरण व संचरण हो चुका है। लेकिन इस कार्य से स्थानीय आदिवासी मूलवासी विस्थापित रैयतों को कोई लाभ नहीं है। उलटे हैवी ब्लास्टिंग से ग्रामीणों के घरों को नुकसान पहुंचा है। जिसका अभी तक कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। रोजी-रोजगार में भी स्थानीय विस्थापित-रैयतों की कोई भागीदारी नहीं है। सीएसआर के तहत कोई विकास का कार्य भी नहीं हुआ है। कई बार प्रबंधन से वार्ता हुई लेकिन कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश है। सौंपे गये मांग-पत्र में बलकुदरा मदनाटांड़ में लोकल सेल खोल स्थानीय आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापितों को नियमानुसार 50 प्रतिशत कोयला देकर कार्य संचालित कराने, विभिन्न कार्यों सहित नौकरी में 75 प्रतिशत आरक्षण देने, ट्रांसपोर्टिंग का कार्य आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापित संघ के देने सहित 11 मांगे शामिल हैं। कहा गया कि सात दिनों के अंदर सभी मांगों पर प्रबंधन सकारात्मक पहल करे, अन्यथा संघ जोरदार आंदोलन करेगा। मांग-पत्र सौंपने वालो में संघ के संयोजक देवानंद प्रसाद, अध्यक्ष झरी मुंडा, उपाध्यक्ष नन्दकिशोर मुंडा, महासचिव विनय कुमार, सचिव संतोष प्रसाद, ललीत प्रसाद, शंकर कुमार मुंडा, वीरेंद्र मुंडा, दिलीप प्रसाद, संतोष प्रसाद, प्रेम प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, रोहित प्रसाद, रंजीत प्रसाद, मनोज प्रसाद, कुलदीप प्रसाद, मंटू प्रसाद , मुन्न मुंडा, सुनील करमाली, रमेश प्रसाद, सूरज बाड़ा आदि शामिल थें।

## आजसू कार्यकर्ता ने सीसीएल संचालित कोल संप्रेषण कराया बंद



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल के मगध-आम्रपाली-चन्द्रगुप्त- संघमित्रा इत्यादि कोल परियोजना के द्वारा जिले के मुख्य पथ एव ग्रामीण सड़को से कोयला संप्रेषण किया जाता रहा है। इसके अंतर्गत सैकड़ो राहगीर रैयत विस्थापित प्रभावित की दुर्घटना में जाने चली गयी। जानकारी के अनुसार उन मृत परिजनों को ओने पोने भाव से मुआवजा मिली है,किसी को मिली भी नही है ।नो इंट्री का पालन नही होना,ग्रामीण पथ से कोयला ढुलाई बंद हो,दुर्घटना मुआवजा नीति मांग को लेकर आजसू के कार्यकर्ताओ ने बुधवार की सुबह 7 बजे से बसरिया मोड़ पर सीसीएल संचालित कोल वाहन ट्रांसपोर्टिंग को अनिश्चितकालीन के लिए बंद कर दिया गया है ।इसके नेतृत्त्व आजसू नेता मनोज चंद्रा कर रहे है ।बताया गया है की उपरोक्त मांगो को लेकर विगत आठ सितंबर को आंदोलन की गयी थी ।परिणाम नही आने पर आजसू कार्यकर्ताओ ने फिर से मोर्चा खोल सड़क पर उत्तर आये ।इसमें टंडवा सीओ विजय कुमार दास ने आजसू कार्यकर्ताओ से धरना स्थल पर पहुंचे ।लगभग दो घण्टे वार्ता किया गया है ।नतिजन सीओ विजय कुमार ने दस दिनों का समय मांग कर मांगो को पूरी करने की भरोषा जताया। उच्च पदाधिकारी एव सीसीएल पदाधिकारी के साथ बैठक कर दुर्घटना मुआवजा नीति तैयार किया जायेगा बताया गया। देश की महारत्न कंपनी सीसीएल सड़क पर दुर्घटना होने के बाद अपना फोन बंद कर देते है ।अब हमलोग जब तक दुर्घटना मुआवजा नीति समेत अन्य मांगे पूरी नही हो जाती तब सीसीएल की कोल वाहन बंद रहेगी ।इस मौके पर जिला अध्यक्ष चंद्र साहू प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार पांडेय, युवा जिला अध्यक्ष उपेंद्र पांडेय, पूर्व जिप सदस्य दुलारचंद साहू महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सुनीता देवी, केंद्रीय सदस्य जागेश्वर दास,आजसू जिला उपाध्यक्ष रंजीत गुप्ता,केंद्रीय सदस्य नंदा थापा,,उप प्रमुख जितेंद्र सिंह,कपिल भगत,मनोज साहू,समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

## उपायुक्त ने पलानी धरना स्थल का निरीक्षण किया



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को पतरातू के पलानी झरना पर्यटन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पलानी झरना के सौंदर्य करण गढ़वाल निर्माण गार्डनिंग पलानी झरना तक पहुंच पथ शादी का निर्माण 15 दिनों के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। यहां उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग के अभियंताओं और स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों की निगरानी करते हुए इसे निर्धारित समय में पूरा कराएं। पलानी झरना पर्यटन स्थल का निरीक्षण करने के बाद उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ बीजा पंचायत स्थित बन रहे पुल का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। मौके पर डीपीओ, बीडीओ हलदर सेठी, सीओ शिव शंकर पांडेय, पीएचईडी के अधिकारी सहित ग्रामीण विकास विभाग के अभियंता मौजूद थे।

## ज्वेलरी की दुकान से चोरी किये गये सोने के गहने के साथ युवक गिरफ्तार

**चतरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के प्रतापपुर थाना पुलिस ने बुधवार को बडी कारवाई करते हुए थाना क्षेत्र के कौरा गांव से दिल्ली के चांदनी चौक स्थित सिद्धी ज्वेलरी के दुकान से चोरी गए सोने के 1.900 किलोग्राम गहने के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक प्रतापपुर थाना क्षेत्र के कौरा गांव निवासी स्व.बिलास रजक का पुत्र छोटु रजक है।इस संबंध में प्रतापपुर थाना में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि 11 नवंबर 2022 को दिल्ली के चांदनी चौक स्थित सिद्धी ज्वेलरी दुकान में काम करने वाले दो व्यक्तियों ने 2.5 किलोग्राम सोने के बने इयर रिंग और नेकलेस सेट गहनों को चोरी कर फरार हो गया। इस संबंध में कोतवाली थाना नई दिल्ली में कांड संख्या 918/22 दर्ज कराया गया। अनुसंधान के बाद पता चला कि चोरी गए सभी सोने के गहने प्रतापपुर थाना क्षेत्र के कौरा गांव निवासी स्व.बिलास रजक के पुत्र छोटु रजक के घर छुपा कर रखा हुआ है। इसकी सूचना चतरा पुलिस कप्तान को दिया गया। चतरा पुलिस कप्तान ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी बिनोद कुमार के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया जिसमें दिल्ली से आए दिल्ली पुलिस अवर निरीक्षक योगेश कुमार भी शामिल था। छापेमारी दल ने बुधवार को आरोपी छोटु रजक के कौरा स्थित घर पर छापेमारी कर चोरी गए सोने के गहनों के साथ आरोपी छोटु रजक को भी गिरफ्तार कर लिया।

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की भुरकुंडा में बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी की बैठक बुधवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष गुरूदयाल ठाकुर व संचालन क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने की। बैठक में संघ के केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा व उपाध्यक्ष मुन्ना श्रीवास्तव मुख्य रूप से मौजूद थें। मौके पर सतीश सिन्हा ने कहा कि 20 नवंबर को संघ का केंद्रीय सम्मेलन बेरमो में आयोजित है। यह कोयला मजदूरों के भविष्य की रूप-रेखा तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया व केंद्र सरकार 11वां वेतन समझौता को जल्द नहीं करना चाहती है, इसके लिए मजदूरों को हड़ताल के लिए तैयार रहना होगा। कहा गया कि सम्मेलन में बरका-सयाल प्रक्षेत्र से सैंकड़ों लोग शामिल होंगे। बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि दिसंबर माह में बरका-सयाल जीएम कार्यालय सहित सभी परियोजनाओं में धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। मौके पर एसएस डे, विकास कांत सिन्हा, रामश्रृष्ठ, धर्मेंद्र मिश्रा, रंधीर साव, शंकर कुमार, विनोद, अंजन दास, दुधेश्वर दुसाध, कमलेश, शिवनंदन दास, देवकुमार बेदिया, मनोज श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## थाना प्रभारी की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न जुलूस निकाल कर किया विरोध



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** जहाँ एक तरफ पुलिस विभाग के वरीय अधिकारियों द्वारा आम नागरिकों के प्रति बेहतर संबंध स्थापित कर थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था को कायम रखने की बात कही जाती रही हैं ।लेकिन बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार की कार्यशैली से स्थानीय लोग परेशान होकर विरोध प्रदर्शन किया ।भाकपा माले के बैनर तले स्थानीय लोगों ने जुलूस निकाल कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की ।विरोध प्रदर्शन के दौरान थाना प्रभारी मुदार्बाद के नारे लगाए एवम थाना प्रभारी की बर्खास्तगी की मांग कर रहे थे ।जुलूस के उपरांत सभा का आयोजन में उपस्थित वक्ताओं ने कहा पिछले कुछ दिनों से बरकाकाना ओपी प्रभारी के द्वारा आम नागरिकों व आदिवासी महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार व गाली गलौज करते हुए धमकी देते रहते हैं जो यहाँ की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी ।लोगों ने कहा प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द थाना प्रभारी के खिलाफ कारवाई नहीं हुई तो माले आंदोलन में तेजी लायेगी ।बताते चलें कि बीते दिनों पोचरा में स्थानीय लोगों व थाना प्रभारी के बीच विवाद उत्पन्न हुआ था जिसका ऑडियो सोसल मीडिया में वायरल हुआ था ।उत्पन्न विवाद के बाद स्थानीय लोगों ने रामगढ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय से शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन वहाँ से कारवाई न होते देख लोगो ने विरोध जुलूस निकालकर विरोध प्रकट किया ।मौके पर माले के वरिष्ठ नेता देवानंद गोप, राजेन्द्र राम,अमल घोष, पवन यादव, बियान मुंडा,दीपक गोप, चंदन गोप, राजेश गोप, लाल मोहन मुंडा,जयंत गोप, शुर्ति देवी, ललिता देवी, मोहगी देवी, पुरनी देवी, मिथुन गोप सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रही।

## दो दिवसीय मंगसिर नवमी महोत्सव का श्री रानी सती दादी मंदिर में आयोजन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के तत्वधान में शहर के बिजुलिया तालाब रोड स्थित श्री रानी सती दादी मंदिर के भव्य प्रांगण में बुधवार को दो दिवसीय मंगसिर नवमी महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम से आरम्भ हुआ। इस दौरान दादी जी के दरबार को आकर्षक रंग बिरंगे विदेशी खुशबूदार फूलों से श्रृंगार किया गया। साथ ही पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा व फूलों से सजाया गया, जो दादी का दरबार बड़ा ही सुंदर और आकर्षक लग रहा था।

**मेहंदी उत्सव में दादी जी के हाथों में मेहंदी लगाई**

दो दिवसीय मंगसिर नवमी महोत्सव के प्रथम दिन बुधवार दादी जी का मेहंदी उत्सव हुआ। जिसमें दादी भक्तों ने मीठे मीठे भजनों के बीच दादी जी के हाथों में मेहंदी लगाई। वही, प्रसाद वितरण एवं महा आरती के बाद मेहंदी उत्सव का समापन हुआ।

**मेहंदी उत्सव में ये थी शामिल**

मेहंदी उत्सव में अनीता अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, प्रीति जैन, नीलम अग्रवाल, सुधा भावसिंहका, रीता अग्रवाल, सीमा मोदी, सविता अग्रवाल, सीमा जैन, सीमा अग्रवाल, नीतू अग्रवाल एवं भक्तजन शामिल हुई।



**आज ये कार्यक्रम के साथ होगा समापन**

महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार की सुबह 10.30 बजे से गणेश पूजन होगा। गणेश पूजन के यजमान अजय अग्रवाल सप्तनिक बुलबुल अग्रवाल शामिल है। वही, दोपहर 11.30 से दादी जी का मंगल पाठ का आयोजन किया गया है। मंगल पाठ धनबाद के प्रसिद्ध वाचक पंकज मोदी एवं उनकी टीम को आमंत्रित किया गया है।

**महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का होगा समापन**

गुरुवार की संध्या 5 बजे महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ दो दिवसीय मंगसिर नवमी महोत्सव का समापन होगा। दो दिवसीय मंगसिर नवमी महोत्सव को सफल बनाने के लिए श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, सचिव सुनील अग्रवाल ने सभी दादी भक्तों को शामिल होने का आह्वान किया।

## आजसू क्रिकेट महासंग्राम टूर्नामेंट के तीसरे दिन के मैच का उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष ने किया

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी द्वारा आयोजित आजसू क्रिकेट महासंग्राम टूर्ना मेंट मैच कुंदरूकला महथा बगीचा में टूर्नामेंट के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो,विशिष्ट अतिथि महासचिव छोटू पटेल एवं आजसू छात्र संघ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा खिलाड़ियों में प्रतिभा का कमी नही उसे सिर्फ उनको सही मंच नही मिल पाता है आजसू पार्टी निरन्तर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम किया है और आगे भी करते रहेगा ।मैच इंद्रा एलेवन इंद्रा बनाम राहुल एलेवन सांडी के बीच खेला गया टॉस जीतकर राहुल एलेवन ने क्षेत्ररक्षण लिया बल्लेबाजी करते हुए इंद्रा एलेवन ने 12 ओवर में 104 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलते हुए राहुल एलेवन ने 8 विकेट खोकर एक बोल शेष रहते हुए लक्ष्य को जीता।

## विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने भुरकुंडा प्रबंधन को सौंपा 12 सूत्री मांग-पत्र



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने बुधवार को भुरकुंडा सीसीएल प्रबंधन को 12 सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। इसमें कहा है कि पिछले वर्ष पर्यावरण स्वीकृति हेतु जनसुनवाई में राजस्व ग्राम के विस्थापितों द्वारा प्रबंधन को 12 सूत्री मांग-पत्र सौंपा गया था। लेकिन आज तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई। सौंपे गये पत्र में 10 दिनों के अंदर ग्रामीण विस्थापित-प्रभावित रैयतों के साथ बैठक कर समस्या का समाधान करने की मांग प्रबंधन से की गई है। मांग-पत्र में राजस्व ग्राम के विस्थापित-प्रभावित रैयतों को नौकरी देने, भुरकुंडा कोलियरी के अंतर्गत पुराना रोड सेल समिति को भंग कर राजस्व ग्राम के विस्थापित रैयत ग्रामीणों के लिए न्यू रोड सेल की शत प्रतिशत व्यवस्था कर भुरकुंडा कोलियरी से उत्पादित कोयले का 75 प्रतिशत कोयला रोड सेल में देने सहित 12 सूत्री मांगे शामिल है। मांग-पत्र सौंपने वालो में जवाहर नगर पंचायत की मुखिया फूलमती देवी, कुरसे मुखिया संदीप उरांव, बलकुदरा मुखिया विजय मुंडा, देवरिया मुखिया विकास नायक, प्रदीप मांझी, बिरेंद्र यादव, विसंमो के अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, ग्राम वन अधिकार समिति के अध्यक्ष मिदिया बेदिया, फुलेश्वर राम, जयलाल सिंह, उमेश प्रजापति, परमेश्वर प्रसाद, कैलाश प्रसाद साहू, गणेश बेदिया, सामू बेदिया, राजकुमार प्रसाद, अनिल बेदिया, हरिचरण करमाली आदि शामिल है।

## काम पर लौटे कृषक मित्र

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के कृषक मित्र 13 सितंबर से मानदेय चालु करने, प्रोत्साहन राशि का जल्द भुगतान करने सम्बन्धि मांग को लेकर हड़ताल पर थे। कृषक मित्रों का संघ प्रदेश कृषक मित्र महासंघ के पदधारियों व कृषि मंत्री के वार्ता के बाद हड़ताल तोड़ने का निर्णय लिया गया। और उसी के तहत बुधवार को प्रखंड के सभी कृषक मित्र काम पर लौटे और इसकी सूचना कृषि पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार को ज्ञापन के तौर पर दी। इस मौके पर बैजनाथ महतो, सुखदेव कुमार, विनोद मुंडा, वीरबल सिंहबालदेव महतो आदि कृषक मित्र शामिल थे।

## अधिक से अधिक लोगों को योग का लाभ मिले : रामजीवन पांडेय

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू में बुधवार को पतंजलि परिवार की बैठक हुई। इसमें राज्य प्रभारी रामजीवन पाण्डेय, जिला प्रभारी प्रमोदलाल, रामकिशोर प्रसाद व प्रखंड प्रभारी राहित कुमार सिंह प्रमुख रुप से शामिल थे। बैठक में योग का गांव गांव तक विस्तर करने, सभी लोगों तक योग का लाभ पहुंचाने आदि विषय पर विशेष चर्चा की गई। मौके पर आदित्य, सुदामा, दिलीप, विजय, संजय, मिथुन, उमेश, तिलक, राजन, रामजी, पंकज, नेहल, रजनीआदि शामिल थे।

## मजदूर के शव घर पहुंचते ही रोने-बिखलने लगे परिजन, मुआवजे की मांग

**चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रतापपुर प्रखंड के मझगांवा गांव के मजदुर उपेन्द्र भारती की मौत हरियाणा के यमुना नगर में हो गया था बुधवार को उसका शव पैतृक गांव मझगांवा पहूंचा। शव पहूंचते ही परिजन रोने-बिखलाने लगे ।तथा गांव के अमझर घाट पर मृतक को अंतिम संस्कार कर दिया ।इस संबंध में बताया की मृतक हरियाणा के यमुना नगर में प्लाईवुड कंपनी में मजदुरी का काम करते थे। बिते मंगलवार की उनकी मौत हो गई है पुत्री ने बतायी की मेरे पिता जी हरियाणा जाने से इंकार कर रहे थे लेकिन नन्दई गांव के बिरन्द्र साव एवं रबिन्द्र साव के द्वारा मेरे पिता जी को दवाब देकर हरियाणा ले गये थे ।मृतक के पत्नी के चार बच्चे है उन्होने उपायुक्त एवं सरकार से मुआबजे की मांग किया है ।इस संबंध में रविन्द्र साव ने बताया की मेरी कोई गलती नही है.।


**चतरा पुलिस का योगी मॉडल, इनामी नक्सली के विरुद्ध विध्वंसक कार्रवाई**

# 25 लाख के इनामी गौतम पासवान के घर को पुलिस ने किया कुर्क

**चतरा (आजाद सिपाही)।** 25 लाख के ईनामी नक्सली के विरुद्ध चतरा पुलिस ने योगी मॉडल अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जेसीबी के सहयोग से फरार नक्सली के घर विध्वंसक कार्रवाई करते हुए जिले की राजपुर थाना पुलिस ने सख्त संदेश दिया है। भाकपा माओवादी सैक सदस्य 25 लाख के ईनामी गौतम पासवान के घर को कुर्क करने पहुंची चतरा पुलिस की टीम ने लंबे समय से फरार नक्सली को न्यायालय में सरेंडर करने वरना गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने की चेतावनी भी दी है। राजपुर थाना कांड संख्या 84/15 मामले में प्रतापपुर पुलिस के सहयोग से एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई के लिये पहुंची राजपुर थाना की टीम ने माओवादी शीर्ष नक्सली के घर में रखे सभी सामान जप्त कर लिए। वही जेसीबी लेकर पहुंची पुलिस ने चल अचल संपत्ति जप्त करने के बाद फरार माओवादी सिर्फ नेता के घर में लगे चौखट और दरवाजा को भी उखाड़ लिया। न्यायालय के निर्देश पर चल-अचल सम्पति को किया गया जप्त कर उसे अपने साथ थाना ले आई। हालांकि इस दौरान फरार नक्सली के परिजन पुलिस से मौका देने की गुहार लगाते रहे। लेकिन पूर्व में नक्सली को सरेंडर करने की आखरी चेतावनी देते हुए घर में इस्तिहार चिपका चुकी पुलिस ने न्यायालय के निर्देश का हवाला देते हुए सहयोग से इंकार कर दिया। एसडीपीओ ने न्यायालय में सरेंडर करने व उसके परिजनों को फरार नक्सली को सरेंडर कराने की भी चेतावनी दी। कहा कि सरकार के आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दें वरना गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहे। उन्होंने समाज से भटके नक्सलियों को भी सरकार की आत्मसमर्पण नीति से जुड़कर लाभ उठाने की बात कही। गौरतलब है कि पूर्व में इस्तेहार चिपकाकर राजपुर पुलिस ने आत्मसमर्पण करने का माओवादी गौतम पासवान को मौका दिया था। झारखंड बिहार सीमा पर स्थित प्रतापपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव में राजपुर पुलिस ने यह विध्वंसक कार्रवाई की है। भाकपा माओवादी के शीर्ष 25 लाख के इनामी नक्सली के घर पुलिसिया कार्रवाई से नक्सलियों में हड़कंप मच गया है। एसडीपीओ के नेतृत्व में राजपूत और परतापुर थाना की पुलिस दल बल और पूरी तैयारी के साथ पहुंची थी।



## बलकुदरा पंचायत में प्रधानमंत्री आवास का हुआ गृह प्रवेश



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बलकुदरा पंचायत में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास सह बाबा साहब भीम राव अंबेडकर निर्मित आवासो में बुधवार को लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया विजय मुंडा व पंसस राजू मुंडा द्वारा लाभुको को पूरे विधि-विधान व हर्षोउल्लास के साथ नये आवास में सिफ्ट कराया गया। मुखिया विजय मुंडा ने कहा कि पंचायत के अन्य गरीब जिनका घर मिट्टी का है उन्हें भी अविलंब प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जायेगा। लाभुको में नंदकिशोर मुंडा, चंदर मुंडा, आशा देवी, कुलदीप साव, जिरवा देवी, भनकुरिया देवी, परनी देवी, सरस्वती देवी, सुलेखा देवी, राजेंद्र मुंडा, कविलास देवी, संगीता देवी आदि शामिल थें।

## भुमि सुधार उप समाहर्ता ने बीएलओ के साथ बैठक की

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड परिसर मे स्थित वर्कि हॉल में बुधवार को बीएलओ की बैठक हुई। इसमें मुख्य रुप से निबंधक निर्वाचन पदाधिकारी सह भुमि सुधार उप समाहर्ता मनोज कुमार शामिल थे। मौके पर सहायक निबंधक निर्वाचन पदाधिकारी सह पतरातू सीओ शिवशंकर पाण्डेय शामिल थे। इसमें अधिकारियों ने प्रखंड में चल रहे मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की गई। इसमें 1 जनवरी 2023 को जिस व्यक्ति की आयु 18 वर्ष हो जाएगा उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज प्राथमिकता के आधर पर करना है। इसके साथ ही सूची से नाम को डिलीट करने सहित शुद्धिकरण करने का काम की समीक्षा की गई। साथ ही सूची में दर्ज मतदाताओं के नाम को उनके आधार संख्या से जोड़ने के काम की भी बुथवार समीक्षा की गई। और जो बीएलओ अधिक सेख्या में आधार से जोड़ने के काम को नहीं कर पाए हैं। उन्हे चेतावनी भी दी गई। मौके पर संजय साहु, सुनील कुमार, तिरथनाथ महथा, राहूल बर्णवाल, धनंजय सिंह, महेन्द्र बेदिया, अंजु देवी, गीता देवी, लक्ष्मीदास, रेखा देवी, राहूल कुमार, नीलु देवी, राजीव कुमार अम्बष्ठ सहित सैकड़ो की संख्या में बीएलओ शामिल थे।

# जबरन न हो धर्मांतरण


सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जबरन धर्मांतरण पर सख्त रुख दिखाते हुए इसे गंभीर मसला करार दिया और सरकार से एक सप्ताह के अंदर यह बताने को कहा कि वह ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए किस तरह के कदम उठा रही है। कोर्ट ने ठीक ही ध्यान दिलाया कि लालच देकर या किसी उपाय से मजबूर करके करवाया जाने वाला धर्मांतरण न केवल देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है, बल्कि नागरिकों को संविधान से मिले धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार को भी बाधित करता है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की यह बात भी गौर करने वाली रही कि खासकर देश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में इस तरह की काफी घटनाएं देखने को मिल रही हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि ऐसे मामलों में आदिवासियों को इस बात का अहसास भी नहीं होता कि उनके साथ कोई साजिश हो रही है और उनके अधिकारों और अंतःकरण की उनकी स्वतंत्रता पर डाका डाला जा रहा है। वे यही समझते हैं कि सब कुछ उनकी मदद के लिए किया जा रहा है। चूंकि सरकार को इन साजिशों की काफी हद तक जानकारी है, इसलिए यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि वह इन्हें रोकने के लिए किस तरह के उपाय कर रही है या करने की उसकी योजना है। लेकिन जहां तक धर्मांतरण का सवाल है तो याद रखना चाहिए कि यह जितना संवेदनशील है, उतना ही जटिल भी है। जैसा कि सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्देश से भी स्पष्ट है कि डर या लालच के जरिए होने वाला धर्मांतरण नागरिकों के धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार को भी बाधित करता है। यानी लोगों को धर्मांतरण के लिए लालच देने या उन्हें डराने धमकाने की प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कोशिशों को रोकना जितना जरूरी है, उतना ही महत्वपूर्ण यह सुनिश्चित करना भी है कि नागरिकों को अपने विवेक से स्वैच्छिक धर्मांतरण की आजादी पर किसी तरह का खतरा न महसूस हो। यह सावधानी इसलिए भी जरूरी है क्योंकि हाल के वर्षों में समाज में धर्मांतरण को लेकर जो विमर्श उभरा है, उसमें ज्यादा जोर धर्मांतरण रोकने पर है। स्वैच्छिक धर्मांतरण की स्वतंत्रता कायम रखने का वैसा आग्रह नहीं दिखता है। यह भी याद रखने की जरूरत है कि अगर विभिन्न धर्मों के अनुयायियों में अपने अपने धर्मों की सर्वोच्चता का भाव असहिष्णुता की हदों को छूने लगता है तो विभिन्न धर्मों की खूबियों और कमियों पर स्वस्थ बहस की संभावना बाधित होती है। एक लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष समाज के लिए स्वस्थ बहस की इस जमीन को सुरक्षित बनाए रखना बहुत जरूरी होता है। निश्चित रूप से इसमें प्राथमिक भूमिका समाज के लोकतांत्रिक और प्रगतिशील तत्वों की ही बनती है। लेकिन सरकार को, अपने स्तर पर यह जरूर सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके नियम-कानून और तौर-तरीके समाज के इन लोकतांत्रिक और प्रगतिशील तत्वों की भूमिका को कमजोर करने वाले नहीं बल्कि इन्हें प्रोत्साहित करने वाले हों।

**कोर्ट ने ठीक ही ध्यान दिलाया कि लालच देकर या किसी उपाय से मजबूर करके करवाया जानेवाला धर्मांतरण न केवल देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है, बल्कि नागरिकों को संविधान से मिले धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार को भी बाधित करता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आजादी का अमृत महोत्सव स्वयं का विश्लेषण करने और जन चेतना को जागृत करने का सही अवसर है, ताकि देश नयी ऊंचाइयों को छू सके। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अनेक ऐसी गाथाएं शामिल हैं जो स्वतंत्रता सेनानियों की जागृत चेतना को दर्शाती है, जो राष्ट्रवादी आंदोलन में भाग लेने वाले सभी वर्गों को समाहित करती हैं। यशवंचित विस्मृत वीरों और वीरांगनाओं ने मातृभूमि की गरिमा की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया था।**

# मानगढ़ धाम की गौरव गाथा का स्मरण



**अर्जुन राम मेघवाल**



हमारा देश हमारे गौरवान्वित नागरिकों के संपूर्ण सामर्थ्य का उपयोग करते हुए बहुआयामी रूप से विकास की राह पर बड़े कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव स्वयं का विश्लेषण करने और जन चेतना को जागृत करने का सही अवसर है, ताकि देश नयी ऊंचाइयों को छू सके। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अनेक ऐसी गाथाएं शामिल हैं जो स्वतंत्रता सेनानियों की जागृत चेतना को दर्शाती है, जो राष्ट्रवादी आंदोलन में भाग लेने वाले सभी वर्गों को समाहित करती हैं। यशवंचित विस्मृत वीरों और वीरांगनाओं ने मातृभूमि की गरिमा की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया था। हाल ही में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर, 15 नवंबर को मनाये गये द्वितीय जनजातीय गौरव दिवस में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के पराक्रम और साहसिक कृत्यों का पुनःस्मरण कराया गया। आज 17 नवंबर का दिन अंग्रेज हुकूमत के अत्याचारों के विरुद्ध लड़ते हुए गोविंद गुरु के नेतृत्व में जनजातीय व्यक्तियों द्वारा किये गये नरसंहार का स्मरण कराता है।

राजस्थान के डूंगरपुर बांसवाड़ा क्षेत्र में एक बंजारा परिवार में जन्मे गोविंद गुरु ने स्वामी दयानंद सरस्वती की शिक्षा को आत्मसात किया और वह सामाजिक-धार्मिक उत्थान के माध्यम से भील जनजातियों को एकजुट करने के लिए सक्रिय हो गये। भारतीय परंपरा और आदर्शों के सच्चे प्रतिपादक के रूप में उन्होंने 25 वर्ष की आयु में सन 1883 में जनजातीय लोगों के बीच एकता और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए संप सभा की स्थापना की। ये सामाजिक-आर्थिक कदम उसी समय उठाये गये, जिस समय ब्रिटिशराज भारत से योजनाबद्ध तरीके से लूटपाट कर रहा था और स्थानीय और स्वदेशी लोगों के हितों के प्रति असंवेदनशील हो गया था। सन 1903 के बाद से मानगढ़ पहाड़ी इस क्षेत्र के भील और अन्य जनजातीय लोगों के लिए एक मेले के रूप में आयोजित वार्षिक समागम के लिए प्रसिद्ध स्थान बन गया था।

**स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे विस्मृत वीरों के बलिदानों ने राष्ट्रवादी समुदाय के नैतिक मूल्यों को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाया।**

भारत में स्व-शासन की मांग ने 20वीं शताब्दी के पहले दशक में बहुत अधिक जोर पकड़ लिया। फूट डालो और राज करो की नीति और उसके परिणामस्वरूप हुए बंगाल विभाजन तथा धन संपत्ति को देश से बाहर ले जाने की प्रणाली ने ब्रिटिश शासन के नैतिक आधार का भांडाफोड़ कर दिया था। गोविंद गुरु ने भी सूखा/अकाल प्रभावित परिस्थितियों में जनजातियों से लिए जाने वाले लगान को कम करने और धर्म तथा रीति-रिवाजों का पालन करने में स्वतंत्रता की मांग रखी।

स्वतंत्रता संग्राम के भाग के रूप में, जनजातियां और भील समुदाय अंग्रेजों के विरुद्ध बड़े संघर्ष की तैयारी में जुटे थे। सन 1913 में 17 नवंबर की पूर्णिमा के दिन मानगढ़ पहाड़ी पर 1.5 लाख से अधिक भील, गुरु के प्रति अपनी निष्ठा दर्शाते हुए इकट्ठा हुए, ताकि वे अपनी आध्यात्मिक इच्छाओं को पूरा कर सकें और ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के लिए कोई रास्ता खोज सकें। गैर कानूनी रूप से इकट्ठा किया गया लगान स्पष्ट रूप से अंग्रेजों की दमनकारी नीति और अन्यायपूर्ण कृत्यों को दशार्ता था। भूरेटिया नही मानू रे (मैं अंग्रेजों के दमनकारी शासन के प्रति कभी भी वफादार होना स्वीकार नहीं करूंगा) गीत जनजातीय लोगों की मुखर अभिव्यक्ति बन गया। अतः अन्याय के विरुद्ध लड़ने के लिए गोविंद गुरु का आह्वान ब्रिटिश शासन के विरुद्ध प्रथम सविनय अवज्ञा आंदोलन की नींव साबित हुआ।

इतने बड़े पैमाने पर होने वाली सभा की भनक लगते ही अंग्रेजों ने मानगढ़ पहाड़ी पर 7 कंपनियां तैनात की, जिन्होंने पूरी मानगढ़ पहाड़ी को घेर लिया और तोपें भी तैनात कर दीं। गोलियों का भय दिखाते हुए जनजातीय लोगों के हौंसलों को पस्त करने का प्रयास किया। अंग्रेजी हुकूमत ने गोविन्द गुरू और उनके अनुयायी भील समाज के लोगों को मानगढ़ पहाड़ी खाली करने का आदेश दिया।

जनता की आध्यात्मिकता द्वारा संवर्धित जागृत चेतना किसी भी प्रकार से अंग्रेजों के प्रति वफादारी स्वीकार करने को तैयार नहीं थी। उनके विश्वास और मातृभूमि की रक्षा करने की भावना ने गोलियों के भय को नजरअंदाज कर दिया। संवेदनहीन अंग्रेजों ने बड़े पैमाने पर गोलीबारी का आदेश दिया और इस अमानवीय कृत्य के कारण उस दिन 1500 से अधिक जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राण त्याग दिये। अंग्रेजों का नैतिक आचरण लगातार विकृत होता गया, जब उन्होंने छह वर्षों के बाद जलियांवाला बाग नरसंहार और ऐसे ही अन्य अमानवीय कृत्यों को अंजाम दिया।

स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे विस्मृत वीरों के बलिदानों ने राष्ट्रवादी समुदाय के नैतिक मूल्यों को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इससे स्वतंत्रता को कानूनी और न्यायसंगत आवश्यकता के रूप में देखे जाने का एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया। इस भावना ने सभी को स्वतंत्र भारत के लिए कर्तव्यनिष्ठता से अपनी सक्रिय भूमिका निभाने में संपूर्ण रूप से प्रेरित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे मूल, एकता और कर्तव्यपरायणता पर गर्व करते हुए औपनिवेशिक मानसिकता के अवशेषों को हटाते हुए विकसित भारत के उद्देश्य के साथ अमृत काल के पांच प्रण का आह्वान किया है। राष्ट्र निर्माण हेतु स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीयों की महत्पूर्ण भूमिका पूर्ण रूप से एक प्रेरणादायक गाथा है। जनजातीय संस्कृति, प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली के प्रति उनकी संबद्धता और सौहार्द अनुकरणीय है तथा संभ्रांत वर्ग और विकसित देशों के लिए एक सबक है, जिसके माध्यम से कार्बन फुट प्रिंट को कम करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की जा सकती है।

हाल ही में एक नवंबर को मानगढ़ पहाड़ी में आयोजित मानगढ़ धाम की गौरव गाथा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्रियों के साथ, गोविंद गुरु एवं बलिदानी भील समाज के वीरों का श्रद्धांजलि देने उपस्थित हुए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 1913 में इसी पहाड़ी पर एकत्रित जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के वंशज भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

राष्ट्रीय जनजातीय केंद्र के रूप में इसका विकास राष्ट्र निर्माण में जनजातीय योगदान को मान्यता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि मानगढ़ धाम का विकास राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र की सरकारों के समन्वित प्रयासों और सहयोग से किया जायेगा। इसके अतिरिक्त आदिवासी समाज के राष्ट्र निर्माण में योगदान एवं देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान और बलिदान को रेखांकित करते हुए भारत सरकार द्वारा दस राज्यों यथा - अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश, गोवा एवं केरल में जनजाति संग्रहालय विकसित किये जा रहे हैं।

भारत के विकास पथ की तुलना किसी भरे गिलास से करें तो जनजातीय विरासत का उल्लेख करना ऐसा ही होगा जैसे आधे भरे गिलास को उलट देना। अब मोदी सरकार द्वारा की गयी पहलों से जनजातीय लोग सरकार की मुख्य धारा में विकास एजेंडा में कंधे से कंधा मिला कर आगे बढ़ रहे हैं। इस गणतंत्र के राष्ट्रपति के रूप में जनजातीय नेता द्रौपदी मुर्मू को पाकर राष्ट्र गौरवान्वित महसूस करता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल परिषद भी 08 जनजातीय मंत्रियों से अलंकृत है। लक्षित लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाते हुए संपूर्ण परिपूर्णता करने के लिए गरीब कल्याण उपाय, जन केन्द्रित नीतियां और सुशासन के दृष्टिकोण ने उनके जीवनयापन को आसान करने की सुविधा प्रदान की है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का निर्माण, आदिवासी विश्वविद्यालय की स्थापना, छात्रों के लिए समर्पित छात्रवृत्ति स्कीम, सिकल सेल एनीमिया को नियंत्रित करने पर विशेष ध्यान, मिशन इंद्रधनुष, अनुसंधान संस्थानों के माध्यम से जनजातीय विकास, बांस को वृक्ष की परिभाषा से हटाना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य जनजातीय लोगों की क्षमता को विकसित करने में सहायता कर रहे हैं। संशोधनों के माध्यम से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) सुदृढ़ करने से उनके विरुद्ध अत्याचारों का प्रभावी निवारण हुआ है। समग्र रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण सामाजिक न्याय की एक नयी परिभाषा तैयार हो रही है।

आज हम मानगढ़ के शहीदों और विस्मृत वीरों के उत्कृष्ट बलिदान को याद करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। आइये, समकालीन अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों पर एक व्यावहारिक समस्या-निवारक के रूप में, एक वैश्विक नेता के रूप में उभर रहे एक नये भारत के निर्माण हेतु उन स्वतंत्रता सेनानियों की नैतिकता के साथ हम अपने मूल्यों को एक साथ सार्थक करें। आइए, अपने अतीत को जानें, अदम्य विरासत को आगे बढ़ायें और आने वाली पीढ़ी के लिए एक उज्ज्वल भविष्य प्राप्त होने हेतु सांस्कृतिक मूल्यों से सीख प्राप्त करें। यह एक विकसित भारत के निर्माण के लिए सोच समझकर चिंतन-मनन करने और कार्य करने का समय है।

**(लेखक : केंद्रीय संस्कृति और संसदीय कार्य राज्य मंत्री, एवं बीकानेर से लोकसभा सांसद हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### दिवंगत कमल देव गिरि के परिजनों से मिले पूर्व मुख्यमंत्री

# दुख की घड़ी में भाजपा पीड़ित परिवार के साथ सीबीआइ से जांच कराने की मांग : रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** कोल्हान के हिंदूवादी युवा नेता व गिरिराज सेना के संरक्षक कमल देव गिरी की हत्या से पूरा प्रदेश हतप्रभ है। बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने चक्रधरपुर के शाउंडिक धर्मशाला स्थित आवास पहुंच कर दिवंगत कमल देव गिरी के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दिवंगत कमल देव के पिता,माताजी,भाई व परिवार के सदस्यों के साथ मुलाकात कर ढाढंस बंधाया। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने परिवारजनों से घटना की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान श्री दास ने दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया एवं आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कमल देव गिरी की हत्या अत्यंत दुखद है। पुलिस प्रशासन जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करे। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए रघुवर दास ने आश्वस्त किया भारतीय जनता पार्टी कमल देव गिरी के परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़ी हैं। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को एक मांग पत्र सौंप कर हत्या के मामले की सीबीआइ जांच कराने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। साथ ही परिवार के सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर अंगरक्षक दिलाने की भी मांग की। परिवार ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कमल देव को बार बार धमकी मिल रही थी। लिखित शिकायत देने के बावजूद भी प्रशासन की ओर से कोई पहल नही की गयी। यदि प्रशासन ने तत्परता दिखायी होती, तो उनके घर का चिराग आज उनके बीच होता। परिजनों की मांग पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य के मुख्यमंत्री एवं देश के गृहमंत्री अमित शाह के नाम पत्र लिख कर सीबीआइ जांच कराने की मांग करने का आश्वासन दिया।

श्री दास ने आश्वस्त किया वे इस मामले को गृहमंत्री अमित शाह से अवगत कराते हुए इसकी जांच सीबीआइ से कराने की दिशा में पूर्ण प्रयास करेंगे। उन्होंने जिला के पुलिस अधीक्षक से बात कर परिवार को तत्काल सुरक्षा मुहैया कराने को कहा।

रघुवर दास ने उपस्थित सभी को भरोसा दिलाया कमलदेव को न्याय जरूर मिलेगा। भारतीय जनता पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा राज्य में सुशासन नाम कोई चीज नही हैं। हिंदुओं एवं आदिवासियों के साथ आये दिन लगातार घटनाएं हो रही हैं। राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी हैं। यहां तक कि राज्य की बहन-बेटिया भी सुरक्षित नहीं हैं।

मौके पर पश्चिम सिंहभूम जिला अध्यक्ष सतीश पूरी,पूर्व प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद, बड़कुवर गगराई, पुतकर हेम्ब्रम, शशि सामड, गीता बालमुचू, मालती गिलुआ, मनीष राम, प्रताप कटियार, स्वप्निल सिंह, बिरेन टियू, अमितेश अमर, चुमरु चुतम्बा, हेमंत केसरी, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, चंद्रशेखर मिश्रा, दिनेश कुमार, कुलवंत सिंह बंटी, भूपिंदर सिंह, राकेश सिंह, अमरजीत सिंह राजा, नीरज सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, अमित अग्रवाल, संदीप शर्मा बॉबी, हनु जैन, धर्मा शर्मा, शशि यादव एवं अन्य मौजूद रहे।

# झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला समिति का आभार यात्रा कल


### कांदर बेड़ा रघुनाथ मुरमू चौक में उपस्थित होने की अपील : रामदास सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड में हेमंत सरकार के पहल पर विधानसभा में 1932 का खतियान पारित होने की जश्न पूरे राज्य में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सभी राज्य के जनता बधाई दे रहे है। इसी उपलक्ष में पूर्वी सिंहभूम जिले के जिला अध्यक्ष सह विधायक रामदास सोरेन के नेतृत्व में आभार यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। आभार यात्रा 18 नवंबर को सुबह सात बजे रांची मोराबादी मैदान के लिए प्रस्थान करेगी। यह जानकारी विधायक रामदास सोरेन ने दी। बुधवार को जानकारी देते हुए विधायक रामदास सोरेन ने बताया कि सभी झामुमो नेता व कार्यकर्ता 18 नवंबर को सुबह 7:00 बजे तक कांदर बेड़ा रघुनाथ मुरमू चौक में उपस्थित होंगे, जहां से प्रस्थान कर सभी नामकुम चौक में रुकेंगे। उसके बाद रैली के माध्यम से हजारों हजारों की संख्या में झामुमो नेता व कार्यकर्ता मौराबादी मैदान के लिए प्रस्थान करेंगे। मौराबादी मैदान मैं 18 नवंबर को सभी एकत्रित होकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट करेंगे।

## जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंप्लेक्स में रन-ए-थॉन का आयोजन 20 को



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील खेल विभाग की प्रयास से प्रति वर्ष रन-ए-थॉन का आयोजन की जाती है। शहर के हजारों हजार प्रतिभागी शामिल होकर रन-ए-थॉन का आनंद उठाते हैं। बीते 2 वर्ष कोरोना काल के बाद 2022 के लिए 20 नवंबर को तिथि तय की गयी है। 20 नवंबर को आयोजित रन-ए-थॉन में पहली बार 2 किलोमीटर लंबी दौड़ की नई श्रेणी जोड़ी गई है। इसका नाम फन कैटेगरी रखा गया है। इसके अलावा 10 किलोमीटर की दौड़, 7 किलोमीटर की दौड़ और 5 किलोमीटर की दौड़ की अलग श्रेणी भी रखी गयी है। बुधवार को यह जानकारी जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रेस वार्ता के दौरान टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने दी। टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने बताया शहर में रन-ए-थॉन काफी महत्वपूर्ण आयोजन है।

### संवाद के नौवें संस्करण का गोपाल मैदान में हुआ आगाज

# संवाद में एकत्र हुए आदिवासी समुदायों के संघर्षों, आकांक्षाओं एवं सपनों की कहानी : चाणक्य चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर गोपाल मैदान में अखिल भारतीय जनजातीय सम्मेलन संवाद का आयोजन किया गया। सम्मेलन की शुरुआत भारत के सम्मानित जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देकर की गई। गोपाल मैदान में उद्घाटन समारोह के दौरान 501 नगाड़ों की धुन गूंज उठी। मौके पर धूमधाम के साथ जावा का अनावरण किया गया।

माझी परगना महल के पारंपरिक जनजातीय प्रमुख बैजू मुर्मू और दशमथ हांसदा, मुंडा मनकी संघ के गणेश पत पिंगुआ और रामेश्वर सिंह कुंटिया, 22 परगाना के पुजार कोंगारी, मुंडा परहा, रविंद्र बराईक, सभा पति-चिक समाज, कौशिक चटर्जी टाटा स्टील के कार्यकारी निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी, टाटा स्टील के स्वतंत्र निदेशक दीपक कपूर, टाटा स्टील कॉरपोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट और टाटा स्टील फाउंडेशन के डायरेक्टर चाणक्य चौधरी ने सम्मेलन के शुरुआत की घोषणा की। उद्घाटन समारोह में झारखंड की लगभग 32 जनजातियों ने अपनी विविधता और एकता के साथ-साथ राज्य की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करते हुए 'झारखंड के रंग' का प्रदर्शन किया। जनजातीय पहचान को प्रदर्शित करने वाले संवाद कार्यक्रम का ये 9वां साल है, जो गोपाल मैदान में 15 से 19 नवंबर तक आयोजित की जा रही है।

इस साल का संवाद का विषय 'रीइमेजिन' है। इसका उद्देश्य इस गतिशील समाज में सामाजिक परिवर्तन को सक्षम करने में आदिवासियों की भूमिका के बारे में बातचीत को बढ़ावा देना। साथ ही समुदायों की आवाजों को सुनना है। ये सम्मेलन आदिवासियों के लिए भारत के सबसे बड़े मंच में से एक है। जहां आदिवासी कलाकार, बुनकर और कारीगर, संगीतकार, घरेलू रसोइए, विद्वान, फिल्म और कलाकार आदिवासी संस्कृति का जश्न मनाते दिखेंगे।

# सुरेंद्र नाथ पांडेय की 18वीं पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सुरेंद्र नाथ मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा पूर्व कांग्रेसी नेता एवं गांधीवादी विचारक स्व. सुरेंद्र नाथ पांडेय की 18वीं पुण्यतिथि मनाया गया। बुधवार को श्रद्धांजलि सभा मे ट्रस्ट की चेयरपर्सन एवं उनकी पत्नी शैल देवी ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मौके पर 151 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर केबुल यूनियन के महामंत्री यूके शर्मा ने कहा स्वर्गीय पांडेय के विचार, व्यवहार एवं संगठन के प्रति वफादारी यादगार स्वरूप है। श्रद्धांजलि सभा में उनके पुत्र एवं कांग्रेस नेता शैलेश पांडेय, समाजसेवी शिवशंकर सिंह, केबुल कंपनी के इंचार्ज प्रेमसागर सिंह, मन्नू शाही, उदयकांत शर्मा, अवधेश सिंह, राजा सिंह राजपूत, राज पांडेय, हर्ष पांडेय, कांग्रेस नेता बलदेव सिंह, सुल्तान अहमद, निरज सिंह, सौरभ चौधरी, अंजन राय, अजितेश उज्जैन, राजीव दिवेदी, सतेन्द्र तिवारी, रणमेजय तिवारी, कवित्री विणा भारती, संध्या पांडेय, अंजू, नितू और सोनी उपस्थित रहीं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डीएवी मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों को बिहार के तीर्थस्थलों का कराया गया भ्रमण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाल दिवस के अवसर पर डीएवी मॉडल स्कूल गढ़वा के छात्र-छात्राओं ने निदेशक सुशील केसरी के नेतृत्व में देव, बोधगया, गया, राजगीर, नालंदा, पावापुरी आदि स्थानों का भ्रमण किया। सर्वप्रथम गढ़वा से सुरक्षित वाहन के द्वारा देव के सूर्य मंदिर का दर्शन किया। बाल दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे इस स्थान को भ्रमण करने के लिए आए हुए थे। बच्चों की यह यात्रा काफी सफल, ज्ञानवर्धक और मनोरंजक रही।

### खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 17 को



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** शिक्षा विभाग द्वारा भंडरिया हाई स्कूल के स्टेडियम में खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ 17 नवंबर को किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्यासागर मेहता ने कहा कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची और गढ़वा जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर उक्त खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह प्रतियोगिता 17 से 18 नवंबर तक चलेगा। इस प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालय के विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। इस कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

### सरस्वती विद्या मंदिर के आचार्य अरुण कुमार के निधन पर शोकसभा का आयोजन

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर के आचार्य अरुण कुमार का निधन मंगलवार की शाम में हो गया। वे नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के नरही गांव के निवासी थे। वे अपने पीछे तीन पुत्रियां और एक पुत्र छोड़ गये हैं। उधर आचार्य के असामयिक निधन पर बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के सभी आचार्य एवं भैया बहनों ने दिवंगत आत्मा शांतयार्थ दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने दिवंगत अरुण आचार्य के चित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि अरुण जी मृदुभाषी, कार्य के प्रति सजग, भैया बहनों के लोकप्रिय एवं शिशु वाटिका में पढ़ाने में एक्सपर्ट थे। उन्होंने 21 वर्षों से अधिक विद्यालय में सेवा दी है। उनके देहावसान से अपूर्ण क्षति हुई है। शोक व्यक्त करने वालों में समिति के जोखू प्रसाद, डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, राजकुमार प्रसाद, रवि प्रकाश, अनिल कुमार विश्वकर्मा, शशिकला, नीरज पांडेय, चंदन कुमार, विद्या भास्कर, शैलेश कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार सिंह, कृष्णानंद कुमार आदि थे। श्रद्धांजलि सभा के बाद विद्यालय में अवकाश कर दिया गया।

### सीओ सह एमओ ने पिपरिकला पंचायत में आदिम जाति बहुल ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** अंचलाधिकारी सह एमओ सुश्री निधि रजवार पिपरिकला पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में राशन कार्ड को लेकर पड़े आवेदन के आलोक में पंचायत के सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्राम सारो में आदिम जाति बहुल ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना एवं निदान का भरोसा दिलाया। वहीं पीवीटीजी राशन को लेकर ग्रामीणों से जानकारी ली तथा नया राशन कार्ड बनाने को लेकर प्रक्रिया बतायी। कहा कि जल्द ही लगभग 20 परिवार को नया राशन कार्ड का वितरण वंचित परिवार के बीच किया जाएगा। मौके पर समुंद्री देवी, फुलमतिया देवी, दुलारी देवी, सुनीता देवी, अरविंद कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

**प्रशिक्षण :** जिला नियोजन कार्यालय परिसर में अग्निपथ योजना के तहत कार्यशाला आयोजित

# वायु सेना के अधिकारियों ने युवाओं को निबंधन की प्रक्रिया से कराया अवगत

> वायु सेना ने अग्निवीर वायु के लिए आवेदन की प्रक्रिया 7 नवंबर से शुरू की है, जो 23 नवंबर 2022 तक चलेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला नियोजन कार्यालय परिसर में अग्निपथ योजना के तहत एक कार्यशाला आयोजित की गई। अग्निपथ योजना के तहत भारतीय वायु सेना ने अग्निवीर वायु के लिए आवेदन की प्रक्रिया दिनांक 7 नवंबर 2022 से शुरू की है, जो 23 नवंबर 2022 तक चलेगी। उपरोक्त योजना की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु वायु सेना स्टेशन बिहटा के भर्ती अधिकारी बीएम सेवदा और राकेश कुमार मलगोत्रा ने दी। गढ़वा जिले से आये हुए आवेदकों के लिए आयोजित कार्यशाला में लगभग 100 युवक-युवतियों ने भाग लिया तथा भर्ती प्रक्रिया के लिए विशेष जानकारी प्राप्त की। कार्यालय द्वारा 21 युवक-युवतियों को ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार के साथ वायु सेना के अधिकारियों ने जिला नियोजन कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यशाला में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रोत्साहित करते हुए निबंधन की प्रक्रिया से अवगत कराया। जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार एवं भर्ती अधिकारी के द्वारा बताया गया कि वैसे अभ्यर्थी जो 17 वर्ष 6 महीना से 21 वर्ष की पात्रता रखते हों एवं बारहवीं तथा समकक्ष की परीक्षा 50% अंक से उत्तीर्ण किये हों, वे इस योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस मौके पर भर्ती अधिकारी एवं जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा भारतीय वायु सेना के अग्निवीर वायु में जिले के अधिक से अधिक युवक-युवतियों का ऑनलाइन आवेदन करवाने पर जोर दिया गया ताकि जिले के योग्य युवक-युवतियों का चयन वायु सेना में हो सके। अग्निवीर वायु में भर्ती के इच्छुक अभ्यर्थी जिला नियोजनालय गढ़वा में उपस्थित होकर कार्यालय अवधि में अथवा (https://agnipath-vayu.cdac.in/) पर अपना निबंधन स्वयं करा सकते हैं। इस भर्ती कार्यशाला को सफल बनाने में जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार, एमजीएनएफ सौरभ राज, कुमार अनिरुद्ध सिंह, नवनीत कुमार, वीरेंद्र मांझी, काजू कुमार आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### वायु सेना के अधिकारियों ने उपायुक्त से मिलकर अग्निवीर वायु के लिए भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। वायु सेना स्टेशन बिहटा के भर्ती अधिकारी बीएम सेवदा और राकेश कुमार मलगोत्रा ने उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप से मिलकर भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु के लिए भर्ती प्रक्रिया होने की जानकारी दी। वायु सेना के अग्निवीर वायु के योग्य अभ्यर्थियों के चयन से संबंधित युवाओं में जागरूकता फैलाने हेतु अपेक्षित सहयोग की कामना की। उपायुक्त श्री घोलप द्वारा भारतीय वायु सेना के अधिकारी श्री सेवदा एवं श्री मलगोत्रा को अग्निपथ योजना के तहत भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु के भर्ती के लिए जिले में अधिक से अधिक विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार यथा- प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल साइट्स, विभिन्न क्षेत्रों के सभी जनप्रतिनिधियों आदि अन्य माध्यमों से कराने की बात कही। इस भर्ती प्रक्रिया में युवक के साथ-साथ युवतियों को भी वायु सेना में मौका दिया जा रहा है। अग्निवीर वायु में भर्ती के इच्छुक अभ्यर्थी जिला नियोजनालय गढ़वा में उपस्थित होकर कार्यालय अवधि में अथवा (https://agnipathvayu.cdac.in/) पर अपना निबंधन स्वयं करा सकते हैं।

## बिरसा मुंडा की क्रांतिकारी विचारधारा आने वाली पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त करेगी : एमपी केसरी







> जीएन कॉन्वेन्ट स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जीएन कॉन्वेन्ट स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सीबीएसई से मान्यता प्राप्त जीएन कॉन्वेन्ट स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती, जनजातीय समुदाय गौरव दिवस एवं झारखंड राज्य के 22वें स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

स्कूल निदेशक मदन केशरी, प्राचार्य, उपप्राचार्य ने सामुहिक दीप प्रज्वलित कर भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शत शत नमन किया। अपने सम्बोधन में निदेशक ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा की 147वीं जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में पूरे भारत देश में मनाया जा रहा है। आज सचमुच में हमार सोना झारखंड-हमार हीरा झारखंड के लिए गौरव का दिन है। उनका जीवन दर्शन हमसभी के लिए सदैव प्रेरणा और सीख देता रहेगा। उनकी क्रांतिकारी विचारधारा आने वाली पीढ़ियों को जनजातीय स्वतन्त्रता सेनानियों के लिए और देश के लिए दिए गए बलिदान की याद दिलाती रहेगी। उन्होंने शोषणकारी व्यवस्था के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी। उन्होंने हमेशा जनजातीय संस्कृति, कला व समृद्ध जनजातीय विरासत का संरक्षण के लिए अंग्रेजों से लोहा लिया। निदेशक ने कहा कि झारखंड का हर नागरिक अपने राज्य के विकास का भागीदार बने और इसकी समृद्धि में अपना योगदान दे। यह राज्य विश्व के मानचित्र पर एक शिक्षित, स्वस्थ और अपार संपदा समृद्धि, आत्मनिर्भर, प्रगतिशील बने।

इस अवसर पर बच्चों के बीच क्विज, निबन्ध भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसका संचालन प्राचार्य और शिक्षक संतोष प्रसाद ने किया।

सफल छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विनय दुबे, उदय प्रकाश, एनके सिन्हा, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, रिजवाना साहिन, नीलम केशरी, शिवानी कुमारी, सुषमा तिवारी, सुनीता कुमारी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### डीलर की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया

**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 4 ग्राम गहीडी के स्थानीय निवासी डीलर बलराम मेहता की 85 वर्षीय मां दुखनी देवी का बीती रात्रि 3:30 बजे निधन हो गया। दुखनी देवी के निधन से परिजनों सहित आस-पड़ोस में गम का माहौल है। ज्ञात हो कि पार्थिव शरीर को स्थानीय कोयल नदी में अंतिम संस्कार किया गया। जहां मुखाग्नि उनके पति भरत मेहता ने दी। इस दुःख की घड़ी में शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बंधाने मंझिआंव नगर पंचायत की निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी सहित भावी नगर पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी मारुत नंदन सोनी, पुष्पक पांडे उर्फ बिटू पांडे, देवेन्द्रनाथ पांडे, गिरीश पांडे, लक्ष्मी मेहता, केसनाथ मेहता, सुनेश्वर मेहता, श्रीराम मेहता, पारस मेहता आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### कुएं में डूबने से पांचवीं कक्षा की छात्रा की मौत

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के महुली ग्राम निवासी संजय उरांव की 12 वर्षीय पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाली पुत्री आराधना कुमारी का मंगलवार को कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि आराधना कुमारी अपने घर के बगल के खेत में सब्जी का पटवन कर रही थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह कुएं में गिर गई। देर शाम तक आराधना कुमारी के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने देर रात तक आराधना कुमारी की खोज भी की, लेकिन कहीं अता-पता नहीं चला। वहीं बुधवार को सुबह में खोजबीन करने पर घर के ही बगल के कुएं में आराधना कुमारी का तैरता हुआ शव मिला। जहां शव को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से मृतका के शव को कुएं से बाहर निकाला गया। इधर आराधना कुमारी की मौत हो जाने पर घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है। वह उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय महुली की छात्रा थी। उसकी मौत होने की खबर मिलने पर विद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## सामग्री आपूर्तिकर्ताओं के भौतिक सत्यापन में नहीं मिली दुकानें जुर्माना वसूलने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मनरेगा अंतर्गत सामग्री आपूर्ति में अनियमितता उजागर हुआ है। शिकायत के आलोक में आपूर्तिकर्ताओं के दुकानों की जांच की गयी। जांच और भौतिक सत्यापन में जिलांतर्गत 16 वेंडरों की दुकान ही नहीं पायी गयी। पदाधिकारियों की मिलीभगत से उनका दुकान कागजों में ही चलता रहा। जांच में अनियमितता पाये जाने पर संबंधित पंचायत सचिव, मुखिया और कनीय अभियंता से प्रति बिल एक-एक हजार रुपये की दर से जुमार्ना की राशि वसूली का निर्देश डीडीसी सह जिला कार्यक्रम समन्वयक ने सभी बीडीओ को दिया है। डीडीसी की ओर से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि शिकायत के आलोक में मनरेगा अंतर्गत निबंधित आपूर्तिकताओं के दुकानों का भौतिक सत्यापन जिलास्तरीय जांच दल के सदस्यों से कराया गया। जांच के दौरान सामग्री कुछ आपूर्तिकर्ताओं का दुकान नहीं पाया गया। वहीं कुछ दुकान बंद तो कुछ आनन-फानन में खोले पाए गए। उक्त आलोक में संबंधित वेंडरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जांच में जिलांतर्गत विभिन्न प्रखंडों में जिन वेंडरों पर कार्रवाई की जा रही है उनमें मेसर्स ओम प्रकाश यादव, मेसर्स शमशाद अंसारी, नसरूल्लाह अंसारी, मेसर्स राजा इंटरप्राइजेज, मो गुलाब अंसारी, अर्श इंटरप्राइजेज, कमल किशोर चौबे, सत्येंद्र साह, खुश्बू इंटरप्राइजेज, न्यू पॉपुलर पेवर्स, प्रताप इंटरप्राइजेज, मेसर्स नवीन प्रताप देव, मेसर्स नसीम खान, मेसर्स भाग्यमणि इंटरप्राइजेज, मेसर्स शिवा कंस्ट्रक्शन, मेसर्स प्रतीक इंटर प्राइजेज शामिल हैं। उक्त वेंडरों को सामग्री मद में किए गए कुल भुगतान राशि पर संबंधित पंचायत सचिव, मुखिया और कनीय अभियंता पर प्रति बिल एक-एक हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। बीडीओ को जुमार्ना मद की राशि वसूली का निर्देश दिया गया है। साथ ही अल्टीमेटम दिया गया है कि भविष्य में अगर उपरोक्त सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सामग्री मद में किसी भी प्रकार का भुगतान किया जाता है तो उसकी जिम्मेवारी उनकी ही होगी। उधर उक्त कार्रवाई पर वेंडरों में भी आक्रोश है। डंडई प्रखंड के वेंडर नसरुल्लाह अंसारी, ओम प्रकाश यादव ने बताया कि प्रखंड के निबंधित वेंडरों में दो दर्जन वेंडरों का दुकान नहीं है। उनके दुकान भी कागज पर चल रहे हैं। उसके बाद भी सिर्फ चार वेंडरों पर कार्रवाई की गई है। सभी वेंडरों के दुकानों का भौतिक जांच हो। दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई हो।

### डॉ अंबेडकर व राम विलास पासवान की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय, ग्राम विकास अहिरपुरवा समिति का गठन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम अहिरपुरवा स्थित छठ घाट परिसर में गांव के प्रबुद्ध, बुद्धिजीवी व्यक्तियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मनदीप कुमार रवि और प्रदीप राम ने की। बैठक में सर्वसम्मति से लोगों ने चर्चा की कि अहिरपुरवा स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में दो महापुरुष डॉ भीम राव अंबेडकर और राम विलास पासवान की आदम कद प्रतिमा स्थापित की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए मनदीप कुमार रवि ने कहा कि भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने अपने जीवन के 65 वर्षों में देश को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, औद्योगिक, संवैधानिक इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में अनगिनत कार्य करके राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं रामविलास एक जननायक नेता थे, लोग इनको बहुत पसंद करते थे। बिहार, झारखण्ड में भी यह बहुत पॉपुलर थे। वह लालू, नितीश के जमाने के नेता थे। रामविलास जी का काफी लम्बा राजनीतिक सफर रहा था। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष 15 अगस्त तक दोनों महापुरुषों की आदमकद प्रतिमा लग जाएगी। बैठक को सुभाष पासवान, अशोक चंद्रवंशी, सीताराम पासवान सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। बैठक में ग्राम विकास अहिरपुरवा समिति कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मंदीप कुमार रवि, सुभाष पासवान, अशोक चंद्रवंशीरा सीताराम पासवान, रामाधार राम, मुन्ना राम, लक्ष्मण राम, अखिलेश रवि, गुलाब पासवान, राजेंद्र राम, अनिल राम, शंभू राम, राम बदन राम, बिहारी राम, अशोक कुमार रवि, शिवराम का नाम शामिल हैं।

### भोजपुर पंचायत के अलकर एवं दहेड़िया में आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत भोजपुर पंचायत के अलकर एवं दहेड़िया में मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास किया गया। वहीं कुंबाखुर्द पंचायत में निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उदघाटन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास एवं उदघाटन प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, विधायक प्रतिनिधि लालमोहन यादव एवं प्रमुख प्रतिनिधि पूर्व प्रमुख रवींद्र पासवान ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे ने कहा कि अब आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। बच्चे जल्द ही चमचमाते हुए भवन में पढ़ाई करेंगे। उन्होंने संवेदक को ससमय गुणवत्तापूर्ण भवन बनाने का निर्देश दिया। शिलान्यास एवं उदघाटन के मौके पर बीपीओ राजदीप कुमार, भोजपुर पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश उरांव, कुंबाखुर्द के मुखिया विवेक कुमार, जेई रणधीर कुमार, रोजगार सेवक आनंद विश्वकर्मा, उप मुखिया मनीष यादव, ओमप्रकाश चौबे, सुदेश्वर विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### कुआं में गिरने से अधेड़ की मौत

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के खरवार टोला निवासी दीपक उरांव (30) पिता स्व. जग्गू उरांव की मौत कुआं में गिरने से हो गई। दीपक को मंगलवार की देर शाम में शराब की नशे में देखा गया था। बताया गया कि शराब के नशे में वह रात्रि में कुआं में गिर गया, जिसे किसी ने नहीं देखा और उसकी मौत हो गई। बुधवार की सुबह उसकी लाश कुआं में तैरती पायी गयी। सूचना मिलने पर मेराल थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी मिलने के बाद मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो सहित कई लोग वहां पहुंचे तथा मृतक के शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

**कार्यक्रम :** राज्य स्थापना दिवस पर खेल का स्टॉल रहा विशेष आकर्षण का केंद्र

# मंत्री ने मुख्यमंत्री कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 की ट्रॉफी का किया अनावरण

> गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक ने बताया कि उपायुक्त के कांसेप्ट पर खेल के स्टॉल की जिले के खिलाड़ी एवं खेल प्रेमियों ने काफी सराहना की है

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** झारखंड स्थापना दिवस 15 नवंबर को जिला मुख्यालय के टाउन हाल के मैदान में आयोजित किए गए झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर लगाए गए विभिन्न स्टॉलों में इस बार खेल गतिविधियों की खेल स्टाल की भी शुरुआत की गई। इसमें इस महीने होने वाले मुख्यमंत्री फुटबॉल कप की ट्रॉफी का अनावरण किया गया, जबकि फिटनेस से संबंधित सारे उपकरण स्टॉल में लगाए गए थे। जैसे की ज्वेलिंग थ्रो, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, डंबल्स, वेटलिफ्टिंग रोड एंड प्लेट्स, जंप रोप जैसे कई खेल के उपकरण स्टॉल पर उपलब्ध थे। आने वाले लोगों को उनकी बारीकियों से समझाने के लिए विभागीय प्रशिक्षक अरविंद दुबे, रमाशंकर सिंह, प्रभात रंजन तिवारी, ललन पहलवान इत्यादि मौजूद रहे तथा जिज्ञासा रखने वाले व्यक्तियों को खेल की बारीकियां तथा खेल उपकरण की उपयोगिता के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते रहे। कार्यक्रम के उपरांत मंत्री मिथिलेश ठाकुर और जिले के उपायुक्त रमेश घोलप ने खेल स्टॉल में लगे उपकरण के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त की तथा मुख्यमंत्री कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 के ट्रॉफी का अनावरण भी किया। इस अवसर पर मंत्री ने पूछा कि क्या आप लोगों ने स्टाल की मांग की थी, इसपर कुश्ती के अंतरराष्ट्रीय रेफरी सह गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक ने विस्तृत रूप से मंत्री को जानकारी दी तथा बताया कि उपायुक्त के कांसेप्ट पर इस बार खेल का यह स्टॉल लगाया गया है, जिसकी दर्शकों ने और जिले के खिलाड़ी तथा खेल प्रेमियों ने काफी सराहना की है। साथ ही सीआरपीएफ कमांडेंट आशीष कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक गढ़वा अंजनी कुमार झा तथा नगर अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने भी स्टॉल पर आकर खेल उपकरण की काफी सराहना की।

मौके पर स्टॉल को सक्षम रूप देने के लिए जिला खेल पदाधिकारी गढ़वा उमेश लोहरा तथा बड़ा बाबू रघुवीर कौशिक, ललन कुमार, कुश कुमार और डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र एथलेटिक्स, वॉलीबॉल और कुश्ती के खिलाड़ी सभी मौके पर उपस्थित रहे।

## मुकेश चौधरी बने बरियातू थाना प्रभारी



**बालूमाथ।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने किया प्रशासनिक विभाग में बड़ा फेरबदल। जिले के विभिन्न थानों में पदस्थापित पुनि, पुअनि व सअनि पदाधिकारी एवं आरक्षी का किया गया तबादल। लातेहार पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता बनाये गए चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी, बरवाडीह पुनि चंद्रशेखर चौधरी बनाये गए लातेहार के पुनि सह थाना प्रभारी, हेरहंज थाना प्रभारी मुकेश चौधरी बने बरियातू थाना प्रभारी, शुभम कुमार मनिका थाना प्रभारी से बने, हेरहंज थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह बनाये गये, मनिका थाना प्रभारी, चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी मदन शर्मा को मिला अभियोजन कोषांग सदर कोर्ट लातेहार एवं प्रभारी हिंदी शाखा, वही आशुतोष कुमार बने अपराध शाखा के प्रभारी इसके अलावे कई अधिकारियों का किया गया है तबादला।

## फलेरिया को लेकर बैठक संपन्न



**लातेहार।** मनिका प्रखंड कार्यालय में दिन बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका के डॉक्टरों के साथ फलेरिया कार्यक्रम को लेकर बैठक किया गया। बैठक में फलेरिया रोग के मरीजों का एक दिसंबर से जांच व इलाज कर दवा का वितरण करने पर विशेष चर्चा की गयी। मौके पर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, कमलेश कुमार, विनीता कुमारी, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## कैरो में वाहन चेकिंन अभियान चला



**कैरो(लोहरदगा)।** कैरो थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक लोहरदगा के आदेशानुसार कैरो थाना पुलिस के द्वारा कैरो - कुडू मुख्य मार्ग में घसकट्टा के पास दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों का 16 नवंबर बुधवार को गहन जांच किया गया। इस दौरान कैरो थाना से पुलिस अवर निरीक्षक किरण पंडित दल बल के साथ उपस्थित थे। अवैध गोली -बारूद, हथियार शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के बरामदगी के लिए दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों का डीकी विशेष रूप से जांच किया गया। वाहन चालकों से अपना और अपने परिवार के जीवन की सुरक्षा के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट वाहन चलाते समय अवश्य रूप से इस्तेमाल करने का सलाह दिया गया। लोगों को यह भी बताया गया कि सीट बेल्ट और हेलमेट लगाने से सड़क दुर्घटना में बहुत हद तक अपने आप को बचाया जा सकता है। साथ ही सड़क दुर्घटना में होने वाले बेहिसाब खर्चों को भी बचाया जा सकता है। जिसका उपयोग आप अपने घर परिवार एवं बाल बच्चों की पढ़ाई में कर सकते हैं।

## कंप्यूटर सेंटर का उद्घाटन



**लातेहार।** मनिका प्रखंड के बालिका मध्य विद्यालय में दिन बुधवार को विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष श्यामलाल पासवान, प्रधानाध्यापक नीरज कुमार,भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार,समेत अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से कंप्यूटर क्लास रूम का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक नीरज कुमार ने बताया कि विद्यालय में आज कंप्यूटर क्लास का उद्घाटन किया गया है। विद्यालय में कंप्यूटर क्लास की व्यवस्था होने से यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों का कंप्यूटर शिक्षा बेहतर होगी। उन्होंने बताया कि विद्यालय में लगभग 14 से 15 कंप्यूटर उपलब्ध करवाई गयी है। एक कंप्यूटर पर 2 विद्यार्थी एक साथ शिक्षा लेंगे। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर क्लास में एक साथ लगभग 40 से 45 विद्यार्थियों को कंप्यूटर सिखाई जाएगी। वहीं विद्यालय में कंप्यूटर क्लास होने से विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। मौके पर शिक्षिका कुमारी पूजा, संगीता कुमारी, ईफत सुल्तान, समेत कई विद्यार्थी उपस्थित थे।

## अपराधियों ने की फायरिंग, एक की मौत, दो घायल



**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के ब्लॉक मोड़ के समीप मुहल्ले में अज्ञात अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दिया। जिससे इस घटना में एक युवक की मौत हो गयी है जबकि इस घटना में एक युवक और एक महिला गंभीर रूप से घायल है। घटना की सूचना मिलने के बाद कुडू पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। हालांकि, फायरिंग करने वाले अपराधियों की जानकारी नहीं मिली है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गयी है।

## पत्रकारों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त को पत्रकार संगठन ऑल इंडिया स्मॉल एंड जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में एक ज्ञापन सौंपा गया है । ज्ञापन के माध्यम से जिले के पत्रकारों ने झारखंड के मुख्यमंत्री से जल्द पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, बीमा योजना को धरातल पर उतारने का मांग किया है। इसके अलावा झारखंड में पत्रकारों पर फर्जी मामले दर्ज हो रहे हैं इस विषय पर भी मुख्यमंत्री से इस ज्वलंत समस्या पर ध्यान आकृष्ट करने का आग्रह किया है। इस बाबत पत्रकार संगठन के जिलाध्यक्ष रोशन कुमार गुप्ता ने कहा कि लातेहार उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने झारखंड सरकार से सर्वप्रथम झारखंड के पत्रकारों पर प्रशासन के द्वारा द्वेष में आकर झूठा प्राथमिकी दर्ज किया जा रहा है। आए दिन झारखंड में पत्रकारों पर हमले बढ़ रहे हैं पत्रकारों को सच्चाई उजागर करने पर धमकी मिल रही है। इस ज्वलंत समस्याओं पर सरकार को ध्यान आकृष्ट करते हुए पत्रकार हित में कदम बढ़ाने का मांग किया है इधर उन्होंने लातेहार उपायुक्त से प्रति माह के अंत में जिले के पत्रकारों के साथ चर्चा परिचर्चा को लेकर एक बैठक आयोजित करने का आग्रह किया है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमंडल अध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा, राहुल पांडे, विवेक सिन्हा अमित कुमार, वीरेंद्र प्रसाद दीपक मिश्रा ,नीरज सिन्हा रामकुमार समेत अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

### मीडिया की चुनौतियां और अवसर पर संगोष्ठी आयोजित

# लोकतंत्र को संवारने में मीडिया की भूमिका अहम : डीसी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। वहीं लोकतंत्र को संवारने में मीडिया की भूमिका अहम है। इतिहास रहा है कि जब-जब समाज में सुधार की जरूरत हुई है तब-तब मीडिया ने अपना कार्य किया है। देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने भी समय-समय पर अखबार निकाला और ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंका। महात्मा गांधी ने हरिजन, सरदार भगत सिंह ने कीर्ति, बाल गंगाधर तिलक ने केसरी पत्रिका/अखबारों से अपनी बातें लोगों तक पहुंचायी। देश की आजादी के आंदोलन को एक नया आयाम दिया। उक्त बातें उपायुक्त, लोहरदगा ने आज बुधवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर सूचना, भवन लोहरदगा में आयोजित सेमिनार/संगोष्ठी के विषय वर्तमान समय मे मीडिया की चुनौतियां एवं अवसर में बतौर मुख्य अतिथि कही। उपायुक्त ने कहा कि मीडिया की भूमिका समाज सुधार में आगे भी रहेगी। आज खबरें अखबारों में लिखी जाती, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से समाचारों में प्रसारित होती हैं, उसे मीडियाकर्मी फैक्ट चेक कर मीडिया में देते हैं। जो खबरे पढ़ी जाती हैं या देखी जाती है उसमें मीडिया का कर्तव्य है कि वही खबर लिखे। समाज में सही खबरें जाएं, इसमें मीडिया का सहयोग जरूरी है। कार्यक्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी उपस्थित मीडियाकर्मियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो द्वारा स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मौके पर सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी आशीष कुमार, स्वागतक सुभद्रा कुमारी, अनुसेवक सुहैल अहमद, विकास वर्मा व विभिन्न समाचार-पत्रों व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल के ब्यूरोचीफ व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए कार्य करें : आर राम कुमार

**पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि मीडियाकर्मी अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। आप मीडियाकर्मी अपने स्वास्थ्य की चिंता किये बगैर कार्य करते रहते हैं। स्वस्थ रहें और अपना कार्य करते रहें। समाज निर्माण में आपकी भूमिका अहम है। इधर कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार कयूम खान ने कहा कि आज के सामाजिक संरचना में प्रेस की अहम भूमिका है। प्रेस, प्रशासन तथा जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। वेबपोर्टल, व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्यूटर, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया के आ जाने से लाखों चुनौतियां हैं। बावजूद मीडिया अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करता है। समय बदला है। प्रेस मीडिया का स्वरूप भी बदला है। लेकिन मीडिया कर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी पारदर्शिता के साथ करते हैं। चाहे कोरोना काल हो या वर्तमान समय की अन्य चुनौतियां हों, इन सभी का पत्रकारों ने डटकर मुकाबला किया है। मित्रों!आज जहां मीडिया जगत में चुनौतियां हैं तो अवसर भी मिला है।**

### सिविल सर्जन ने कहा हैंडओवर मिला नहीं

# सात साल में 70 बेड के अस्पताल का उद्घाटन नहीं, खुद हुआ बीमार

**हुसैन अंसारी**

**किस्को/लोहरदगा।** केंद्र और राज्य सरकार देश के कोने-कोने में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हो इसे लेकर तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। परंतु झारखंड राज्य के लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बगडू थाना के बगल पर विगत सात साल पूर्व करोड़ो रुपए खर्च कर बनाई गई 70 बेड वाली अस्पताल 7 साल गुजर जाने के बाद भी शुरू नहीं हो पाया है। इसे विभागीय उदासीनता कहें या फिर अनदेखी। बात जो भी हो पर इतने बड़े राशि खर्च कर सरकार की ओर से बनायी गयी अस्पताल उद्घाटन की बाट जोहते-जोहते आज खुद बीमार हो गया है। आलम यह है कि अस्पताल धीरे-धीरे देख-रेख के अभाव में खंडहर में तब्दील होने लगा है। यदि भविष्य में आलम यही रहा तो अस्पताल में मरीजों का इलाज तो दूर की बात है लेकिन भूतों का बसेरा तय है। लोग इसे विभागीय उदासीनता व लापरवाही बता रहे हैं। लोगों का कहना है कि अस्पताल के निर्माण कार्य को देखकर ऐसा लग रहा था कि अब हमारे क्षेत्र के गरीब असहाय एवं वृद्ध परिवार वालों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया होगी। लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद भी अब तक अस्पताल का उद्घाटन नहीं हो पाने से क्षेत्र के ग्रामीणों का सपना अधूरा रह गया है।



### अस्पताल का संचालन होने से सात पंचायत के ग्रामीण होंगे लाभान्वित

**जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बगडू के पतरातु व बगडू थाना के बीच में स्थित बिजली सब स्टेशन के समीप क्षेत्र के गरीब असहाय लोगों को बेहतर चिकित्सीय सहायता दिलाने के उद्देश्य से बनाया गया 70 बेड का अस्पताल का संचालन सुचारू रूप से कर दिया जाए तो उक्त अस्पताल से हिसरी, अरेया, रोरद, बगडू, बेटहट, तुईमू और हेसाग पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के लोगों को सीधा लाभ प्राप्त होता। परंतु अस्पताल का संचालन नहीं होने से ग्रामीणों का सपना धरा का धरा रह गया है। सीएस ने ये कहा : मामले को ले जिले के सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध से दूरभाष पर बात करने पर कहा कि अभी तक अस्पताल का हैंडओवर नहीं मिला है। सीएस डॉ संजय कुमार सुबोध ने कहा कि हैंड ओवर मिलते ही अस्पताल का संचालन नियमित रूप से शुरू कर दिया जाएगा।**

## भूमि सत्यापन कार्य करने से रोका

**बालूमाथ/बारियातु।** प्रखंड के सीसीएल प्रभावित क्षेत्र अमरवाडीह फुलबसिया के भु-रैयतों ने हल्का कर्मचारी लाल बिहारी उरांव व अंचल अमीन संजय यादव द्वारा रेलवे साईडिंग हेतु 9.88 एकड़ एंव मगध ओसिपि हेतु 5.41 एकड़ भुमि को सत्यापन कार्य करने से रोक दिया। वहीं भु-रैयतों ने महेंद्र गंझु की अध्यक्षता में बैठक कर दस सुत्री मांगो को लेकर अंचलाधिकारी के नाम आवेदन सौपने का सहमति बना। इस संबंध में जानकारी देते हुए बैठक की अध्यक्षता कर रहे गंझु ने बताया कि बीते दस वर्षो से फुलबसिया अमरवाडीह के सैकड़ों एकड़ जमीन अधिग्रहण कर हमलोगों को अब तक आश्वासन ही देते आरहा है सिसिएल जब अपना कार्य प्रारंभ किया था तो ग्राम वासियों के साथ बैठक कर भुमि अधिग्रहण के बदले नौकरी, मुआवजा, बच्चों की शिक्षा के लिए स्कुल, इलाज के लिए अस्पताल, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, धुलकण से बचाव के लिए पानी का छिड़काव, भुमि की कागजात दुरूस्त कराने एंव वंशावली व परिवारिक सुची बनवाने सहित कई सुविधा बहाल कराने की बात कहा गया था पर आज तक सिसिएल का वादा एक भी पुरा नहीं हुआ। और सिसिएल जिएमके जमीन जो हम ग्रामीणों की पुर्वजों से कब्जे में है और जमीन का जोत कोड़ करते आरहे थे उस जमीन को सिसिएल अंचल के माध्यम से सत्यापित करा रहा था जिसे रोका गया है। जब तक हम भू-रैयतों की मांगे पुरी नहीं की जाएगी तब तक भुमि संबंधित कोई कार्य नहीं करने दुंगा।

## चंदवा के नये थाना प्रभारी अमित गुप्ता बने



**चंदवा।** चंदवा के नए थाना प्रभारी अमित गुप्ता को बनाया गया और निवर्तमान थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा को लातेहार के अभियोजन कोषांग सदर कोर्ट एवं हिंदी शाखा में भेजा गया है। वही अमित कुमार गुप्ता को लातेहार सदर थाना प्रभारी से चंदवा थाना प्रभारी बनाया गया है।

## नदी में डूबने से छात्र की मौत



**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के हरमू भक्सो नदी में नहाने गये दो स्कूली बच्चों में से एक स्कूली बच्चे की गहरे पानी मे डूबकर मौत हो गयी जबकि दूसरे बच्चों को विहंगम योग समिति के सह संयोजक ने अपने जान पर खेलकर बचा लिया। मृतक छात्र की पहचान फैज अंसारी न्यू आजाद बस्ती लोहरदगा निवासी के रूप में किया गया है जो कक्षा 6 में पढ़ता था। वही दूसरे बच्चे की पहचान सुफियान रजा पिता इनायत अली, न्यू आजाद बस्ती के रूप में किया गया है जो आठ कक्षा में पढ़ता है। दोनों बच्चे राजकीय कृत मध्य विद्यालय पावरगंज साइडिंग स्कूल में पढ़ते थे। मिली जानकारी के अनुसार दो स्कूली बच्चे घर से स्कूल के लिए निकले थे। जो स्कूल न जाकर हरमू भकसो कोयल नदी मे नहाने चला गया। दोनों बच्चे 10 बजे स्कूल के समय मे निकला था। स्कूल नहीं जाकर सीधे नदी जा पहुचा। कपड़ा खोलकर दोनों नदी में घुस गया और एक बच्चा गहरे पानी में डूब गया जबकि दूसरा भी डूब रहा था जिसे बगल में कपड़ा धो रहे सुरेश साहू, रांची के रहनेवाले है जो यज्ञ में आये थे। देखा तो उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए नदी में कूद पड़े और किसी प्रकार उसे बाहर निकाल लिया और उसे डूबने से बचा लिया। इसके बाद विहंगम योग कार्यक्रम में उपस्थित पुलिसकर्मियों को सूचना दिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने बच्चे को खोजने का काफी प्रयास किया। गहरे पानी में डूबने की वजह से बच्चे का पता नहीं चल सका। पुलिस ने झगड़ से शव खोजने का प्रयास किया लेकिन काफी पथरीला चट्टान होने की वजह से पानी के नीचे झगड़ फंस गया। इसके बाद पुलिस ने वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय अधिकारियों ने एनडीआरएफ को सूचना दिया है। सदर थाना के एसआई पंकज शर्मा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि दो बच्चे नदी में नहाने के लिए आये थे जिसमें एक बच्चा गहरे पानी में डूब गए हैं और दूसरे बच्चे को यहाँ नहाने आये लोगो के द्वारा बचा लिया गया है। पुलिस एनडीआरएफ टीम व आपदा प्रबंधन विभाग को सूचना दी है। आगे की कार्रवाई में पुलिस जुट गई है। उन्होंने बताया कि विहंगम योग समिति के सह संयोजक सुरेश साहू ने बच्चे की जान बचाई है। वही सुरेश साहू ने बताया कि वे रांची के अरगोड़ा निवासी है और वे यज्ञ में शामिल होने के लिए वे पिछले कुछ दिनों से यज्ञ कार्यक्रम को लेकर कैम्प किए हुए हैं। नदी में नहाने के बाद कपड़ा धो रहे थे कि उन्होंने देखा कि कोई बच्चा डूब रहा है। यह देख नदी में कूद पड़े और बच्चे को डूबने से बचाया। जबकि दूसरा बच्चा नदी के गहरे पानी में डूब गया। इस मौके पर एसआई पंकज शर्मा, टीनू साव, राजकुमार मेहता, एएसआई रामकुमार ठाकुर समेत सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

### पांच नाबालिग लड़कियों को किया गया रेस्क्यू, मानव तस्कर गिरफ्तार

# डालटनगंज रेलवे स्टेशन से हुई बरामदगी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र से लापता 5 नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने बरामद किया। मामले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है।नावाडीह की एक आदिम जनजाति की महिला कांति देवी ने पुलिस की शिकायत की थी कि नावाडीह के कलीम अंसारी गांव की पांच नाबालिग लड़कियों को काम कराने बाहर ले गया है। इस सम्बन्ध में छिपादोहर कांड संख्या 38/2022 दिनांक05/11/2022 धारा 367/370 भादवि के तहत छिपादोहर थाना में एफआईआर दर्ज किया गया था। बरवाडीह एसडीपीओ दिलु लोहरा ने बताया कि इस संबंध में गठित छापामारी दल ने गुप्त सूचना के आधार पर डालटनगंज रेलवे स्टेशन से आरोपी कलीम अंसारी को गिरफ्तार किया तथा पांचों नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि आदिम जनजाति परिवार की सभी लड़कियां 13 से 17 वर्ष आयु की हैं और नावाडीह गांव की रहने वाली हैं। कौन हुआ गिरफ्तार : कलीम अंसारी, पिता सतमुद्दीन मियां, नावाडीह छिपादोहर छापामारी दल में शामिल सदस्यों के नाम : थाना प्रभारी छिपादोहर विश्वजीत तिवारी। पुअनि रंजीत राम, महिला आरक्षी रीता देवी, सविता कुमारी, आरक्षी अमोल कुमार राम, कमलेश पासवान और काशीनाथ कुम्हार शामिल रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल, रिम्स रेफर

**चंदवा।** चंदवा के गुरीताड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा का जन्म जयंती मनाया जा रहा था। गुरिताड़ स्थित मेला देखने आए अरविंद गंझू पिता दुखू गंझु ग्राम हुटाप, आनंद गंझु पिता रामजतन गंझु मोटरसाइकिल सवार थे दोनों ने एक पानीपुरी के ठेले में धक्का मार दी जिससे घायल हो गए मेला में आए लोगों ने चंद्रमा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया दोनों घायलों को चंदवा मुखिया रणजीत उरांव के द्वारा डॉ नीलिमा कुमारी के देख रेख में प्राथमिक उपचार के बार रिम्स रेफर कर दिया है। डॉ नीलिमा कुमारी ने बतलाया कि दोनों घायल को काफी चोट आई है। परंतु खतरे से बाहर है।

## लातेहार में डीएसइ का स्वागत किया



**लातेहार।** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार के नेतृत्व में सहायक अध्यापकों का एक प्रतिनिधि मंडल नव पदस्थापित जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो को बुके एवं उपहार भेंट कर स्वागत किया। जिला अध्यक्ष श्री कुमार ने जिले को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर बनाने के लिए हर संभव मदद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले के सहायक अध्यापक पूरे मनोयोग से सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जा रहे हैं। डीएसई सुश्री खलको ने भी सहायक अध्यापकों से हर संभव मदद की अपेक्षा की। मौके पर महासचिव अनूप कुमार, संयोजक पवन कुमार यादव, प्रवीण सिंह, सतेंद्र यादव, अध्यक्ष बेलाल अहमद, व उमेश साहू आदि उपस्थित थे.

## एलसीए सीनियर व एलसीए जूनियर ने जीते मैच



**लातेहार।** जिला स्टेडियम मे जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित स्कूली क्रिकेट लीग में बुधवार को दो मैच खेले गये। पहला मैच शेरशाह जूनियर व एलसीए सीनियर के बीच खेला गया। एलसीए सीनियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर 119 रन बनाये। अभिषेक अंजन ने 28 व तिलक खरवार ने 19 रनों का योगदान दिया। शेरशाह जूनियर की ओर से राहुल कमर ने तीन व नीतीश कुमार ने दो विकेट चटकाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शेरशाह जूनियर निर्धारित ओवरों में नौ विकेट पर 107 रन ही बना सकी। कृष्ण कुमार ने 44 रनों का योगदान दिया. एलसीए सीनियर की ओर से अतुल कुमार गुप्ता ने चार विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सेवानिवृत बैंक अधिकारी मनोज कुमार पांडेय ने एलसीए सीनियर के अतुल कुमार गुप्ता प्रदान किया। दूसरा मैच एलपीएस व एलसीए जूनियर के बीच खेला गया। एलसीए जूनियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 188 रन बनाये। अंकित राज ने 45 व अंकुश कुमार ने 23 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलपीएस 97 रनों पर ही ढेर हो गयी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सीनियर कोच श्रवण कुमार महली ने एलसीए जूनियर के अंकित राज को प्रदान किया। मौके संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, अंकित गौरव व प्रतीक आनंद आदि उपस्थित थे।

## अमृत सरोवर योजना अंतर्गत सभी योजनाओं को करें शीघ्र पूरा : उपायुक्त



लोहरदगा। उपायुक्त की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में अमृत सरोवर योजना अंतर्गत तालाब निर्माण और तालाब जीर्णोद्धार, किसानों को केसीसी, मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, ग्रामवार योजनाओं का चयन, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना की पूर्णता, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर आवास, सरना-मसना स्थल घेराबंदी, घुमकुड़िया निर्माण, समाज कल्याण अंतर्गत सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आपूर्ति विभाग अंतर्गत हरा राशन कार्ड समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गयी। कम मानव दिवस सृजन वाले प्रखंड को लक्ष्य प्राप्त करने का निदेश दिया गया। ग्रामवार योजनाओं की संख्या बढ़ाए जाने का निदेश दिया गया। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत जिला के प्रत्येक गांव में भी योजना के लिए स्थल चयन का निदेश दिया गया। आज की बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## लोहरदगा में गोली मारकर हत्या



**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के लक्ष्मी नगर निवासी बढ़ई मिस्त्री का काम करने वाले विकास साव की हत्या में पीएलएफआई उग्रवादियों का हाथ होने की बात सामने आ रही है। विकास की सोमवार की देर शाम जिन दो व्यक्तियों के साथ विवाद हुआ था, वह पीएलएफआई से जुड़े हुए थे। पीएलएफआई के एरिया कमांडर कृष्णा गोप के इशारे पर ही पीएलएफआई के शूटरों ने मंगलवार की देर शाम गोली मारकर विकास की हत्या की है। इस घटना में विकास की पत्नी पूजा देवी को भी गोली लगी है। जबकि पड़ोस में रहने वाले राजेश साव नामक युवक को धारदार हथियार से वार कर पीएलएफआई उग्रवादियों ने घायल कर दिया है। घटना को लेकर कुडू थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना के संदर्भ कुरु थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हुए कहा है कि मामले में नक्सली घटना के तहत मामला दर्ज किया गया है नक्सली हिंसा के शिकार पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधा दिलाने में सहयोग किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार घटना के बाद हुई पुलिस पड़ताल में घटना के पीछे पीएलएफआई नक्सलियों के हाथ होने के सुराग मिले हैं पुलिस इस मामले को नक्सली वारदात मानकर करवाई कर रही है।

## बरवाडीह में अंतिम संस्कार के लिए निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी लकड़ी



**बरवाडीह।** बुधवार को नीलांबर पीतांबर विकास सोसाइटी के द्वारा राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी सामाजिक कुरीति निवारण योजना के तहत बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत आदर्श नगर शव दाह गृह में अंतिम संस्कार के लिए अनुदान हेतु कार्यान्वयन का उदघाटन किया गया। जहां संस्था के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने बताया कि सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना है। इसके तहत बरवाडीह के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए निशुल्क लकड़ी उपलब्ध कराया गया है। जरूरतमंद लोग संस्था को एक आवेदन देकर लकड़ी प्राप्त कर सकते है। इसके पूर्व कार्यक्रम का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि बरवाडीह पंचायत की मुखिया कालो देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी और वरिष्ट नेता द्वारिका प्रसाद समेत अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। वहीं उद्घाटन समारोह में स्टेशन प्रबंधक अनिल कु.द्विवेदी, कांग्रेस नेता रंजित कु.राजू, अजीत गुप्ता, गोपाल राजवंशी, संजय यादव, झारखंड आंदोलनकारी सुरेंद्र प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद, दीनानाथ राम, राजेंद्र अग्रवाल, अभिमान श्रीवास्तव, संजय कुमार, सुरेश मिश्रा, पंकज कुमार, उदय प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## वैद्यनाथ राम के माता के निधन

**बालूमाथ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थानीय विधायक वैद्यनाथ राम की माता नागो कुंवर का निधन बुधवार को अपराह्न तकरीबन तीन बजे अपने आवासीय परिसर लातेहार में हो गया। स्व. कुंवर 97 वर्ष की थी। वह अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई हैं। उनका अंतिम संस्कार 17 नवंबर को पूर्वाह्न 10 बजे औरंगा नदी मुक्ति धाम में किया जाएगा। विधायक श्री राम ने बताया कि वे रांची में बैठक में शामिल होने आए थे। उन्हें यही जानकारी मिली। वे रांची से लातेहार लौटे हैं।

**कार्यक्रम :** राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर सूचना भवन में संगोष्ठी आयोजित, गुमला में मीडिया को और भी मजबूत करने का लिया गया संकल्प

# पत्रकारों के हर दुःख-सुख में जिला प्रशासन साथ है : डीसी

**मीडिया कर्मियों की कैपेसिटी बिल्डिंग के लिए प्रभावी प्रयास किये जाएंगे : डीपीआरओ**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 'राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका' विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में जिले के वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीपीआरओ संजय कुमार, जिला प्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरनाथ, महासचिव दुर्जय पासवान सहित जिले के तमाम वरिष्ठ पत्रकारों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

संगोष्ठी के दौरान डीपीआरओ संजय कुमार ने प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के उद्देश्य, कार्यों, परिपत्रों आदि के साथ भारतीय प्रेस अधिनियम तथा अन्य प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया।

**संगोष्ठी को उपायुक्त ने किया संबोधित :** राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आयोजित उक्त संगोष्ठी को उपायुक्त सुशांत गौरव ने भी संबोधित किया। जिला समन्वय समिति की बैठक होने के बावजूद उपायुक्त ने इस संगोष्ठी के लिए समुचित समय निकाला, इस पर सभी पत्रकारों ने उपायुक्त के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी पत्रकारों से जिला के सर्वांगीण विकास में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनसे सकारात्मक योगदान की अपेक्षा की। वहीं उन्होंने आश्वस्त किया कि जिले के सभी पत्रकारों के साथ हर सुख-दुख में जिला प्रशासन उनके साथ है। उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार को निर्देश दिया कि वे पत्रकारों के कल्याण हेतु जो विभागीय प्रयास किये जा सकते हैं, उन पर पूरे संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

**पूर्व में प्रकाशित सकारात्मक खबरों का किया गया जिक्र :** वर्ष 2022 में जिले के पत्रकारों द्वारा प्रकाशित कई ऐसी महत्वपूर्ण खबरों का जिक्र डीपीआरओ ने किया जिन खबरों के माध्यम से जिले में सकारात्मक माहौल बना। उन पत्रकारों की भी सार्वजनिक रूप से गोष्ठी में प्रशंसा की गई जिन्होंने कुछ हटकर तथ्यात्मक न्यूज स्टोरी प्रकाशित की।

संजय कुमार ने बताया कि जल्द ही वर्ष 2022 में प्रकाशित सभी प्रभावकारी आर्टिकल/खबरों की एक प्रदर्शनी जिला सूचना जनसंपर्क कार्यालय में लगायी जाएगी तथा ऐसे पत्रकारों को सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान जिले के सभी प्रमुख पत्रकार मौजूद थे।

**संबोधित किया :** संगोष्ठी में संतोष कुमार, बलदेव प्रसाद शर्मा, सुशील कुमार सिंह, आफताब अंजुम, हरिओम सुधांशु, प्रमोद कुमार दास, दीपक कुमार, मुकेश कुमार सोनी, जगरनाथ पासवान, हेमंत कुमार दुबे, अनिल कुमार सिंह, अनंत कुमार, आरिफ हुसैन अख्तर, निर्मल सिंह, रूपेश कुमार भगत, रूपेश कुमार पांडे, सुधाकर कुमार, रणधीर कुमार, अंकित चौरसिया, जौली विश्वकर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

## झारखंड स्थापना दिवस पर हैंडबॉल और मिनी फुटबॉल मैच कार्यक्रम में प्रतिभावान खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स अकादमी गुमला द्वारा दो दिवसीय हैंडबॉल और मिनी फुटबॉल मैच कराया गया। 16 नवंबर को हैंडबॉल मैच कराया गया, जिसमें स्पोर्ट्स एकेडमी गुमला और गुमला हैंडबॉल एसोसिएशन की बीच मैच में स्पोर्टस एकेडमी ने 27-24 यानी तीन गोल से जीत हासिल किया। मिनी फुटबॉल में गुमला फुटबॉल क्लब ने जीत हासिल किया। वहीं साथ ही स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक सैयद जुन्नू रैन को हाल ही के दिन में खेल के क्षेत्र में झारखंड रत्न से सम्मानित किया गया। जिसके उपलक्ष्य में उनको शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर अकादमी के सीनियर खिलाड़ी भारतीय सेना के अमित कमांडो और स्पोर्ट्स अकादमी और बी.एच.यू के छात्र प्रमोद जिन्होंने रेफरी की भूमिका निभायी। साथ ही अरिब अब्दीन जिन्होंने धनबाद में बैडमिंटन में गोल्ड प्राप्त किया उन्हें और प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। मौके पर सीनियर खिलाड़ी विकाश, दीपक, विक्रम, नेल्सन, अनिष, रवि, नीरज, प्रवीण, विजय, तौफीक, सद्दाम आदि खिलाड़ी मौजूद थे।


## जारी ब्लॉक के सभागार में डब्लूओटीआर संस्था ने मछली पालन का दिया प्रशिक्षण




**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी ब्लॉक के सभागार में डब्लूओटीआर संस्था की तरफ से जीवीदाः हासा परियोजना के तहत मछली पालन करने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें डब्लूएएसएसएएन से प्रशिक्षक निराज एवं अनुपम, डब्लूओटीआर संस्था से मो. नसीम, आनंद, शीला उपस्थित थे। प्रशिक्षण लेने के लिए जारी प्रखंड के विभिन्न गांव से 20 ग्रामीण उपस्थित थे। प्रशिक्षण में निराज सर के द्वारा प्रशिक्षण में तालाब में मछली डालने से पहले तालाब की सफाई तथा चूना, ब्लीचिंग पाउडर, मिट्टी तेल, गोबर डालना चाहिए ताकि उसमें जो भी कीड़ा-मकोड़ा है वह मर जाये ताकि मछली का विकास ज्यादा हो तथा कौन सा माह में मछली का जीरा डालना है इसकी भी जानकारी दी गयी।

## नगर निकाय व पंचायत चुनाव ओबीसी आरक्षण के बगैर कराने के फैसले के खिलाफ भाजपा ओबीसी मोर्चा ने निकाला मशाल जुलूस

**चुनाव के समय 27 फीसदी के ओबीसी आरक्षण का वादा करने वाली हेमंत सरकार अपने वादे सी पीछे हट रही है : शिव प्रसाद साहू**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड सरकार के द्वारा नगर निकाय व पंचायत चुनाव ओबीसी आरक्षण के बगैर कराने के फैसले को वादाखिलाफी बतलाते हुए बुधवार को पालकोट भाजपा के ओबीसी मोर्चा के द्वारा शाम में राज्य सरकार के खिलाफ मशाल जुलूस निकाला गया व सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शिव प्रसाद साहू के नेतृत्व में बस स्टैंड स्थित दुर्गा मंदिर से निकला मशाल जुलूस प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरते हुए पुनः दुर्गा मंदिर अटल चौक के समीप जाकर सामाप्त हुआ। जिसके बाद संबोधित करते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शिव प्रसाद साहू ने कहा कि चुनाव के समय 27 फीसदी के ओबीसी आरक्षण का वादा करने वाली हेमंत सरकार अपने वादे सी पीछे हट रही है। ओबीसी समाज को 27 फीसदी आरक्षण का वादा के बाद अधिसूचना जारी करने के बजाय मामला केंद्र के पाले में डाल कर व नगर निकाय व पंचायत चुनाव बगैर ओबीसी आरक्षण के करवाने का फैसला लेकर ओबीसी समाज को छलने का प्रयास कर रही है। ओबीसी समाज आने वाले समय में इसका सबक सरकार को जरूर सिखायेगा।

मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अशोक साहू, सांसद प्रतिनिधि रामअवध साहू, मनोज केशरी, रूपनारायण साहू, आशीष साहू, नंद गुप्ता, जसिंता देवी, अमर सोनी, गोपाल केशरी, इंद्रजीत साहू, बजरंग नायक सहित काफी संख्या में भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पिता ने थाने में बेटे की सकुशल बरामदगी की लगायी गुहार



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना में एक गुमशुदगी का मामला प्रकाश में आया है। घाघरा थाना के लहसडाड़ ग्राम निवासी सोमा उरांव ने आवेदन देते हुए अपना बेटा राजू उरांव की सकुशल बरामदगी का गुहार लगायी है। अपने आवेदन में सोमा ने कहा है कि उसका बेटा हिमाचल प्रदेश काम करने के लिए गया था, वहां से घर आने के लिए 8 नवंबर को हिमाचल से अंबाला स्टेशन आ रहा था। अंबाला स्टेशन से झारखंड आना था। लेकिन अभी तक नहीं पहुंचा। सभी रिश्तेदारों के घर पता किया गया पर कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद सोमा ने घाघरा थाना में आवेदन देते हुए अपना बेटा की सकुशल बरामदगी की गुहार लगायी है। इस संबंध में पूछने पर थानेदार अमित कुमार चौधरी ने बताया कि गुमशुदगी का आवेदन थाना में मिला है। छानबीन की जा रही है।

## मिशन बदलाव की पहल पर विभिन्न जगहों पर लाइट लगायी गयी

**नगर परिषद को वार्डो में और ध्यान देने की जरूरत है : सैयदा खातुन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला मुख्यालय गुमला स्थित बस्ती अंबेडकर नगर, इस्लामपुर, हुसैन नगर के विभिन्न जगहों में खराब पड़े एलईडी बल्ब बदले गए। यह कार्य नगर के विभिन्न वार्डों में चलता रहेगा। मौके पर मिशन बदलाव की जिला सचिव सैयदा खातून, नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी, सदस्य ज्योति गलोरिया कुजूर सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। विभिन्न जगहों के लोग लाइट की समस्या के कारण काफी दिनों से परेशान थे। जिसे लेकर उन्होंने मिशन बदलाव के सदस्यों से संपर्क किया जिसके बाद मंगलवार को विभिन्न जगहों के एलईडी बल्ब बदले गये। जहां पर जरूरत थी वहां नये एलईडी बल्ब लगाये गये। बताते चलें वार्ड संख्या 4, 8, 9, 10 में तार लगा है एवं होल्डर बदलाव मिशन के सदस्यों ने अपने पैसे से लगाये हैं। महिला जिला सचिव सैयदा खातुन ने कहा कि बस्ती एवं मोहल्लेवासियों को अंधकार होने की वजह से खासकर महिलाओं में डर का माहौल बना रहता था। वहीं अंधेरी जगहों में नशा करने वाले लोंगों के द्वारा अड्डा भी बना दिया जाता है, जो कि कभी कभी असमाजिक कार्यों को बढ़ावा देता है। इन सभी असामाजिक गतिविधियों को रोकना मिशन बदलाव का उद्देश्य भी है।

# ईंट भट्ठे में दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौत, दो गंभीर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डुमरी प्रखंड के उदनी पंचायत के एक ईंट भट्ठे में दब कर तीन की मौत हो गई तथा दो की हालत गंभीर बतायी जा रही है। मरने वालों में एक नाबालिग युवती मजदूर भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि यह भट्ठा ईंट पकाने वाला चिमनी भट्ठा है। इस भट्ठे में बुधवार को मजदूर काम कर रहे थे। अचानक एक ईंट की दीवार धड़धडा कर गिर गई। इस ईंट की दीवार के गिरने के कारण उस आसपास में काम कर रहे कई मजदूर दब गये। कुछ लोगों ने ईंट के गिरने की आवाज सुनी तो जान बचाते हुए भट्ठे से बाहर भागे। जब सारे मजदूर भागकर भट्ठे के बाहर निकले तब किसी ने बताया कि कुछ लोग ईंट के नीचे दबे पड़े हैं। मजदूरों ने पुनः भट्ठे के अंदर जाकर गिरे हुए ईंटों को जल्दी से जल्दी हटाया। जिसके बाद भट्ठे से शवों को निकाला गया। मरने वालों की पहचान चंदावल गांव के 38 वर्षीय बिजय मुंडा, हुटार गांव के रमेश नगेशिया की पत्नी 31 वर्षीय अनीता देवी व हुटार गांव की ही नाबालिग लगभग 14 वर्षीय युवती हिरामुन्नी कुमारी के रूप में हुई है। ये भी बताया जा रहा है कि दो महिला मजदूर घायल भी हैं जिनमें एक की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना आज शाम लगभग 5 से 6 बजे की बतायी जा रही है।

अंधेरा हो जाने पर मृतक के परिजन अपने अपने शव को लेकर अपने गांव पहुंच गए फिलहाल सभी शव परिजनों के घरों में रखे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि समाचार लिखे जाने तक उस गांव तक पुलिस नहीं पहुंची है।

### इस भट्ठे में करायी जाती है बाल मजदूरी

गुमला (आजाद सिपाही)। बताया जा रहा है कि इस भट्ठे का संचालक सीताराम है। जो महुआडांड़ क्षेत्र का रहने वाला है घटना के समय शायद ईंट भट्ठा संचालक वहां मौजूद नहीं था। यही बताया जा रहा है कि इस ईंट भट्ठा में 18 वर्ष से कम के मजदूर काफी संख्या में काम करते थे इस ईंट भट्ठा में मजदूरों की सुरक्षा में पहनने वाले कोई भी पोशाक हेलमेट जूता आदि मजदूरों के पास उपलब्ध नहीं था। यहां मजदूर लगातार जान जोखिम में डालकर प्रतिदिन काम किया करते थे।

### जाको राखे साइयां मार सके न कोय....

गुमला (आजाद सिपाही)। मृतक मजदूर अनीता देवी के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। जिनमें एक मात्र डेढ़ साल की बच्ची भी है, जिसका गुजारा मां के दूध से होता था। हालांकि अनिता के पति और उसके ससुर घर की देखभाल करते हैं। उसके बावजूद उसके तीन-तीन बच्चों का पालन पोषण मां के जिम्मे में हुआ करता था। घटना वाले दिन अनीता अपने दूध मुंहे बच्चे को घर में छोड़ कर आयी थी। जो अपने दादा की निगरानी में थी। कहते हैं जाको राखे साइयां मार सके ना कोई।

### मजदूर नेता ने की मुआवजे की मांग

मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान ने मृतकों के परिजनों को 15-15 लाख मआवजा देने तथा नाबालिग से काम कराने वाले ईंट भट्ठा मालिक पर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

## शराबी ने पत्नी को घर के चूल्हे में जलाकर मारने का किया प्रयास



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कुरकुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटी गांव में मंगलवार की रात्रि 7 बजे के करीब शराब के नशे में धुत्त पति चामा महतो ने अपनी पत्नी तेतरी देवी (45) को घर में जल रहे चूल्हे में जलाकर मारने का प्रयास किया। हालांकि घटना में पत्नी का चेहरा समेत शरीर के अन्य भाग आग के कारण झुलस गये। घटना की सूचना पर कुरकुरा थाना प्रभारी शारीक अली ने बुधवार को घायल पत्नी को इलाज के लिए कामडारा सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां उसकी स्थिति सामान्य है। वहीं आरोपी पति चामा महतो को पुलिस ने गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### घाघरा के सेहल गांव में नौ कुंडीय श्री शतचंडी महायज्ञ की तैयारी जोरों पर



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सेहल गांव में नौ कुंडीय श्री शतचंडी महायज्ञ की तैयारी को लेकर ग्रामीण यज्ञशाला बनाने में लगे हुए हैं। यज्ञशाला को अंतिम रूप देने में सभी जुट गए हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए यज्ञ संचालन समिति के मुख्य संरक्षक अशोक उरांव ने बताया कि इस महायज्ञ की शुरुआत आगामी 27 नवंबर 2022 से होगी। जिसका समापन आगामी 6 दिसंबर को होगा। आगामी 27 नवंबर को कलश यात्रा 28 नवंबर से पंचांग पूजा मंडप प्रवेश की जाएगी। यज्ञ को संपन्न कराने के लिए चित्रकूट से मुख्य आचार्य हीरामणि, द्वितीय अचार्य प्रयागराज से एवं तृतीय अचार्य बनारस से आयेंगे। इसके साथ ही प्रतिदिन 28 नवंबर 2022 से 6 दिसंबर 2022 तक संध्या 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा वाचिका वृंदावन से किशोरी आसीता जी द्वारा की जाएगी। साथ ही रात्रि में वृंदावन के कलाकारों द्वारा प्रतिदिन रासलीला का आयोजन भी किया जाएगा। मौके पर उपस्थित कल्याण बाबा, मुख्य संरक्षक अशोक उरांव, अध्यक्ष परमेश्वर साय, अरबिंद पाठक, बिनु महतो, प्रेमदीप साहू, रामजी प्रजापति, राजेश साहू, रामलाल महतो, दिलीप साय सहित कई सदस्य शामिल थे।

### प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन




**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** हाई स्कूल स्टेडियम में खेलो झारखंड अंतर्गत प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि मुखिया बिशुनपुर रामप्रसाद बड़ाईक, विशिष्ट अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रीति कुजूर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालय के 6 से 8 कक्षा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वहीं खेल में भाग लेकर फर्स्ट, सेकंड व थर्ड आने वाले खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीपीओ नीरज कुमार, बीआरपी नीरज शर्मा, गोपाल कुमार, भोला साहू, अनिल कुमार भारती, सुनील खेरवार, रीता देवी, रेणु टोप्पो, मोतीलाल भगत, ब्रह्मदेव भगत, निर्मल तिग्गा सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### प्राथमिक शिक्षक संघ ने 19 नवंबर को मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने का लिया निर्णय



**बसिया (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ बसिया प्रखंड कमेटी की बैठक राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बसिया में पूर्व अध्यक्ष कृष्णा पांडेय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 19 नवम्बर 22 को शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में रांची जाने का निर्णय लिया गया। मौके पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, जिला महासचिव सुरंजन कुमार, अंचल सचिव भरनो दिशदेव उरांव, प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार साहू, सचिव अरुण कुमार, अजय कुमार, तारकेश्वर, हरिहर, तीजेंद्र यादव, आशिष कुमार दास, शशि कांत साहू, फ्रांसिस्का इंदवार, मानिमदेव, राशि खलखो, उषा देवी, प्रकाश मिंज, सरस्वती पांडे, सोनमती देवी, मंजुला तिर्की, अजित तिर्की, पूनम मिंज आदि उपस्थित थे।

### सिसई में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता आज से

**सिसई (आजाद सिपाही)।** दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ललित उरांव स्टेडियम महुआडीपा में गुरुवार व शुक्रवार को किया जाएगा। शुभारंभ गुरुवार सुबह 10 बजे होगी। प्रतियोगिता में प्रखंड के सरकारी विद्यालयों के चयनित खिलाड़ी व टीमें हिस्सा लेंगी। खेल प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय के माध्यम से आयोजित होगी। जिसमें जनप्रतिनिधि व अधिकारी शामिल होंगे। इसकी जानकारी बीईईओ जोहानी एक्का ने दी।

### झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर चांदनी कोचिंग खेल सेंटर ने फुटबॉल टूर्नामेंट का किया आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कलिगा पंचायत के सरूडा में चांदनी कोचिंग खेल सेंटर के द्वारा झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन 15 नवम्बर को मुख्य अथिति कांग्रेस पार्टी के कला संस्कृति एवं खेल विभाग के चेयरमेन भानु प्रताप बड़ाईक और विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं बॉल को किक मारकर किया गया। मंगलवार देर शाम खेले गये फाइनल मुकाबला डैम डीपा सकेया और संत बियानी स्कूल कोनबीर नवाटोली के बीच खेला गया जिसमें डैमडीपा की टीम विजय रही। दोनों अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने और खेल को अपना कैरियर बनाने की बात कही। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष एडविन सुरीन, सचिव राहुल मिंज, जिप सदस्य विनोद भगत, नवीन मिश्रा, विजय सिंह पिंटू, अमर पांडेय, विमल राज, जीनित एक्का, संदीप लकड़ा, रॉबर्ट मिंज, अशोक गोप, प्रवीण सिंह समेत सैकड़ों दर्शक मौजूद थे।

## भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव को झूठे केस में फंसाने का मामला पकड़ने लगा तूल



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव को झूठे मामले में फसाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश, संगठन मंत्री कर्मबीर सिंह व प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद आदित्य साहू ने श्री यादव को रांची बुलाकर पूरे मामले की जानकारी ली। यहां बताते चले कि पांडू सीओ द्वारा थाना में भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव, पूर्व जिला पार्षद अनिल चंद्रवंशी सहित तीन लोगों पर कई संगीन धाराओं के साथ मुकदमा दर्ज कराया गया है। स्थानीय प्रसाशन का आरोप है कि उक्त सभी लोग पांडू के मुरुमातु गांव से बेदखल किये गये अतिदलित मुसहर परिवार को बरगला रहे थे। जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। इधर धर्मदेव सिंह यादव का कहना है कि राज्य सरकार के आदेश पर पांडू सीओ व पुलिस फर्जी मामले में फंसा रही है। श्री यादव ने भाजपा के सभी प्रादेशिक नेताओ को पूरे मामले की जानकारी दी। राज्य सरकार तुस्टीकरण नीति के कारण एक वर्ग को खुश करने के लिये निर्दोष लोगों को फंसा रही है। वहीं दलित परिवार को इंसाफ भी नही दिला पा रही है। प्रदेश के वरीय नेताओ के इस बक्तव्य से स्पस्ट हो रहा है कि यह मामला तूल पकड़ने वाला है। मौके पर प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय सहित भाजपा के कई वरीय नेता मौजूद थे।

## जनजातीय सुरक्षा मंच ने भगवान बिरसा जयंती को गौरव दिवस के रूप में मनाया



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जनजातीय सुरक्षा मंच छतरपुर के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जयंती को गौरव दिवस के रूप में छतरपुर राजकीकृत उच्च विद्यालय के मैदान में धूमधाम से मनाई गई। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस समारोह में जनजातीय समाज के क्षेत्रीय लोगों ने प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर ग्राम मसीहानी, मंदेया, सड़मा, सहरसवा, दतटूटा, पटखाही, डाली, हुटूकदाग, चुणरूमांड़, विषयपुर, चिल्हो, हुलसम, मझौली, झूरीडीह, कसियाही, कोदवड़िया, सिलदाग, तुकतुका, कोकरो, खैरादोहर, शिल्दाखुर्द, तेनुडीह जैसे सुदूरवर्ती गांव से जनजातीय समाज के लोग शामिल हुए। जबकि मंच का संचालन पलामूं-पाटन खंड से रवींद्र उरांव नें किया। कार्यक्रम में मंच के माध्यम से अधिकारी, कार्यकर्ता तथा बुजुर्ग व्यक्ति को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभा श्रद्धा जागरण के संयोजक महरंग उरांव, जनजातीय मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक गुमला सह हाई कोर्ट रांची में वकील शिवशंकर उरांव, वनवासी कल्याण आश्रम पलामूं के अध्यक्ष सह प्रोफेसर अश्विनी मिश्रा, मेदिनीनगर के नगर संयोजक सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर मदनमोहन पाण्डेय, पलामूं संगठन मंत्री अम्बिका सिंह, प्रांतीय श्रद्धा जागरण संयोजक रामजी उरांव, छतरपुर मंच के वरिष्ठ सरंक्षक भरतसिंह (गुरूजी) सह व्यास जी, छतरपुर प्रखंड प्रमुख उर्मिला कुमारी, संजू देवी, जनजातीय मंच के सरंक्षक वैद्यनाथ सिंह, अध्यक्ष विमलकांत सिंह, कोषाध्यक्ष अशोक सिंह, कार्यक्रम के संयोजक आयाराम उरांव, सुरेन्द्र उरांव, पप्पू जी उरांव सह छतरपुर खंड कार्यवाह, जिला शारीरिक प्रमुख उमाकांत जी, छतरपुर खंड कार्यवाह चंदन कुमार, ओमप्रकाश जी के अलावे अभा धर्म जागरण समन्वय संस्कृति प्रमुख बालयोगी संत विभु सुमनजी ब्रह्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले की मतदाता सूची त्रुटिहीन कराने में निभायें अपनी सहभागिता : आयुक्त

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मतदाता सूची में किसी तरह की कोई अशुद्धि नहीं रहनी चाहिए। यह एकुरेट हो, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करनी चाहिए। डोर-टू-डोर अभियान चलाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने से संबंधित कार्य कर मतदाता सूची में एकुरेसी कराना सुनिश्चित करें। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 के तहत 9 नवंबर 2022 से 8 दिसंबर 2022 तक चलाये जा रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान नागरिकों से मतदाता सूची में नाम, पता आदि त्रुटियों को शुद्ध करने, फोटो अपडेट करने आदि से संबंधित कार्य किये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत 12 एवं 13 नवंबर तथा 19 एवं 20 नवंबर 2022 को विशेष अभियान दिवस के तहत सभी मतदान केन्द्रों पर कैंप का आयोजन किया जा




रहा है। उक्त बातें मतदाता सूची प्रेक्षक-सह-आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे बुधवार को पलामू के समाहरणालय सभागार में पलामू जिले में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 को लेकर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी तथा निर्वाचक निबंधन एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। आयुक्त ने कहा कि अभियान दिवस के दिन बीएलओ के द्वारा मतदान केंद्र पर उपस्थित होकर पंजीकरण, सुधार आदि के लिए दावा आपत्ति संबंधित प्रपत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें और निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी अभियान दिवस का मानिटरिंग करना सुनिश्चित करें। मतदाता सूची में नाम रहने से कोई भी मतदाता वंचित न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पदाधिकारियों के साथ-साथ सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी इसपर ध्यान दें। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहयोग करते हुए लोगों को जागरूक करें। साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण मतदान केन्द्रवार बूथ लेबल एजेंट की सूची जिला को उपलब्ध करायें, ताकि उसे निर्वाचन आयोग को भेजा जा सके। पदाधिकारी एवं राजनीतिक दल आपसी समन्वय से जिले की मतदाता सूची त्रुटिहीन कराने में अपनी सहभागिता निभाएं।

## 13 कराटेकारों को मिला गोल्ड मेडल एवं सिल्वर




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला के 13 कराटेकारो को कलकत्ता में कराटे वर्ल्ड कप के लिए चयनित स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कॉंचो बोध नारायण यादव के द्वारा नेशनल कराटे चैम्पियनशिप में गोल्ड एंव सिलवर मेडल के जीत हासिल करने पर किया गया। चयनित एंव मेडल पाने वाले कराटेकारो में संत मरियम विद्यालय की सृष्टि कुमारी, सोनम कुमारी, शिवदयाल कुमार को गोल्ड मेडल एवं ओम प्रकाश, अंश कुमार, आदित्य उराव, अभिषेक कुमार सिंह, उजाला कुमारी, वर्षा कुमारी, सेजल कुमारी, आदित्य उराँव को सिल्वर मेडल। वही पलामू मिक्स मार्शल आर्ट टाइगर्स एकेडमी के रवि नयन, संध्या कुमारी, चांदनी कुमारी को सिल्वर मेडल मिला। यह कराटे वर्ल्ड कप चैंपियनशिप नेता जी इन्डोर स्टेडियम कोलकाता में 17 एवं 18 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। जिसमें भारत के अलावा लगभग 30 देशों के कराटेकार कराटे वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने की संभावना हैं। यह जानकारी मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के द्वारा दिया गया।

## समृद्धि की पाठशाला में मना झारखंड स्थापना दिवस

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** निःशुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला के कचरवा शाखा में धूमधाम से झारखंड स्थापना दिवस मनाया गया। बच्चे इन बातों से बिलकुल अनभिज्ञ थे। उनके बीच प्रो सरिता कुमारी प्रो वन्दना श्रीवास्तव रंजीता बैजन्ती गुप्ता ने अपनी बातों को बड़े ही मनोरंजक रूप से रखा तथा स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में



मनाया। बच्चे खेल-खेल में गाना गाते हुए आनंद उठाया।सच तो यह है कि पहली बार कचरवा टोला के बच्चे और उन बच्चों के कुछ अभिभावकों ने भी इसका आनंद उठाया।

## मुखिया ने अंचलाधिकारी व प्रखंड प्रमुख को सौंपा ज्ञापन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत की मुखिया व पंचायत के वार्ड सदस्यों ने हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख व अंचलाधिकारी को एक आवेदन देकर अवैध बालू उठाव रोकने की मांग की है। दिए गए आवेदन में मुखिया ममता देवी ने कहा है कि देवरी खुर्द पंचायत के सोनपुरवा सोननदी घाट से प्रत्येक दिन रात्रि में तकरीबन 100 की संख्या में ट्रैक्टर द्वारा अवैध बालू का उठाव किया जा रहा है।जबकि सरकार की ओर से बालू उठाव पर पूर्णतः रोक है।इसलिए अवैध बालू उठाव पर यथाशीघ्र रोक लगाया जाए। आवेदन देने वालो में मुख्य रूप से उपमुखिया गुंजन देवी, वार्ड सदस्य धर्मशिला देवी, उषा देवी, , पूजा देवी गीता शर्मा, शीला देवी, बबीता देवी, बिंदू देवी, अजय पासवान, उपेंद्र कुमार मेहता आदि शामिल थे।

## पंचायत समिति सदस्य ने किया कंबल का वितरण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के पतरा खुर्द पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार पासवान ने बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए गरीब असहाय के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि गरीब असहाय की सेवा करना और उन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता है।मौके पर लाभुक जगू राम, फुलवा कुवर, छटनी कुवर, नंन्देवराम, मजलूम बीवी, चंद्रकलवा देवी, शिवनंदन राम, सुकनि देवी, समाजसेवी कुश पासवान, कमलेश प्रसाद, राधेश्याम प्रसाद, मुन्ना पासवान, गुलाम नबी अंसारी, राजू पासवान, सुमित्रा देवी, सुभाष पासवान के साथ-साथ काफी संख्या में लोग मौजूद थें।ग्रामीणों ने पंचायत समिति सदस्य द्वारा छानबीन कर सही लाभुक का चयन कर ससमय कंबल वितरण करने की सराहना की।

## दंगवार और बेलबीघा पंचायत में निकली कांग्रेस की भारत जोड़ो पदयात्रा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा लगातार जिले में भारत जोड़ो यात्रा का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को हुसैनाबाद प्रखंड के डंगवार और बेलबीघा पंचायत में निकली कांग्रेस की भारत जोड़ो पदयात्रा अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह ने किया। भारत जोड़ो यात्रा में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, कांग्रेस के वरीय नेता धनंजय तिवारी, नवल किशोर पाठक, राजेश चौरसिया आदि मौजूद थे। भारत जोड़ो यात्रा में लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जन जन के नेता हम सभी के नेता राहुल गांधी जी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से देश में प्रेम, भाईचारा सद्भावना के साथ देश को सशक्त और मजबूत बनाने का संदेश दिया जा रहा है। महंगाई और बेरोजगारी सहित जनता के जुड़े ज्वलंत मुद्दे का निराकरण करने में केंद्र सरकार विफल रही है, कांग्रेस पार्टी विषय वस्तु के साथ केंद्र सरकार की विफलताओं को लोगों तक ले जाने का काम कर रही है। यात्रा में प्रमुख रूप से अवध बिहारी सिंह, विनोद तिवारी, शमीम अहमद राइन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, गुप्तेश्वर पांडे, अर्जुन सिंह, महताब आलम, दिलीप पाठक, सुरेश सिंह, शम्भू सिंह, शैलेश मेहता, मीना देवी, चंदू राम, अकलेश पासवान, सुरेंद्र सिंह, अंबिका सिंह, जोगिंदर सिंह, जामुन सिंह, गिरजा राम, संतोष ठाकुर समेत सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित थे।

## राष्ट्र निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका : उप निदेशक

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बेहतर एवं सुखी समाज के निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका है। वर्तमान में मीडिया सिर्फ सूचना प्रदाता नहीं, बल्कि यह जीवन को प्रभावित करने का कार्य कर रही है। देश दुनिया आज इससे प्रभावित है। सामाजिक जीवन में मूल्य आधारित पत्रकारिता को प्रकट करने का प्रयास किया जाता है। मीडिया/ पत्रकारिता समाज को सूचित, शिक्षित और मनोरंजन करने का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से आने वाले संदेश का समाज पर व्यापक असर पड़ता है, जिसके जरिए मानवीय व्यवहार को नियंत्रित करते हुए सकारात्मक दिशा में रुख किया जाता है। उक्त बातें उपनिदेशक जनसंपर्क आनंद ने कही। वे बुधवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर पलामू जिले के पुराना समाहरणालय भवन में अवस्थित संदर्भ वीथिका में 'राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका' विषयक परिचर्चा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि सूचना तंत्र समृद्ध होने से पहले हम, पहले हम होने की परिपाटी और इसके लिए भागदौड़ और अधिक बढ़ी है। तुरत-फूरत समाचार प्रसारित करने के बावजूद इसकी विश्वसनीयता को कम नहीं आंका जा सकता। उन्होंने कहा कि भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की परंपरा रही है, जिसमें व्यक्ति समाज और राष्ट्र का कल्याण निहित है। मीडिया की बातों में लोक कल्याण का संदेश एवं सत्यता झलकती है। उप निदेशक जनसंपर्क आनंद ने परिचर्चा में उपस्थित सभी प्रिंट एवं




इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए परिचर्चा का विषय प्रवेश कराया। उन्होंने कहा कि 4 जुलाई 1966 को भारत में प्रेस परिषद की स्थापना हुई थी, जो 16 नवंबर 1966 से अपना विधिवत कार्य प्रारंभ किया था। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का थीम 'राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका' रखा गया है, जिसके तहत हम सभी आज इस विषय पर परिचर्चा के लिए एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज न्यू मीडिया का जमाना है। इसका मतलब यह नहीं कि मीडिया के महत्व या विश्वसनीयता कम हुई है। उन्होंने कहा कि मीडिया की विश्वसनीयता जितनी बढ़ेगी, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। वरिष्ठ पत्रकार मृत्युंजय पाठक ने कहा कि प्रेस की स्थापना का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीयता से ओतप्रोत होना था। युगल किशोर शुक्ला, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, बाल गंगाधर तिलक जैसे सरीखे महापुरुषों ने अखबार निकाला और अपनी कलम के माध्यम से राष्ट्र निर्माण एवं देश की आजादी में अपनी भूमिका अदा की। आजादी के दौरान मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## विद्यार्थी परिषद ने एनपीयू नयी इकाई की घोषणा की

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भारतीय विद्यार्थी परिषद नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय इकाई के द्वारा स्नातकोत्तर में नई इकाई की घोषणा की गई। जिसमें सुशील कुमार सिंह को अध्यक्ष, विक्रांत सागर को विश्वविद्यालय मंत्री, तनु जयसवाल, अंकित तिवारी, प्रभाकर दुबे और सिंपी कुमारी को उपाध्यक्ष, खुश सिंह, अमित कुमार, राहुल पासवान और रूबी कुमारी को सह मंत्री, सौरव वर्मा को सोशल मीडिया प्रमुख, कायसा कुमारी को एमबीए डिपार्टमेंट प्रमुख, संजय सिंह को एमकॉम डिपार्टमेंट प्रमुख और गुड्डू उराव शंकर सिंह और रमेश को विश्वविद्यालय कार्यकारिणी में स्थान दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रादेशिक विश्वविद्यालय प्रांत सह प्रमुख आनंद पांडे ने एवं संचालन नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व विभाग प्रमुख मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ज्ञान, शील एकता के मूल मंत्र को आगे लेकर के छात्रों में राष्ट्रवाद का भाव भरने के साथ-साथ विश्वविद्यालय परिसर के समस्याओं का निदान करने वाले एकमात्र संगठन है। कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ संयुक्त सचिव प्रकाश राय ने कहा कि अखिल भारतीय



विद्यार्थी परिषद छात्रों और शिक्षकों के बीच समन्वय स्थापित कर विश्वविद्यालय में शुरू से ही कार्यकर्ता रहा है और यह नई इकाई भी इस कार्य को आगे बढ़ाएगी। प्रादेशिक विश्वविद्यालय प्रमुख आनंद पांडे ने सभी कार्यकताओं को नई इकाई की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूर्व में जिस प्रकार से कार्यकताओं ने विश्वविद्यालय में विद्यार्थी परिषद के साथ मिलकर काम किया है यही इकाई शानदार तरीके से उस काम को आगे बढ़ाएं ऐसी आप सभी को शुभकामना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला एसएफडी सह संयोजक सुमित पाठक, जिला सहसंयोजक रोहित देव, नगर सह मंत्री नितेश दुबे, उत्कर्ष तिवारी, गीतांजलि कुमारी, पीयूष पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।






## निगम में जुड़े नये वार्ड अभी तक उपेक्षित हैं : मनोज सिंह



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** घर घर यात्रा के तहत मेयर के भावी प्रत्याशी मनोज सिंह का जनसंपर्क लगातार जारी है।इसी के तहत बुधवार को मनोज सिंह नें अघोर आश्रम मुहल्ले का भ्रमण किया।श्री सिंह जनसंपर्क के क्रम में इस दौरान वार्ड नंबर दो की समस्या से रुबरु हुए। वार्ड में सड़क, बिजली व पानी निकासी की समस्या को देखते हुए श्री सिंह ने मुहल्ले वासियों को इन समस्याओं के निदान के लिए आश्वस्त किया।श्री सिंह ने कहा कि नगर निगम इस क्षेत्र को उपेक्षित छोड़ दिया है। जबकि निगम से जूडे.नए क्षेत्र में ज्यादा धयान देने की जरुरत थी क्योंकि ग्रामीण परिवेश और नये बसे हुए क्षेत्र होने के कारण इन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का भी काफी आभाव है। उन्होंने कहा कि वो निगम वासियों के हर सुख दु:ख में साथ चलते हैं।आज की यात्रा में अमित सिंह, अमन सिंह, अविनाश श्रीवास्तव, रौशन उपाध्याय, कुंदन कुमार, शनि वर्मा, बीटू वर्मा, गोलू मेहता व राहुल राज सहित कई मुहल्ले वासी शामिल थे।

## स्पोर्ट्स

# राउरकेला रेड को हराकर मेकान पहुंची क्वार्टर फाइनल में

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बेहद रोमांचक मुकाबले में मेकान रांची की टीम राउरकेला रेड को 2-1 से हराकर चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टुनामेंट गेतलसूद के क्वाटरफाइनल में पहुंच गई। गुरूवार को क्वाटरफाइनल में मेकान का मुकाबला केपीएल पेरतोल से होगा। राजेन्द्र यूनाइटेड के तत्वाधान में बुधवार को गेतलसूद फुटबाल मैदान में खेले गये मैच में चौथे मिनट में ही राउरकेला के क्षितिज ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। 9वें मिनट में मेकान के विमल केरकेटटा ने बराबरी का गोल दागा। मध्यांतर तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर था। 65वें मिनट में मेकान के स्टार खिलाड़ी लक्ष्मीकांत महतो ने निर्णायक गोल दागकर टीम को जीत दिला दी। मेकान के बाबा नायक व राकेश कुमार महतो को येलो कार्ड दिखाया गया। मेकान के अश्विन पूरती को प्लेयर आफ मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि जलविद्युत परियोजना सिकिदिरी के परियोजना प्रबंधक विनय




अंगीरा व विशिष्ट अतिथि ओरमांझी पूर्वी की जिला परिषद सदस्य सरिता देवी ने प्रदान की। इस मौके पर सिकिदिरी परियोजना के वरीय कार्यपालक अभियंता संजय सिंह, कार्यपालक अभियंता प्रवीण कुजूर, राजेन्द्र यूनाइटेड के अध्यक्ष राजेन्द्र शाही मुण्डा, सीइओ जैलेन्द्र कुमार, सचिव अनिल कुमार चौधरी, प्रबंधक संतोष सिन्हा, रामपोदो महतो, संजय नायक, शिवदास गोस्वामी, सौरव कुमार महतो, शंकर बैठा, रामसाय मुण्डा, राजेश लोहरा आदि उपस्थित थे।










## मतदान केंद्र हटाए जाने से नाराज लोगों ने डीसी को लिखा पत्र

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद में तीन मतदान केंद्र को हटाए जाने के प्रस्ताव के बाद मतदाताओं में उबाल है। इस मामले को लेकर डीसी को पत्र भी लिखा गया है। बतातें चले कि बाघमारा के 34 मतदान केंद को बदलने का प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन नगर निगम के वार्ड 08 के तीन मतदान केंद्र संख्या 347 राजकीय प्राथमिक विधालय हटिया, एवं लोयाबाद पंचायत भवन के दो बुथ के मतदान केंद्र संख्या- 348 व 349 को यहां से डेढ़ किलोमीटर दूर हटाकर लोयाबद 9 नंबर बासुदेव गांधी स्मृति उच्य विद्यालय में शिफ्ट करने का प्रस्ताव है। लोगो को इस संबंध में जानकारी अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद हुई। इससे लोग नाराज हैं। लोगों का आरोप है कि किसी एक को फायदा पहुंचाने के लिए बीजीएस स्कूल में बूथों को शिफ्ट किया जा रहा है। बताया जाता है कि बीजीएस हाई स्कूल में पहले से तीन मतदान केंद्र है, अगर लोयाबाद के तीनों बूथों को शामिल किया गया तो यहां एक साथ छह बूथ हो जायेगा, जिसे संभालना मुश्किल भी होगा। वहीं इस मामले को लेकर लोगों ने बुधवार को डीसी को एक सामूहिक पत्र लिखा है। साथ ही मतदाताओं की ओर से सुझाव भी दिया गया है। मतदाताओं ने कहा कि असुरक्षित भवन का हवाला देकर मतदान केंद्र को हटाया जा रहा है तो पास में लोयाबद स्पोर्ट्स क्लब के पास नया सामूदायिक भवन है, जिसमें दो हॉल है वहां दो बूथ बन सकता है। लोयाबाद 7 नंबर में उर्दू प्राथमिक स्कूल है, वहां भी दो बूथो बनाया जा सकता है।और 8 नंबर एक सामुदायिक केंद्र है, जिसे बूथ बनाया जा सकता है।

## अभिनंदन समारोह आयोजित कर नये प्रबंधक जीएल धुर्वे का स्वागत



**कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल के सिजुआ क्षेत्र के मोदीडीह कोलियरी कार्यालय में बुधवार को सिस्टा के क्षेत्रीय सचिव श्रीश कुमार के नेतृत्व में अभिनंदन समारोह आयोजित कर मोदीडीह कोलियरी के नए प्रबंधक जीएल धुर्वे का स्वागत किया गया। वहीं जीएल धुर्वे ने सिस्टा का आभार जताते हुए कहा कि सिस्टा द्वारा हमेशा सिजुआ क्षेत्र व मोदीडीह कोलियरी के कोयला उत्पादन व लक्ष्य प्राप्त करने में प्रबंधन का पूरा सहयोग किया जाता रहा है। उम्मीद है भविष्य में भी यह सहयोग मिलता रहेगा। प्रबंधन के तौर पर मुझसे जो सहयोग होगा करूंगा। हम सभी मिलकर मोदीडीह कोलियरी की क्षमता को आगे बढ़ायेंगें। इस दौरान क्षेत्रीय सचिव श्रीश कुमार ने कहा कि सिस्टा द्वारा हमेशा बीसीसीएल का सहयोग किया गया है और आगे भी ऐसा चलता रहेगा। सेन्द्रा बांसजोड़ा कोलियरी प्रबंधक। वहीं, सुनील कुमार दास ने भी सिजुआ क्षेत्र में इनका स्वागत किया व बधाई दी। इस मौके पर सिस्टा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिल कुमार टुड्डू, केंद्रीय कमेटी के संगठन सचिव इंद्रदेव भुइयां, सिजुआ क्षेत्र के अध्यक्ष मोख्तार बैठा, रामेश्वर पासवान, सुभाष हांसदा, शिवानंद उरांव, आरआरदास, संतोष कुमार भारती, देवनंदन प्रसाद, मनीष कुमार, रोहन रविदास, हेमराज दास, सुदर्शन पासवान, बनियराम भुइया, राजेंद्र रविदास, कमलेश कुमार कमल, हीराराम, अर्जुन भुइयां, प्रकाश हाड़ी, पप्पू कुमार, गौतम बाउरी, सीरिया भुइयां, कैलाश गुरुंग, जयराम मांझी, नंदकिशोर, रामशिरोमणि भारती, राजू भुइयां, सावित्री भुइनी, गंगा देवी, चंदा कुमारी, हिराबली देवी, धुनी देवी, बेलपतिया देवी, मैना कुमारी और जीतू पासी आदि उपस्थित थे।

## घरेलु कलह से परेशान युवक ने की खुदकुशी




**झरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बस्ता कोला आईटीआई के समीप घरेलु कलह से तंग आकर 22 वर्षीय एक युवक ने खुदकुशी कर ली। उसकी पहचान गुड्डू गिरी के रूप में हुई है। विवाहित गुड्डू का शव बुधवार को घर में सीलिंग से लटकता पाया गया। मृतक के पिता विरेंदर गिरी ने बताया कि पुत्र को नाश्ता खाने के लिए दरवाजा खटखटाया। जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खोला तो स्थानीय लोगों को प्रयास के दरवाजा तोड़ा गया तो वह गमछा के सहारे लटकता पाया गया। लोगों की मदद से उसे तुरंत नीचे उतारकर धनबाद के एक निजी नर्सिंग होम ले गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। उसके बाद शव को वापिस बस्ताकोला अपने घर ले आया। वहीं, सूचना मिलते ही झरिया पुलिस पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता का कहना है कि उसकी पत्नी आशा देवी के साथ झगड़ा हुआ था। जिसके बाद विगत चार नवंबर को वह अपने मायके धनसार स्थित अनुग्रह नगर चली गई थी। बेटे ने कई बार पत्नी को आने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं आ रही थी। आज भी गुड्डू के साला रंजीत और बिट्टू से बात किया तो उन्होंने साफ-साफ बहन को भेजने के लिए इनकार कर दिया। दो साल पूर्व ही प्रेम विवाह किया था।

## अंगवाली के ढामोदर नदी किनारे पहुंचा 42 हाथियों का समूह, लोगों में दहशत

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** पेटरवार प्रखंड के अंगवाली स्थित ढामोदर नदी के किनारे जगंल में जंगली हाथियों ने डेरा जमाया हुआ है। हाथियों का समूह कथारा रेलवे कालोनी, केबी कॉलेज कथारा की जंगल सहित असनापानी झिरकी में देखे जाने के बाद मगंलवार की रात से ही जमे हैं। बुधवार अहले सुबह क्षेत्रिय लोगों की नजर गजराजो पर पड़ी। अंगवाली के जंगल में अचानक जंगली हाथियों का समूह होने की खबर सुनकर सैकड़ों लोग वहां जुट गए। इसे लेकर वन विभाग के अधिकारी क्षेत्र में आकर जायजा लिया। बताया जाता है कि झुंड में 38 हाथी व 4 छोटे बच्चे भी हैं। इससे पूर्व जगली हाथियों के समूह कथारा रेलवे कॉलोनी स्थित दामोदर नदी पर जमकर बवाल काटा था।

## चयनित प्रतिभागी हुए सम्मानित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में बुधवार को प्रार्थना सभा में बोकारो जिला स्तरीय 30वां बालविज्ञान एनसीएससी 2022 और 25वां बाल अधिकार 2022 के चयनित छात्रों को प्राचार्य एसके मिश्र ने सम्मानित किया। एनसीएससी जूनियर ग्रूप में राज्य स्तर पर चयन के लिए कक्षा नवमी की रिया सारथी व आठवीं की रिद्धि शर्मा शर्मा द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट (पूजा के कचरे से खुशबू) विषय वस्तु का चयन हुआ। इसी प्रकार वरीय वर्ग में 25वां बाल अधिकार का प्रोजेक्ट सुश्री गायन एवं सुनैना द्वारा बनाया गया जिसका विषय दूषित भूमिगत जल था। इन दोनों प्रोजेक्ट का चयन राज्य स्तरीय बाल विज्ञान व बाल अधिकार के लिए हुआ। प्राचार्य ने इन सभी विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने की कामना व्यक्ति की। इस कार्यक्रम में यजुषी, अमृत कार्तिकेय, ऐश्वर्य एवं मोहित कुमार को भी सम्मानित किया गया।

## उद्घाटन : 20 लाख की लागत से होगा विकास कार्य का निर्माण

# दो पेवर ब्लॉक का शिलान्यास और एक सामुदायिक भवन का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** फुसरो नगर परिषद विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को दो पेवर ब्लॉक कार्य का शिलान्यास और एक नव निर्मित सामूदायिक शेड का उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष छेदी नोनिया और विभिन्न वार्ड के वार्ड पार्षद ने संयुक्त रूप से किया। वार्ड संख्या 01 बेरमो सीम दुर्गा मंदिर के पास हनुमान मंदिर के सामने सामूदायिक शेड निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। यह कार्य त्रिवेदी इंटरप्राइजेज की ओर सो 11 लाख रुपये की लागत से निर्माण किया गया है। वार्ड संख्या 11 अमलो कांटा के सामने और वार्ड संख्या 8 मकोली नीचे ढौड़ा में पेवर कार्य का शिलान्यास किया गया। यह कार्य संवेदक मे राजेश कुमार की ओर से किया जाएगा। यह कार्य के अलावा कई वार्ड में भी इस संवेदक को कार्य करना है। सभी कार्य 20 लाख रुपए की लागत से होगा। पंडित सोनू तिवारी ने विधिवत पूजा अर्चना कर नारियल फोड़वा कर शिलान्यास करवाया। इस दौरान नप अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि हमने जो जनता से वादे किए थे उसपर खरा उतरने का कार्य कर रहा हूं। उसी के तहत आज दो स्थानों पर पेवर ब्लॉक कार्य का शिलान्यास और एक स्थान पर सामूदायिक शेड का उद्घाटन किया गया है। कहा कि मंत्री जगरनाथ महतो और बोकारो डीसी की ओर से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का गुरुवार को ऑनलाइन उद्घाटन किया जाएगा। प्लांट में पानी की सफाई किया जा रहा है। हर घर जल योजना का जो जनता उम्मीद लगा रखी थी उसे पूरा कर दिया गया है। कहा कि जिन लोगों को इस योजना का लाभ उठाना है वो आवेदन दे सकते हैं। उन्हें पानी उपलब्ध कराया जाएगा। कहा कि अभी दो तरह से पानी का सप्लाई किया जाएगा। जहा टंकी में पानी नहीं जा पाएगा वहा वाटर का ट्रीटमेंट कर डायरेक्ट पानी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइन के पार पाइप ले जाने के लिए 45 लाख रुपए चार्ज रेलवे को दिया जा चुका है। बहुत जल्द रेलवे लाइन के नीचे से अंडरपास पाइप पार कर दिया जाएगा। अभी हिंदुस्तान पूल से घुठियांटांड तक पानी का सप्लाई चालू कर दिया जाएगा।

इस मौके पर पार्षद राजेश कुमार सिंह उर्फ राजू सिंह, पार्षद ज्योति देवी, पार्षद आजाद नोनिया, पूर्व मुखिया ललन सिंह, मानिक दीगार, सुनील कुमार उर्फ कैरी सिंह, आनंद कुमार, विशाल कुमार, रविंद्र सिंह, पूर्व वार्ड सदस्य सैय्यद मजहर हुसैन, दीपक सिंह, संजय कुमार, सूरज कुमार, संतोष कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



पेवर ब्लॉक का शिलान्यास करते नप अध्यक्ष राकेश सिंह व अन्य।

## मौका मिला तो कटमनी कर दूंगा समाप्त : विजय

**कतरास वार्ड नंबर 1 में मेयर प्रत्याशी विजय कुमार झा ने किया चुनावी शंखनाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** मेयर प्रत्याशी विजय कुमार झा ने बुधवार को कतरास तिलाटांड कॉलोनी में चुनाव प्रचार का शंखनाद किया। बियाड़ा के पूर्व अध्यक्ष रहे विजय झा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए भ्रष्टाचार समाप्त करना बेहद जरूरी। मौका मिला तो कट मनी समाप्त कर दूंगा। उन्होंने कहा कि धनबाद में आइएसएम, बीआइटी, सिंफर और बीसीसीएल जैसी संस्थाएं हैं ऐसे में मेयर कैसा हो यह तो मतदाता को ही तय करना है। 50 वर्षों के सामाजिक जीवन में अगर मैंने किसी से किसी कार्य के एवज में पैसा लिया है तो मुझे वोट मत देना। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि जिन लोगों के साथ संघर्षशील जीवन रहा है वैसे लोगों के आग्रह पर ही चुनाव लड़ रहा हूं। चुनाव जीता तो कट मनी का इतिहास बदल देंगे। मैं बियाड़ा का चेयरमैन भी रहा हूं। लोगों ने मेरे काम को देखा है। मेरे खिलाफ आज तक भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है। उन्होंने कहा धनबाद सबसे अधिक राजस्व देने वाला शहर है फिर इसकी दशा और दिसा क्यों नहीं सुधर सकती है। नगर निगम को सुंदर बनाने की सोच वाले व्यक्ति की कमी है। इस मौके पर नंदकिशोर सिंह, नकुल राम, अधिवक्ता सोमनाथ चटर्जी, एनुल हक, प्रदीप पांडे, संत कुमार चौहान, राजेंद्र प्रसाद राजा, रविंद्र तिवारी, अनुज कुमार सिन्हा, मुन्ना सिद्दीकी, एमपी राय, शंकर चौहान, चुन्नायादव, विनय सिंह, कृष्ण मोहन राय,अशोक मिश्रा, परवेज इकबाल, दीपक कुमार केसरी, पप्पू सिंह, उमाकांत तिवारी, रविंद्र पांडे गणेश प्रसाद झा,अरविंद सिन्हा और गौतम मंडल आदि उपस्थित थे।




## मैनेजर प्रकाश सिंह हत्याकांड में अपराधी अब भी पुलिस पकड़ से दूर

**झरिया (आजाद सिपाही)।** झारिया थाना अंतर्गत भागा दो संतोषी नगर मोहल्ला निवासी महेंद्रा फाइनेंस कंपनी के मैनेजर प्रकाश सिंह की 17 अक्टूबर को गोली मार कर हत्या कर दी गई थी, जिसके अब तक पुलिस पकड़ से दूर है। इससे मृतक के पिता वीरेंद्र सिंह हताश हैं। बुधवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि बेटे की हत्या में शआमिल सतेंद्र सिंह, सुभाष सिंह मोहित सिंह उर्फ कालीचरण, अमित कुमार सिंह, निक्की सिंह अब तक पुलिस पकड़ नहीं पाई। जबकि वे लोग आए दिन सोशल मीडिया पर बातें करते हैं।

## सिद्धार्थ गौतम ने महाप्रबंधक से की 11 सूत्री मांगों पर वार्ता

**बस्ताकोला (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय में बुधवार को जमस कुंती गुट के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने बस्ताकोला महाप्रबंधक सोमेन चटर्जी से 11 सूत्री मांग पर वार्ता किया। कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन के अधिकारियों की लापरवाही से कई मजदूरों की पदोन्नति रुकी हुई है। संडे ड्यूटी में अनियमितता चरम पर है। अधिकारी कर्मियों के साथ जारी मनमानी पर तत्काल रोक लगाए अन्यथा संघ उग्र आंदोलन करेगा। वहीं वार्ता में कोलियरी एवं परियोजना में लचर चिकित्सा व्यवस्था में सुधार के लिए समर्थकों ने जीएम के समक्ष आक्रोश व्यक्त किया। कहा कि कोलियरी चिकित्सालय में डॉक्टर अनुपस्थित रहते हैं। एंबुलेंस दूसरे कार्यो के लिए इस्तेमाल होता है। इस पर जीम ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। मौके पर रूद्र प्रताप सिंह, रंजीत सिंह आदि थे।

## बिरहोर के गांव में 20 दिनों से बिजली गुल

# व्यथा सुनने पहुंचे पूर्व मंत्री, कहा पूरे सिस्टम में लग चुका है जंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** प्रखंड केअति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र बडकी सिधावारा पंचायत के बिरहोरटंडा गांव में पिछले 20 दिनों से बिजली गुल है। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसकी सूचना पर ग्रामीणों से मिलने और उनकी व्यथा सुनने मंगलवार को राज्य के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह बिरहोरटंडा गांव पहुंचे थे। उन्होंने लोगों के बीच मिठाई और बिस्कुट भी बांटा। इस दौरान चतरोचट्टी सिधावारा के बिरहोर परिवार के लोगों ने पूर्व मंत्री से कहा कि पूरे गांव में पिछले 20 दिनों से बिजली नहीं है। बार-बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद बिजली आपूर्ति शुरू नहीं की गई है। ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। वहीं, जनवितरण प्रणाली द्वारा संचालित दुकानदारों पर भी कम अनाज देने की बात कही। कहा कि 35 किलो अनाज नहीं मिलता है। वहीं, कुछ लोगों द्वारा हमारी जमीन भी कब्जा कर ली गई है। जिससे खेती तक नहीं कर पा रहे हैं। बिरहोरो ने कहा कि गांव के कई बड़े बुजुर्गो और जरूरतों को पेंशन स्कीम भी नहीं हो पाया है, इस पर पूर्व मंत्री ने कहा कि ग्रामीणों से कहा कि बिरहोर परिवार के कल्याण और उत्थान के लिए सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई है, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही की वजह से जरूरतमंद व्यक्ति को लाभ नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों से बात कर जांच टीम भेजूंगा और जल्द समस्या का समाधान करवाने की कोशिश करूंगा। इसी दौरान छोटकी सिधावर में बीते दिनों सड़क दुर्घटना में मारे गए लोगों के आश्रितों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और फल राशन व साड़ी धोती दिया। मौके पर महादेव महतो, सरजू राम, नरेश यादव, अनिल कुमार महतो और बबलू यादव मौजूद थे।



बिरहोर लोगों से बातें कर उनकी समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बीएसएल के एसएमएस-न्यू ने बनाया नया कीर्तिमान



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के एसएमएस-न्यू की टीम ने आधुनिकीकरण के बाद पहली बार 32 हीट बनाकर और 31 हीट कास्टिंग कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 16 नवंबर को बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश ने अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ एसएमएस-न्यू जाकर टीम एसएमएस-न्यू को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने एसएमएस-न्यू के अधिकारियों एवं कर्मियों को आने वाले समय में भी बेहतर प्रदर्शन के इस सिलसिले को जारी रखने के लिए उत्साहित किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक(संकार्य) बीके तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-न्यू) अरविंद कुमार सहित एसएमएस-न्यू के अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि आधुनिकीकृत एसएमएस-न्यू के कास्टर से 28 जनवरी 2021 को प्रथम स्लैब की कास्टिंग की गई थी। अपनी कमीशनिंग के बाद यह इकाई लगातार उत्कृष्टता के नए बेंचमार्क स्थापित कर रहा है। एसएमएस-न्यू की टीम ने भी निदेशक प्रभारी और वरिष्ठ अधिकारियों से बेहतरी के इस क्रम को जारी रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

### बोकारो स्टील प्लांट और सीएसआइआर एनएमएल के बीच समझौता ज्ञापन पर किया गया हस्ताक्षर



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेल-बोकारो स्टील प्लांट और सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) के बीच एक सोमवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। इस पर सेल-बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी और सीएसआईआर-एनएमएल के प्रमुख (अनुसंधान योजना और व्यवसाय विकास) डॉ एसके पाल ने हस्ताक्षर किए। मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता ने विटनेस के तौर पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (ईएमडी) पीके बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (सीए एंड सी) बिपिन सरतापे, सीनियर साइंटिस्ट, एमएनपी डिवीजन, सीएसआईआर-एनएमएल डॉ गणेश चलवाडी, वैज्ञानिक, एएमपी डिवीजन, सीएसआईआर-एनएमएल डॉ सुमन तिवारी, सीनियर साइंटिस्ट, एमटीई डिवीजन, सीएसआईआर-एनएमएल बिराज कुमार साहू, सौरभ सिंह, सहायक महाप्रबंधक (ईएमडी) आदि उपस्थित थे। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य सीएसआईआर-एनएमएल जमशेदपुर और सेल-बीएसएल के बीच नवाचार, मौलिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास से संबंधित संयुक्त अनुसंधान और विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाना है। जिससे नए उत्पाद विकास, उत्पादों और कच्चे माल की गुणवत्ता में सुधार हो सके और विशिष्ट ऊर्जा खपत और कार्बन फुटप्रिंट में कमी लाया जा सके। इस अवसर पर बीके तिवारी ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान और विकास परियोजना में सहयोग करेगा। जिसमें प्रोडक्ट और कच्चे माल की गुणवत्ता में सुधार और प्लांट में कार्बन फुटप्रिंट को कम करना आदि शामिल है। उन्होंने विश्वास जताया कि बीएसएल का इस क्षेत्र में अनुभव और सीएसआइआर-एनएमएल के वैज्ञानिकों की तकनीकी ज्ञान का लाभ इस एमओयू के माध्यम से वर्तमान चुनौतियों के लिए इनोवेटिव समाधान निकालने की दिशा में मदद करेगा।


कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला।
अत्यावश्यक सूचना

एतद् द्वारा जिले के प्रारंभिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/शिक्षकों को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त, गुमला की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक दिनांक 29.08.2022 में दिये गये निदेशानुसार प्रारंभिक विद्यालयों का जोन निर्धारण कर सूची अन्तिम रूप से जिले के अधिकारिक वेबसाईट https://gumla.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। उक्त सूची के संबंध में किन्हीं को कोई दावा/आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशन के तीन दिनों के भीतर अपना दावा/आपत्ति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को समर्पित कर सकते हैं।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
गुमला।

PR 282438 Jharkhand Education Project Council(22-23)D



कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्

! आम सूचना !!
(प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी))

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक "तिलैया किफायती आवास परियोजना के तहत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तिलैया बस्ती में निर्माण किये गये G+3, तिलैया किफायती आवास परियोजना में 07 रिक्त आवासों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किये जाने हेतु जिला समाहरणालय सभागार कक्ष में दिनांक 18.11.2022 दिन शुक्रवार को समय 12:00 बजे मध्यान से निर्धारित किया गया है।

अतः वैसे लाभर्थी जिनके द्वारा तिलैया किफायती आवास परियोजना में आवासों के आवंटन हेतु सुरक्षा जमा राशि 5000/– की राशि केनरा बैंक, झुमरी तिलैया शाखा में जमा किया गया है. उनसे अनुरोध है कि दिनांक 18.11.2022 दिन शुक्रवार को जिला समाहरणालय सभागार कक्ष में उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्

PR 282425 Urban Development(22-23)#D



समाहरणालय सिमडेगा
(स्थापना शाखा)

प्रेस विज्ञप्ति
संविदा पर नीलाम पत्र पदाधिकारी की नियुक्ति हेतु आवेदन

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक 10/लोक मांग वसूली (PDR)- 30/2019–2150/रा0, दिनांक 26.08.2020 द्वारा जिलों में नीलाम पत्र वादों के अधिक संख्या में लंबित रहने एवं पदाधिकारियों की कमी के कारण यह निर्णय लिया गया है कि केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार के सेवानिवृत्त पदाधिकारियों को संविदा पर नीलाम पत्र पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति किया जाना अपेक्षित है।

यह नियुक्ति संबंधित जिला के उपायुक्त द्वारा अपने प्रमंडलीय आयुक्त की स्वीकृति से प्रथम बार एक वर्श के लिए की जायेगी। प्रेस विज्ञप्ति के समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, सिमडेगा के पद पर नियुक्ति हेतु उपायुक्त, सिमडेगा को आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28.11.2022के अपराह्न 01:00 बजे तक कार्यालय दिवस में जिला स्थापना शाखा, सिमडेगा में हाथों–हाथ अथवा निबंधित डाक से जमा कराया जा सकता है। सेवाशर्त तथा आवेदन–पत्र की विहित प्रपत्र संलग्न है। लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम अंकित करना होगा। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

नियुक्ति संबंधी जानकारी एवं आवेदन प्रारूप वेबसाईट www.simdega.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

उपायुक्त,
सिमडेगा

PR 282437 District(22-23).D

# सोआ कानून के छात्र ओजेएस परीक्षा में टॉपर, सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सोआ विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मनोजरंजन नाइक ने बुधवार को सोआ की छात्रि आद्याशा मिश्र को सम्मानित किया, जिन्होंने इस साल ओडिशा न्यायिक सेवा में टॉप किया है। इस साल ओजेएस में टॉपर आद्याशा एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) द्वारा संचालित सोआ नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ की छात्रा हैं। इसी तरह परीक्षा में नौवां स्थान हासिल करने वाले सीतेश महांती भी एसएनआईएल के छात्र हैं। प्रो नायक ने दोनों छात्रौ को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एसएनआइएल के कुल 4 छात्र इस साल ओजेएस परीक्षा में सफल हुए हैं। आद्यशा और सितेश के अलावा, अन्य दो छात्र समीक्षा और इप्सिता भोई थे। समीक्षा ने 15वां जबकि इप्सिता ने 17वां स्थान हासिल किया है।

प्रो नायक ने कहा कि सोआ द्वारा प्रबंधित एसएनआईएल ने इस वर्ष एनआइआरएफ रैंकिंग में नौवां स्थान हासिल किया है, यह गर्व की बात है कि इस संस्थान का एक छात्र ओजेएस में टॉपर बन गया है और तीन अन्य छात्रों ने सफलता हासिल की है। इसके लिए उन्होंने एसएनआइएल के डीन प्रोफेसर एसएके आजाद इसका श्रेय व अन्य अध्यापक व फैकल्टी सदस्यों ने दिया है। उन्होंने खुशी जाहिर की और इसका श्रेय विश्वविद्यालय को दिया। उन्होंने परीक्षा की तैयारी में सहयोग के लिए एसएनआइएल के डीन प्रोफेसर आजाद और अन्य वरिष्ठ अध्यापक और संकाय सदस्यों को भी धन्यवाद दिया। इसी तरह नौवें स्थान पर रहे सीतेश ने कहा कि एसएनआईएल के डीन ने उन्हें ओजेएस परीक्षा की तैयारी में काफी मदद की है।

आद्याशा और सीतेश दोनों ने कहा कि वे सोआ के संस्थापक अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किये जाने से बहुत खुश हैं। इस अवसर पर एसएनआइएल के डीन प्रो आजाद, सीनियर प्रो प्रबीर कुमार पटनायक, सीनियर प्रो मधुसूदन दास, एसोसिएट प्रो चिन्मय कुमार महापात्र और डीन ऑफ स्टूडेंट्स प्रो ज्योत रंजन दास मौजूद थे।

# एमसीएल जागृति महिला मंडल का कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र खुला



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** बुधवार को जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह ने दो उपाध्यक्षाओं सरिता पटेल और रश्मि बेहुरा की उपस्थिति में आनंद विहार स्थित जागृति महिला मंडल कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। स्वावलंबन परियोजना के तहत जागृति महिला मंडल, एमसीएल द्वारा संचालित उक्त कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र विशेष रूप से महिलाओं और लड़कियों के लिए खोला गया है, जिससे उन्हें अपने जीवन में आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल सकेगा। आनेवाले दिनों में महिला मंडल इसप्रकार कई कोर्सज चलाने की योजना बनायी है, जिससे समाज में महिलाओं के उत्थान में कारगार साबित होगा। इस उद्घाटन समारोह में मंडल की सदस्याओं तथा प्रशिक्षणार्थियों आदि उपस्थित थे ।

# 2023 तक पद्मपुर को जिला का दर्जा मिलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पद्मपुर को 2023 तक जिला का दर्जा मिल जायेगा। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने जिला क्रियानुष्ठान कमिटी को अगले साल दिसंबर तक पद्मपुर अनुमंडल को जिला का दर्जा देने का वादा किया है। यह खबर बुधवार को मुख्यमंत्री के साथ एक्शन कमेटी की बैठक के बाद आयी है। मुख्यमंत्री के बैठक के बाद एक्शन कमेटी के आवाहक ने इसकी जानकारी दी। अभी इसकी घोषणा नहीं की जा सकती, क्योंकि पद्मपुर में उप चुनाव है और इलाके में आचार संहिता (आचरणविधि) लागू है। हालांकि, बरगढ़ जिले के अनुमंडल पद्मपुर में एक अलग जिले की मांग को लेकर आंदोलन जोर पकड़ रहा था, जिस पर पद्मपुर के तमाम संगठनों ने अपना समर्थन जताया। इसको लेकर पद्मपुर उपजिलापाल कार्यालय के सामने भी विभिन्न संस्थाओं द्वारा शांतिपूर्ण धरणा जारी हैं। पद्मपुर उपचुनाव के लिए जहां राजनीतिक माहौल सर गरम पर है, वहीं तीन दलों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सत्तारूढ़ दल बीजेडी ने दिवंगत विधायक विजय सिंह बरिहा की बेटी वर्षा बरिहा को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह बीजेपी से प्रदीप पुरोहित और कांग्रेस से सत्यभूषण साहू को उम्मीदवार बनाया गया है। चुनाव 5 दिसंबर को होंगे।

# एनटीपीसी चट्टी बरियातू खदान से कोयला प्रेषण शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर एनटीपीसी की चट्टी-बरियातू खदान ने अपना पहला कोयला एनटीपीसी के उत्तरी कर्णपुरा थर्मल पावर प्लांट को भेजा। इस उपलब्धि को चिह्नित करने के लिए चंदन कुमार मंडल, निदेशक (वाणिज्यिक) और खान के नामित मालिक और पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) ने उत्तरी कर्णपुरा संयंत्र के लिए कोयले से लदे ट्रक को झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर, बीएम सिंह, परियोजना प्रमुख, चट्टी बरियातू सीएमपी, तजिंदर गुप्ता, प्रोजेक्ट हेड, उत्तरी करनपुरा, फैज तैय्यब, परियोजना प्रमुख, केरंदारी सीएमपी, टीके कोनार, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं), चट्टी-बरियातू के कोयला खनन मुख्यालय के कर्मचारी और चट्टी बरियातू खान के खदान विकासकर्ता-सह-संचालक मेसर्स रित्विक-एएमआर कंसोर्टियम के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

श्री मंडल ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए पूरी कोयला खनन टीम को बधाई दी।

चट्टी-बरियातू 27.04.2022 को परिचालन शुरू होने के साथ एनटीपीसी की चौथी परिचालन खदान बन गया। त्वरित विकास का उदाहरण पेश करते हुए कोयले का उत्पादन सितंबर'22 में शुरू हुआ और अब नवंबर'22 में कोयला प्रेषण शुरू हो गया है।

श्री मजूमदार ने टीम के प्रयास की सराहना की और उनके निरंतर मार्गदर्शन के लिए राज्य और जिला अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री सिंह ने कहा कि वे अपनी टीम के साथ उत्तर कर्णपुरा को कोयले की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। चार वर्षों की समयावधि के भीतर सात एमटीपीए की सर्वोच्च रेटेड क्षमता हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे। एनटीपीसी कोयला खनन व्यवसाय ने अपने कैप में एक नया पंख जोड़ा है और एनटीपीसी के बिजली संयंत्रों को उच्च गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति करना जारी रखेगा।

# खाद्य पदार्थों की तालिका और मूल्यांकन करेगा आइआरसीटीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** ट्रेनों में खानपान सेवाओं में सुधार की पहल के रूप में आइआरसीटीसी को क्षेत्रीय व्यंजनों/खाना पकाने की प्रणालियों, मौसमी के दौरान स्वादिष्ट व्यंजनों, त्योहारों के दौरान आवश्यकता, विभिन्न समूहों की प्राथमिकताओं के अनुसार खाद्य पदार्थों को शामिल करने और रेट करने के लिए लचीलापन प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। यात्रियों के लिए स्वास्थ्य भोजन विकल्प जैसे मधुमेह भोजन, शिशु आहार, बाजरा आधारित स्थानीय उत्पाद आदि शामिल किए जा सकते हैं। रेल मंत्रालय ने कुछ शर्तों पर इसे मंजूरी दी है ताकि स्थानीय और मौसमी के दौरान स्वादिष्ट व्यंजनों और कुछ श्रेणियों के लोगों के लिए भोजन को प्राथमिकता देते हुए भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता को बनाये रखा जा सके। प्रीपेड ट्रेनों के लिए, जिसमें यात्री किराए में खानपान शुल्क शामिल है। मेन्यू का निर्णय आइआरसीटीसी द्वारा पहले से अधिसूचित टैरिफ के भीतर किया जायेगा। इसके अलावा इन प्रीपेड ट्रेनों में एमआरपी पर आ-ला-कार्टे भोजन और ब्रांडेड खाद्य पदार्थों की बिक्री की भी अनुमति होगी। ऐसे आ-ला-कार्टे भोजन का मेनू और शुल्क आइआरसीटीसी द्वारा तय किया जायेगा। अन्य मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए, मेनू बजट सेगमेंट आइटम जैसे मानक भोजन आइआरसीटीसी द्वारा पहले से अधिसूचित निश्चित टैरिफ के भीतर तय किया जायेगा। जनता भोजन का मेनू और शुल्क अपरिवर्तित रहेगा।

मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में एमआरपी पर आ-ला-कार्टे भोजन और ब्रांडेड खाद्य पदार्थों की बिक्री की अनुमति होगी। ऐसे आ-ला-कार्टे भोजन का मेनू और टैरिफ भी आइआरसीटीसी द्वारा तय किया जायेगा। मेन्यू तय करते समय, आइआरसीटीसी यह सुनिश्चित करेगा कि भोजन और सेवा की गुणवत्ता और मानकों में उन्नयन बनाये रखा जाता है और यात्रियों की शिकायतों से बचने के लिए मात्रा और गुणवत्ता में कमी, घटिया ब्रांडों के उपयोग आदि जैसे बार-बार और अनुचित परिवर्तनों से बचने के लिए सुरक्षा उपाय बनाये जाते हैं। इसी तरह मेन्यू टैरिफ के अनुरूप होना चाहिए और मेन्यू यात्रियों की जानकारी के लिए पूर्व-अधिसूचित किया जाता है और शुरू करने से पहले रेलवे को सूचित किया जाता है।

A DB Connect Marketing Initiative

# शारदा ग्लोबल स्कूल में विन्टर कार्निवल की धूम



संजय शारदा (चेयरमैन)

प्रत्येक बच्चा अपूर्व एवं अद्वितीय होता है। वह इस संसार को सुन्दर से सुन्दरतम् एवं अद्भुत बनाने के लिए अपना उत्कृष्ट एवं सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन करता है। हम सभी शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों की शैक्षणिक क्षमता के साथ-साथ उनकी क्रियात्मक एवं रचनात्मक उपलब्धियों को तरासते है ताकि वे इस प्रतिस्पर्धात्मक संसार में अग्रणी रहें।

हम 14 नवंबर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू की याद में प्रतिवर्ष 'बाल दिवस' मनाते है क्योंकि उनका यह विष्वास था कि बच्चे भारत का भविष्य हैं और आगे आने वाली पीढ़ियों को नेतृत्व प्रदान करने वाले है।



दीपक बंका (डायरेक्टर)

बच्चे एक सशक्त देश के निर्माता होते हैं। यह बाल दिवस बच्चों के प्रति किए गए संकल्पों जैसे उत्तम स्वास्थय, उचित देखभाल एवं शिक्षा के प्रति उचित मार्गदर्शन की याद दिलाता है। चाचा नेहरू बच्चों के आदर्श हैं क्योंकि चाचा नेहरू का स्नेह एवं प्यार बच्चों को स्नेहासिक्त करता रहा है। इस बाल दिवस पर शारदा ग्लोबल स्कूल ने छात्रों के मनोरंजन की वो सामग्रियां 'कार्निवल' के रूप में शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित की जहां उन्होंने भिन्न-भिन्न प्रकार के गेम्स प्रदर्शनियों का आनन्द उठाकर इस बाल दिवस को यादगार बनाया।



डा. (श्रीमती) रंजना स्वरूप (डायरेक्टर एकेडेमिक्स)

शिक्षा एक सतत् चलने वाली प्रक्रिया है परन्तु शिक्षा की निरन्तरता को कोविड 19 ने छिन्न-भिन्न कर दिया जिससे अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों के समान सबसे अधिक धाराशयी शिक्षा का क्षेत्र हुआ। इस कोविड 19 ने सबसे दुखद प्रभाव डाला छात्रों पर, स्कूलों पर, कॉलेजों एवं महाविद्यालयों पर। लेकिन शारदा ग्लोबल स्कूल ने सकारात्मक एवं दृढ़ संकल्प से छात्रों को नए प्रभात का संदेश दे उनके स्वप्नों को साकार करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया ताकि छात्र-स्कूल एवं छात्र-शिक्षक की दूरी घट इन दोनों के बीच पुनः सही सामन्जस्य स्थापित किया जा सके।



श्रीमती जसमीत कौर (प्राचार्या)

''शिक्षा वह नींव है, जिस पर हम अपने भविष्य का निर्माण करते हैं'' शिक्षा बुद्धि और नैतिक शिक्षा का वह सम्मिश्रण है जो छात्रों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व को तरासती है। व्यक्तित्व विकास के लिए सही मार्गदर्शन, उचित शिक्षा की व्यवस्था एवं सुविधा तथा अनुकुल वातावरण आवश्यक है, क्योंकि शिक्षा का वास्तविक प्रयोजन हीं है। छात्रों के विवेक को जागृत करनाए उसे अपनी कार्य शक्तियों का ज्ञान करा कर उसकी जानकारियों के स्रोत्रों और क्षेत्रों को विकसित करना ताकि वे भविष्य में सुयोग्य नागरिक बनकर राष्ट्र और मानवता का कल्याण कर सके।



अनुज रंजन (डायरेक्टर)


शारदा ग्लोबल स्कूल की परिकल्पना एक ऐसे विद्यालय की स्थापना थी जहाँ छात्रों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हेतु गुणवत्ता-युक्त शिक्षा की सुविधा एवं उचित वातावरण प्राप्त हो सके। आज शिक्षा के प्रति हमारा दृष्टिकोण एवं संकल्प अत्यधिक प्रभावी एवं सफल रहा है क्योंकि हमारे विद्यालय के छात्र शिक्षा, खेलकूद एवं अन्य प्रतिस्पर्धाओं में सफल हो नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं जो एक विद्यालय के गौरव की बात है। साथ हीं विद्यालय की इस सफलता ने न केवल झारखण्ड राज्य बल्कि अन्य राज्यों में भी अपनी पहचान बनाई हैं। विद्यालय ने छात्रों के उत्साहवर्धन एवं उनका मनोबल बढ़ाने के लिए बाल दिवस के अवसर पर 'विन्टर कार्निवल' का आयोजन किया ताकि छात्र नवीन स्फूर्ति एवं प्रेरणा से अध्ययन के प्रति अधिक से अधिक समर्पित हो सकें।

## उपलब्धियां

विद्यालय की एकेडेमिक्स डायरेक्टर डा. (श्रीमती) रंजना स्वरूप, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती जसमीत कौर एवं शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन में छात्रों ने बोर्ड्स की 10वीं एवं 12वीं की परिक्षाओं में न केवल उत्तम परिणाम दिए बल्कि अनेक स्पर्धाओं में जैसे- आई. आई. टी. में विशिष्ट स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

## विद्यालय के मुख्य केन्द्र बिन्दु

- स्वच्छ हरियाली युक्त, सुरक्षित शहर के कोलाहल से दूर शान्तिपूर्ण विशाल कैम्पस
- ऑडियो विजुअल कक्षाएं
- शिक्षण के साथ-साथ क्रियात्मक अभिरूचियों को निखारने पर बल
- प्रशिक्षित एवं कर्मठ शिक्षाविद्
- ट्रांसपोर्ट की सुविधा एवं हॉस्टल की सुविधा
- व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक छात्र की क्षमता पर बल
- स्पोर्टस एवं गेम्स, योगा, डान्स, संगीत एवं अन्य रचनात्मक क्रियाओं पर फोकस
- समय-समय पर अभिभावकों के साथ छात्रों की प्रगति पर चर्चा



## शारदा ग्लोबल स्कूल में मनाया गया विन्टर कार्निवल

बाल दिवस के उपलक्ष्य में शारदा ग्लोबल स्कूल में विन्टर कार्निवल का आयोजन धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्निवल में जहां छात्रों के लिए मनभावन सामग्रियां जैसे ट्वाय ट्रेन, मेल्ट डाउन, जुम्बिंग, बैलुन शूट आदि खेल उपलब्ध तो वहीं अभिभावकों के लिए टैलेन्ट परफॉरमेंस, सेल्फी कॉर्नर, आर्ट कॉर्नर, बुक स्टॉल एवं झारखंड की परम्परागत संस्कृतिए कला एवं प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाती 'हेरिटेज कॉर्नर' जैसे आकर्षण भी मौजूद थे। जादूगर की जादूगरी एवं टैटू बनवाने की होडसी लगी रही। छात्रों एवं अभिभावकों ने कार्निवल का जम कर लुत्फ उठाया और फूड कॉर्नर से स्वादिष्ट पकवानों का भी रसास्वादन किया।

कोविड 19 के बाद उभरे हुए गैप के समन्वय के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम किए गए ताकि छात्रों का विद्यालय एवं षिक्षकों के साथ पुन: वैसा हीं तालमेल बैठ सके जैसा कोविड 19 के पहले था।

कार्यक्रम स्थल पर झारखण्ड हाईकोर्ट के माननीय जज श्री अपरेष कुमार सिंहए श्रीमती वन्दना सिंहए श्री एवं श्रीमती विपुल मुंजालए श्री एवं श्रीमती डा. प्रणय रॉय, डा. मनोज महतो उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त शारदा ग्लोबल स्कूल के मैनेजमेंट ग्रुप शिक्षकगण तथा अभिभावकगण एवं छात्र उपस्थित रहे।











आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातु, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**